

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 300 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 08 अगस्त 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## ब्रिक्स शिक्षा सहयोग को नई दिशा, एआई और कौशल विकास पर सहमति




समाज जागरण

भुवनेश्वर। 13वीं ब्रिक्स शिक्षा मंत्रियों की बैठक में सदस्य देशों ने शिक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए पांच प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर सहमति जताई। बैठक में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता, कौशल विकास, शिक्षा में सुरक्षित एवं मानव-केंद्रित एआई का इस्तेमाल और शैक्षणिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि शिक्षा प्रणालियों को युवाओं को भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करने के साथ मानवीय मूल्यों से भी जोड़ना जरूरी है। उन्होंने पारंपरिक एवं देशज ज्ञान प्रणालियों के संरक्षण और नवाचार को एक-दूसरे का पूरक बताया।

बैठक में योग्यताओं की पारस्परिक मान्यता, संयुक्त शोध, स्टार्टअप सहयोग, संकाय एवं नेतृत्व आदान-प्रदान तथा एसटीईएम छात्रवृत्ति को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। भारत की पहल पर पारंपरिक और देशज ज्ञान प्रणालियों को लेकर सहयोग का स्वागत किया गया।

ब्रिक्स शिक्षा मंत्रियों ने 13वीं ब्रिक्स शिक्षा मंत्रियों की घोषणा को अंगीकार किया। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता का समापन 12-13 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के साथ होगा।

# एफसीआरए पर विदेशी टिप्पणियों को भारत ने किया खारिज

# कहा- विधायी मामलों पर फैसला लेने का अधिकार संसद को

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत ने 'फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन (रेगुलेशन) एक्ट' (एफसीआरए) में प्रस्तावित संशोधनों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की गई टिप्पणियों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि देश से जुड़े विधायी मामले भारत के आंतरिक विषय हैं और इन पर निर्णय लेने का अधिकार संसद को है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नियमित मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि मंत्रालय ने एफसीआरए संशोधन को लेकर की गई टिप्पणियों को देखा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत से जुड़े विधायी मामलों पर फैसला देश की संसद करती है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका समेत दुनिया के कई देश विदेशी धन के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए अपने-अपने नियम और कानूनी ढांचे लागू करते हैं।



### अमेरिकी सांसद ने की थी टिप्पणी

एफसीआरए संशोधन को लेकर हाल ही में अमेरिकी सांसद राइली मूर ने टिप्पणी की थी। केंद्र सरकार संसद के मौजूदा मानसून सत्र में एफसीआरए संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश कर सकती है।

सरकार ने कहा है कि वैश्विक वित्तीय नेटवर्क, डिजिटल लेनदेन और सीमा-पार फंडिंग के विस्तार के साथ वित्तीय पारदर्शिता, विदेशी प्रभाव और लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुरक्षा से जुड़ी नई चुनौतियां सामने आई हैं। ऐसे में विदेशी धन के प्रवाह को नियंत्रित करना कई लोकतांत्रिक देशों में सुशासन का सामान्य हिस्सा बन गया है।

### विदेशी फंडिंग पर एफसीआरए के तीन प्रमुख प्रावधान

**1. कौन ले सकता है विदेशी योगदान**
कानून यह निर्धारित करता है कि कौन व्यक्ति या संस्था विदेशी योगदान स्वीकार कर सकती है और इसके लिए किन शर्तों का पालन जरूरी है।

**2. धन के इस्तेमाल और हिसाब का नियम**
विदेशी योगदान प्राप्त करने, उसके इस्तेमाल, लेखा-जोखा रखने और रिपोर्ट करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

**3. कुछ गतिविधियों पर प्रतिबंध**
भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली कुछ गतिविधियों के लिए विदेशी फंडिंग पर कानूनी प्रतिबंध हैं।

### वैध गतिविधियों पर रोक उद्देश्य नहीं

सरकार के मुताबिक एफसीआरए का उद्देश्य वैध सामाजिक और परोपकारी गतिविधियों को रोकना नहीं है। इसका उद्देश्य ऐसा कानूनी ढांचा उपलब्ध कराना है, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय सहयोग जारी रहे और विदेशी योगदान भारतीय कानूनों के अनुरूप प्राप्त, इस्तेमाल और दर्ज किया जा सके। एफसीआरए भारत में व्यक्तियों, संगठनों, एनजीओ, ट्रस्ट और कंपनियों को विदेश से मिलने वाले धन, प्रतिभूतियों अथवा अन्य विदेशी योगदान के इस्तेमाल से जुड़े नियम निर्धारित करता है। इसका संचालन केंद्रीय गृह मंत्रालय करता है। (इनपुट : आईएएनएस)

**पेज नंबर 4 — विस्तृत खबर**

## भूपेश बघेल को सुप्रीम कोर्ट से झटका, चुनाव याचिका पर रोक से इनकार

नई दिल्ली/रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन विधायक भूपेश बघेल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। अदालत ने 2023 के विधानसभा चुनाव को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि हाइ ̒कोर्ट में चलने वाली सुनवाई के दौरान बघेल अपने सभी कानूनी और अन्य आपत्तियां उठाने के लिए स्वतंत्र हैं।

यह मामला पाटन विधानसभा सीट से 2023 में हुए चुनाव से जुड़ा है। बघेल के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले भाजपा नेता विजय बघेल ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की थी।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि मतदान से 48 घंटे पहले लागू 'साइलेंस पीरियड' के दौरान भूपेश बघेल ने रोड शो किया था, जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 का उल्लंघन है।

# दिल्ली-एनसीआर में मूसलाधार बारिश से हाहाकार

**जलभराव से कई सड़कें डूबीं, जगह-जगह भीषण जाम; नोएडा में अंडरपास में फंसी एंबुलेंस, मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट**

समाज जागरण

नई दिल्ली/नोएडा। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर जनजीवन की रफ्तार थाम दी। लगातार बारिश से जहां लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, वहीं दिल्ली से लेकर नोएडा तक कई इलाकों में जलभराव और भीषण ट्रैफिक जाम ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। निचले इलाकों और प्रमुख सड़कों पर पानी भरने से वाहनों की रफ्तार थम गई। मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### नोएडा में अंडरपास डूबा, पानी में फंसी एंबुलेंस

नोएडा में बारिश का असर कई प्रमुख मार्गों पर दिखाई दिया। सेक्टर-95 अंडरपास में भारी जलभराव हो गया। वहीं महमाया फ्लाईओवर के नीचे जमा गहरे पानी में एक एंबुलेंस फंस गई, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई।



दक्षिण दिल्ली के दुर्गा विहार में भी जलभराव की स्थिति पैदा हो गई, जबकि देवली रोड पर कई जगह पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली की कई सड़कों पर लगा लंबा जाम

बारिश के चलते दिल्ली के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मेहरौली-बदरपुर रोड, आईटीओ, वजीराबाद रोड, पटेल रोड, रोहतक रोड, शंकर रोड, कीर्ति नगर, दिल्ली-जयपुर हाईवे, पीरागढ़ी और शाहीन बाग समेत कई इलाकों में यातायात की रफ्तार धीमी रही।

पूर्वी दिल्ली के जीटी रोड, जीटीबी एन्क्लेव और दिलशाद गार्डन में भी यातायात प्रभावित हुआ। सोशल मीडिया पर लोगों ने दक्षिणपुरी, ओखला, संगम विहार, सैनिक फार्म्स और मेहरौली-बदरपुर रोड के विभिन्न हिस्सों में जलभराव की तस्वीरें और वीडियो साझा किए।

### बारिश से बेहाल दिल्ली-एनसीआर

जलभरावः दिल्ली और नोएडा के कई इलाकों में पानी भरा
नोएडाः सेक्टर-95 अंडरपास में भारी जलभराव
महमायाः फ्लाईओवर के नीचे पानी में फंसी एंबुलेंस
जामः आईटीओ, एमबी रोड, पीरागढ़ी, शाहीन बाग समेत कई मार्ग प्रभावित
अलर्टः भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग का रेड अलर्ट
सलाहः जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें

### आगे भी भारी बारिश की आशंका

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर भारत में एक साथ सक्रिय कई मौसम प्रणालियों के कारण दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश हो रही है। विभाग ने रेड अलर्ट जारी करते हुए आने वाले समय में भी तेज बारिश जारी रहने की संभावना जताई है।

भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव, स्थानीय बाढ़ और यातायात बाधित होने की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। इस दौरान 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलने की संभावना है।

### आईएमडी की लोगों से अपील

मौसम विभाग ने लोगों से भारी बारिश के दौरान यात्रा करते समय विशेष सावधानी बरतने और जलभराव वाले इलाकों से बचने की अपील की है।

# डाबर को दिल्ली हाईकोर्ट से अंतरिम राहत, एफएसएसएआई के आदेश पर रोक

समाज जागरण

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को डाबर इंडिया लिमिटेड को बड़ी राहत देते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के उस आदेश पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी, जिसमें कंपनी के कुछ खाद्य उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था। इन उत्पादों पर "100 प्रतिशत प्राकृतिक", "100 प्रतिशत शुद्ध" और "100 प्रतिशत ऑर्गेनिक" जैसे दावे किए गए थे।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने डाबर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया कंपनी को सुनवाई का अवसर दिए बिना इस तरह का प्रतिबंध आदेश पारित नहीं किया जाना चाहिए था। अदालत ने केंद्र सरकार और एफएसएसएआई से जवाब भी मांगा है।

डाबर ने एफएसएसएआई के आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि कार्रवाई से पहले उसे उचित कारण बताओ नोटिस और सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। वहीं, एफएसएसएआई की ओर से केंद्र सरकार के स्थायी अधिवक्ता आशीष दीक्षित ने कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि कंपनी को सुधार संबंधी नोटिस दिया गया था।




एफएसएसएआई ने डाबर के कुछ उत्पादों पर "100 प्रतिशत" दावों को अस्पष्ट और उपभोक्ताओं को गुमराह करने की संभावना वाला बताते हुए आपत्ति जताई थी। नियामक ने डाबर हिमालयन ऑर्गेनिक एप्पल साइडर विनेगर और डाबर ऑर्गेनिक हनी पर जैविक भारत लोगो के इस्तेमाल को लेकर भी सवाल उठाए थे। मामले की अगली सुनवाई 24 अगस्त को होगी। (इनपुट-आईएएनएस)

# तुर्किये-सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौते से बदला क्षेत्रीय समीकरण

## क्या उभर रहा है नया सुरक्षा गठजोड़? भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी पर भी बढ़ी चर्चा

समाज जागरण

नई दिल्ली। तुर्किये, सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुए नए रक्षा सहयोग समझौते ने पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के बदलते रणनीतिक समीकरणों पर बहस तेज कर दी है। तीनों देशों के बीच बढ़ता सैन्य सहयोग भविष्य में किस रूप में विकसित होगा, इसे लेकर अलग-अलग आकलन सामने आ रहे हैं। कुछ विश्लेषक इसे व्यापक इस्लामिक सुरक्षा गठजोड़ की दिशा में संभावित कदम के तौर पर देख रहे हैं, हालांकि इसे औपचारिक रूप से 'इस्लामिक नाटो' कहना अभी जल्दबाजी होगी।

इस समझौते के बीच भारत और इजरायल के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक और रक्षा साझेदारी भी चर्चा के केंद्र में है। दोनों देशों के बीच रक्षा तकनीक, सुरक्षा और आतंकवाद से मुकाबले सहित कई क्षेत्रों में सहयोग है। ऐसे में पश्चिम एशिया में बन रहे नए समीकरणों का भारत की विदेश और सुरक्षा नीति पर असर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



### तीन देशों का रक्षा सहयोग क्यों अहम?

पाकिस्तान के पास परमाणु क्षमता और बड़ा सैन्य ढांचा है, तुर्किये ड्रोन सहित रक्षा तकनीक के क्षेत्र में तेजी से अपनी क्षमता बढ़ा रहा है, जबकि सऊदी अरब पश्चिम एशिया की प्रमुख आर्थिक और सैन्य शक्तियों में शामिल है। ऐसे में तीनों देशों के बीच रक्षा सहयोग क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकता है।

### भारत के लिए संदेश

बदलते क्षेत्रीय समीकरणों के बीच भारत के लिए इजरायल के साथ रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण है, लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण अरब देशों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखना भी है। भारत की विदेश नीति का प्रमुख आधार अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार विभिन्न देशों के साथ स्वतंत्र और संतुलित संबंध कायम करना रहा है।

ऐसे में पश्चिम एशिया में उभरते किसी भी नए सुरक्षा गठजोड़ को भारत व्यापक क्षेत्रीय रणनीति, ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और रक्षा हितों के नजरिए से देखेगा।

हालांकि, इस समझौते के उद्देश्यों और भविष्य की भूमिका को लेकर अंतिम आकलन अभी जल्दबाजी होगा। तीनों देशों के अपने-अपने रणनीतिक हित हैं और उनके बीच विदेश नीति के कई मुद्दों पर मतभेद भी रहे हैं।

### भारत-इजरायल संबंधों पर क्यों नजर?

भारत और इजरायल के बीच रक्षा सहयोग पिछले वर्षों में लगातार मजबूत हुआ है। सैन्य उपकरणों, मिसाइल तकनीक, ड्रोन, निगरानी प्रणालियों और सुरक्षा सहयोग के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच साझेदारी रही है।

भारत की विदेश नीति में इजरायल के साथ संबंधों के समानांतर अरब देशों के साथ भी मजबूत आर्थिक और रणनीतिक रिश्ते हैं। सऊदी अरब के साथ भारत के व्यापार, ऊर्जा, निवेश और रणनीतिक संबंध महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में नई दिल्ली के सामने चुनौती यह है कि वह बदलते पश्चिम एशियाई समीकरणों के बीच सभी प्रमुख साझेदारों के साथ अपने हितों को संतुलित रखे।

### 'इस्लामिक नाटो' की चर्चा कितनी सही?


तुर्किये, सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा सहयोग को लेकर 'इस्लामिक नाटो' जैसे शब्दों का इस्तेमाल राजनीतिक और रणनीतिक विश्लेषण में किया जा रहा है। लेकिन नाटो जैसी औपचारिक, बहुपक्षीय और सामूहिक रक्षा व्यवस्था के लिए स्पष्ट संस्थागत ढांचा, साझा सैन्य कमान और सामूहिक सुरक्षा प्रतिबद्धताएं जरूरी होती हैं। इसलिए फिलहाल इसे नए रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखना ज्यादा उचित होगा।

## कौन हैं अरिहा पंगमबम? एरोबिक जिम्नास्टिक्स में गोल्ड जीतकर रचा इतिहास

**एशियन चैंपियनशिप में वरिष्ठ व्यक्तिगत महिला वर्ग का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट बनीं**

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारतीय खेल जगत में एक नया इतिहास लिखा गया है। मणिपुर की 22 वर्षीय



जिम्नास्ट अरिहा पंगमबम ने एशियन एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वरिष्ठ व्यक्तिगत महिला वर्ग का स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ अरिहा इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट बन गई हैं।

### 19.100 अंक के साथ हासिल किया पहला स्थान

फाइनल मुकाबले में अरिहा ने अपने शानदार संतुलन, फुर्ती और कलात्मक प्रदर्शन से निर्णायकों को प्रभावित किया। उन्होंने कुल 19.100 अंक हासिल कर पोडियम पर पहला स्थान हासिल किया।

उनके प्रदर्शन को तीन प्रमुख श्रेणियों में अंक मिले। अरिहा ने आर्टिस्ट्री में 8.650, एक्जीक्यूशन में 7.600 और डिफिकल्टी में 2.850 अंक हासिल किए। इन शानदार अंकों के दम पर उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था की धीमी रफ्तार और भारत की चुनौतियां

वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्तमान में एक ऐसे दोराहे पर खड़ी है जहां अनिश्चितता ही एकमात्र निश्चितता प्रतीत होती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जुलाई 2026 में जारी किए गए नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक अपडेट ने वैश्विक विकास और भविष्य की आर्थिक संभावनाओं पर एक गंभीर विमर्श को जन्म दिया है। वर्ष 2026 के लिए वैश्विक विकास दर के अनुमान को घटाकर केवल तीन प्रतिशत तक किया जाना कोई सामान्य या छोटी घटना नहीं है। यह आंकड़ा इसी साल अप्रैल में जारी किए गए तीन दशमलव एक प्रतिशत के अनुमान से कम है। यद्यपि संस्था को वर्ष 2027 में विकास दर के तीन दशमलव चार प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, लेकिन यह सुधार भी महामारी से पहले के वर्षों या 2024 और 2025 के औसत से काफी नीचे रहने वाला है। यह गिरावट किसी अचानक आई भयानक मंदी का संकेत तो नहीं देती, लेकिन इस बात की स्पष्ट चेतावनी अवश्य है कि विश्व अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित वृद्धि क्षमता लगातार कमजोर हो रही है। इस परिदृश्य को और भी अधिक चिंताजनक बनाने का काम विश्व बैंक का आकलन करता है।

विश्व बैंक का अनुमान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से भी अधिक निराशावादी है। विश्व बैंक ने 2026 के लिए वैश्विक वृद्धि दर मात्र दो दशमलव पांच प्रतिशत रहने की आशंका जताई है। इन दोनों प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के अनुमानों में यह अंतर इस बात को दशाता है कि वैश्विक स्तर पर वर्तमान आर्थिक जोखिमों का प्रभाव अत्यंत गहरा और दीर्घकालिक होने वाला है, जो विकासशील और विकसित देशों की संरचनात्मक जड़ों को हिला रहा है। इस आर्थिक सुस्ती और विकास दर में गिरावट के पीछे कई जटिल और बहुआयामी कारण छिपे हैं। इनमें सबसे प्रमुख कारण मध्य पूर्व में जारी गहराता भू राजनीतिक संघर्ष और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न हो रहा भारी ऊर्जा संकट है।

दुनिया के इस संवेदनशील हिस्से में तनाव लगातार बढ़ रहा है। इसका सीधा असर तेल की वैश्विक आपूर्ति, समुद्री परिवहन और माल ढुलाई के बीमा की भारी लागत पर पड़ रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण और संकरे समुद्री व्यापारिक मार्गों पर यदि कोई भी बड़ा व्यवधान उत्पन्न होता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो सकती है। कच्चे तेल के महंगा होने का सीधा अर्थ यह है कि पूरी दुनिया में उत्पादन, विनिर्माण और परिवहन की लागत तेजी से बढ़ जाएगी। जो देश अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर हैं, उनके लिए यह स्थिति और भी भयावह होगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस गंभीर खतरे को भांपते हुए 2026 के लिए वैश्विक महंगाई दर का अनुमान बढ़ाकर चार दशमलव सात प्रतिशत कर दिया है, जो पिछले अनुमानों से कहीं अधिक है। महंगाई का यह भारी दबाव दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों को अपनी ब्याज दरों में कटौती करने से रोकेगा, जिससे बाजार में तरलता घटेगी और औद्योगिक विकास की गति और भी धीमी हो जाएगी।

आर्थिक विकास को बाधित करने वाला दूसरा सबसे बड़ा और खतरनाक कारक वैश्विक व्यापार का विखंडन है। पिछले कुछ दशकों में दुनिया ने जिस निर्बाध वैश्वीकरण और खुले व्यापार को देखा था, वह अब बहुत तेजी से पीछे छूटता जा रहा है। अमेरिका और चीन जैसी बड़ी आर्थिक शक्तियों के बीच चल रहा तनाव अब केवल कूटनीतिक बयानों तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि यह नए शुल्कों, कठोर व्यापारिक प्रतिबंधों और अलग-अलग व्यापारिक गुटों के निर्माण के रूप में सामने आ रहा है। इस खींचतान के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला न केवल बहुत महंगी हो गई है बल्कि उसकी प्रभावशीलता और गति भी काफी घट गई है। अब बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने नए कारखाने लगाने या पूंजी निवेश करने के लिए केवल उन देशों को नहीं चुन रही हैं जहां श्रम या उत्पादन लागत सबसे कम है। इसके बजाय वे अब उन देशों को प्राथमिकता दे रही हैं जो राजनीतिक रूप से उनके लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं और जहां उनके देशों के मित्रवत संबंध हैं। निवेश की इस नई और सतर्क रणनीति के कारण दुनिया भर में माल बनाने की कुल लागत में भारी वृद्धि हो रही है। जब लागत बढ़ेगी तो स्वाभाविक रूप से इसका असर वैश्विक व्यापार की कुल गति पर पड़ेगा, जो अंततः पूरी दुनिया की आर्थिक वृद्धि को नीचे की ओर खींचेगा।

इन पारंपरिक भू राजनीतिक और व्यापारिक जोखिमों के अलावा, एक नया और बेहद आधुनिक जोखिम कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के बाजार से उभर कर सामने आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका और कुछ अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तकनीक को लेकर अभूतपूर्व और अकल्पनीय उत्साह देखा गया है। इस तकनीक के विकास में दुनिया भर से अरबों डॉलर का अंधाधुंध निवेश किया गया है, जिसने अमेरिकी शेयर बाजार और वहां की आर्थिक वृद्धि को एक बहुत बड़ा सहारा दिया है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस अति उत्साह के प्रति बहुत गंभीरता से आगाह किया है।

चिंता का मुख्य विषय यह है कि यदि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी कंपनियों के शेयरों का मूल्य और उनकी संपत्तियों का मूल्यांकन उनकी वास्तविक आय की तुलना में बहुत अधिक हो गया है, तो यह एक बड़े आर्थिक बुलबुले का रूप ले सकता है। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि यह नई तकनीक स्वयं किसी संकट का मूल कारण है। असली खतरा निवेशकों की उन अत्यधिक आशावादी उम्मीदों के टूटने में छिपा है। यदि निवेशकों को उनके भारी भरकम निवेश पर मनमुताबिक वित्तीय रिटर्न नहीं मिला, तो शेयर बाजार में भारी बिकवाली शुरू हो सकती है। ऐसी किसी भी तकनीकी गिरावट का असर केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह पूरी दुनिया के शेयर बाजारों और निवेश की धारणा को बुरी तरह से झकझोर कर रख देगा, जिससे पूंजी का प्रवाह रुक सकता है।

इन तमाम वैश्विक उथल पुथल का भारत जैसी तेजी से उभरती और विशाल अर्थव्यवस्था पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ना तय है। एक ओर जहां भारत के लिए कई गंभीर चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ नए और बड़े अवसर भी जन्म ले रहे हैं। चुनौतियों की बात करें तो सबसे बड़ा संकट भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ा है। भारत अपनी जरूरत का एक बहुत बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदता है। यदि मध्य पूर्व के संघर्ष के कारण तेल की कीमतें उछाल मारती हैं, तो भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ जाएगा। इससे देश का व्यापार घाटा बढ़ेगा और भारतीय रुपये पर भारी दबाव आएगा। रुपये के कमजोर होने से घरेलू बाजार में ईंधन की कीमतें बढ़ेंगी, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब और खाद्य पदार्थों की महंगाई पर पड़ेगा। महंगाई बढ़ने की स्थिति में भारतीय रिजर्व बैंक के लिए ब्याज दरों को कम करना लगभग असंभव हो जाएगा। महंगी ब्याज दरें देश के भीतर नए उद्योगों की स्थापना को रोकेंगी। इसके अतिरिक्त वैश्विक मांग कमजोर होने से भारत के निर्यात क्षेत्र को भी करारा झटका लगेगा। कपड़ा उद्योग, इंजीनियरिंग सामान और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं की विदेशी मांग घट सकती है।

हालांकि इस निराशाजनक वैश्विक परिदृश्य में भारत के लिए कुछ सुनहरे अवसर भी स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। दुनिया के दो बड़े गुटों में बंटने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आ रहे बदलावों का भारत बहुत समझदारी से लाभ उठा सकता है। पश्चिमी देशों की कई कंपनियां अब चीन पर अपनी निर्भरता कम करने की नीति अपना रही हैं। भारत अपने विशाल घरेलू बाजार और युवा कार्यबल के दम पर इन कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित कर सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और फार्मास्यूटिकल्स के क्षेत्र में भारत एक बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनकर उभर सकता है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़े वैश्विक अर्थव्यवस्था के दोहरे दबाव का स्पष्ट प्रमाण हैं। इन परिस्थितियों में भारत को अत्यंत सतर्क और रणनीतिक कदम उठाने की आवश्यकता है। ऊर्जा के क्षेत्र में वैकल्पिक स्त्रोतों का विकास, निर्यात बाजारों का विस्तार और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना आज समय की सबसे बड़ी मांग है। भारत को इस कठिन वैश्विक मौसम में अपने आर्थिक जहाज को सुरक्षित निकालने के लिए अपनी आंतरिक आर्थिक बुनियाद को फौलाद की तरह मजबूत करना होगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# मुख्यमंत्री योगी और अखिलेश की सियासी कसमकस


संजय सक्सेना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग जीवन भर बच्चे ही बने रहते हैं। बबुआ भी यही करते थे। वो दोपहर 12 बजे सो कर उठते थे। दो बजे तैयार होते थे। पांच बजते-बजते उनके जिम जाने का समय हो जाता था और शाम 7 बजे महफिल सज जाती थी। देश-प्रदेश के बारे में सोचने के लिए उनके पास समय ही कहां होता था। प्रदेश की कानून-व्यवस्था का हाल तो ये था कि महिलाओं को सबसे बड़ा खतरा इन्हीं सपाइयों से ही था। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब सरकारें प्रदेश के विकास के लिए काम करती हैं तो उसका लाभ समाज के हर तबके को मिलता है।दर-असल, अखिलेश यादव आजकल कोई भी बात सीधे नहीं कहते हैं। उनकी भाषा में तंज ज्यादा और साफगोई कम नजर आती है। वह जो भी मुद्दे उठाते हैं, उसमें भी वह अपने सियासी फायदे पर ज्यादा ध्यान देते हैं। हर घटना का नाटकीय रूपांतरण कर देते हैं। चंदा चोरी में भी यही देखने को मिल रहा है। उनके सांसद और नेता हर जगह कथित रूप से दानपात्र लेकर हर जगह दिखाई पड़ने लगे हैं। आजकल अखिलेश ने सॉफ्ट हिन्दुत्व के चक्कर में मुस्लिम वोट बैंक की सियासत को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया है। इस पर ओवैसी उन पर हमेशा हमलावर रहते हैं। वहीं कुछ मुसलमान तो यहां तक कहते हैं कि अखिलेश ने जिस धर्म में जन्म नहीं लिया, वह उसके नहीं हुए तो हमारे क्या होंगे। यही बात ओवैसी भी मुसलमानों को समझाने में लगे हैं। अखिलेश के पीडीए का भी यही हाल है। कभी वह पीडीए को पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक बताते हैं तो कभी पीडीए का मतलब पिछड़ा-दलित और ए का मतलब आधी आबादी बताने लगते हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पीडीए में पीडी को पंडितों का शॉर्ट फॉर्म बता दिया। बात-बात पर उनके जनप्रतिनिधि संसद से लेकर विधानसभा तक हंगामा खड़ा कर देते हैं। लोकतंत्र के मंदिर में प्रदर्शन करते हैं। हाल यह है कि कोई पत्रकार उनसे सख्त सवाल पूछ लेता है तो वह उसे गोदी मीडिया और बीजेपी वाला बता देते हैं।

दुखद यह है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी जंग का स्तर लगातार गिरता और नया रूप ले रहा है, जहां व्यक्तिगत बयानों से लेकर रणनीतिक बदलावों तक हर बात पर सूबे की सियासत गरमाई हुई है। हाल ही में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर किया गया करारा तंज इस राजनीतिक उथल-पुथल का ताजा उदाहरण है। इस बयान के साथ-साथ अखिलेश यादव की बदलती कार्यशैली, सॉफ्ट हिंदुत्व के समीकरण और उनके पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक/आधी आबादी) फॉमूर्ले पर उठ रहे सवाल उत्तर प्रदेश के राजनीतिक भविष्य के लिए बहुत कुछ संकेत देते हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव की कार्यशैली और दिनचर्या पर सीधा कटाक्ष करते हुए उनकी राजनीतिक गंभीरता पर सवाल खड़े किए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग जीवनभर बच्चे ही बने रहते हैं और बबुआ कहकर संबोधित करते हुए उनकी दिनचर्या का मजाक उड़ाया। मुख्यमंत्री के अनुसार, दोपहर 12 बजे सो कर उठना, दो बजे तैयार होना, पांच बजे जिम जाना और शाम सात बजे महफिल सजाना एक जननेता की पहचान नहीं हो सकती है। इस प्रकार के बयानों के जरिए सत्ता पक्ष जनता के बीच यह संदेश देने की कोशिश करता है कि विपक्ष के नेता जमीनी हकीकत, जनता के दुखों और प्रदेश के विकास के प्रति गंभीर नहीं हैं। इसके अलावा, कानून-व्यवस्था के मुद्दे को जोड़ते हुए योगी आदित्यनाथ ने पिछली सपा सरकार के कार्यकाल को याद दिलाया और आरोप लगाया कि उस दौरान महिलाओं को सबसे बड़ा खतरा सपाइयों से ही था। यह राजनीतिक बयानबाजी केवल व्यक्तिगत हमला नहीं है, बल्कि यह भाजपा की उस स्थापित रणनीति का हिस्सा है, जिसमें वह विपक्ष को "विशेषाधिकार प्राप्त" और "जमीनी हकीकत से कटे हुए" वर्ग के रूप में चित्रित करती है।

उधर, अखिलेश यादव की वर्तमान राजनीतिक रणनीति में एक बड़ा बदलाव देखा जा रहा है, जिसे कई राजनीतिक विश्लेषक सॉफ्ट हिंदुत्व की ओर झुकाव मान रहे हैं। इस चक्कर में ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने पारंपरिक मुस्लिम वोट बैंक को लेकर अपनी रणनीति में बदलाव किया है या उसे कुछ हद तक ठंडे बस्ते में डाल दिया है। यही कारण है कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी लगातार अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी पर हमलावर रहते हैं। ओवैसी और समुदाय के कुछ आलोचकों का यह तर्क तेजी से जमीन पकड़ रहा है कि जो नेता अपने मूल धार्मिक और वैचारिक दायरे में स्पष्ट नहीं है, वह दूसरों के लिए कितना वफादार साबित होगा। मुस्लिम समाज के एक वर्ग में यह भावना घर कर रही है कि सपा केवल चुनावों के वक्त उनके वोटों का इस्तेमाल तो करती है, लेकिन उनके वास्तविक मुद्दों पर खुलकर सामने आने से बचती है। यह असमंजस समाजवादी पार्टी के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकता है, क्योंकि पारंपरिक मुस्लिम-यादव (एम-वाई) समीकरण ही पार्टी की राजनीतिक ताकत का मुख्य आधार रहा है।अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का नया राजनीतिक मंत्र गढ़ा था, लेकिन इसके बार-बार बदलते अर्थों ने राजनीतिक गलियारों में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है। कभी ए का मतलब अल्पसंख्यक बताया जाता है, तो कभी इसे आधी आबादी (महिलाएं) से जोड़ा जाता है।

हाल ही में पीडी के दायरे में पंडित (सवर्ण वर्ग) को शामिल करने के संकेतों ने इस फॉमूर्ले की वैचारिक स्पष्टता पर ही सवालिया निशान लगा दिया है। जबकि हो यह है कि जब किसी राजनीतिक नारे या समीकरण का दायरा बहुत अधिक फैला दिया जाता है, तो उसका मूल वैचारिक उद्देश्य कमजोर पड़ने लगता है। पिछड़ों और दलितों के अधिकारों की बात करने वाली पार्टी यदि अचानक सवर्ण जातियों को भी इसी खेमे में फिट करने की कोशिश करती है, तो इससे मूल कार्यकताओं के बीच भ्रम फैलता है। आलोचकों का मानना है कि यह सब केवल तात्कालिक चुनावी नफा-नुकसान को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, जिसमें दूरगामी वैचारिक दृढ़ता का अभाव साफ झलकता है। इतना ही नहीं, अखिलेश यादव की राजनीतिक शैली में अब आक्रामकता और तंज की प्रधानता बढ़ गई है। वह किसी भी संवेदनशील मुद्दे पर सीधी बात करने के बजाय सियासी नफा-नुकसान को तरजीह देते हैं। इसके साथ ही, हालिया दौर में उनके जनप्रतिनिधियों द्वारा संसद से लेकर विधानसभा तक किए जाने वाले हंगामे और लोकतांत्रिक मयार्दाओं की सीमाओं को लांघने की प्रवृत्ति पर भी सवाल उठ रहे हैं। जब मीडिया द्वारा उनसे कोई कड़े या तीखे सवाल पूछे जाते हैं, तो उसे गोदी मीडिया या भाजपा का प्रवक्ता कहकर टाल देना राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक नहीं माना जाता है। एक बड़े राजनीतिक दल के मुखिया से यह अपेक्षा की जाती है कि वह आलोचनाओं का सामना तर्कों के साथ करे, न कि उन्हें खारिज करके। यह प्रवृत्ति यह दर्शाती है कि विपक्ष असहज करने वाले सवालों से बचने का रास्ता तलाश रहा है, जो लोकतांत्रिक संवाद के लिहाज से स्वस्थ परंपरा नहीं है। कुल मिलाकर, उत्तर प्रदेश की राजनीति में यह मुकाबला केवल दो दलों की वैचारिक लड़ाई नहीं, बल्कि कार्यशैली, विश्वसनीयता और बदलते समीकरणों की एक लंबी और जटिल शतरंज की चाल बन चुका है।

# संस्कारों से खाली होती नई पीढ़ी का सबसे दर्दनाक सच

समाज की संवेदनहीनता अब कोई छिपी हुई बीमारी नहीं, बल्कि खुले घाव की तरह फैल रही है। जब कोई पिता, जिसने अपनी जवानी के सपने कुचलकर बेटियों को आत्मनिर्भर बनाया, बुढ़ापे में सोनीपत के वृद्धाश्रम की चारदीवारी में अंतिम सांस लेता है और उसकी संतानें अंतिम संस्कार में शरीर से नहीं, केवल पैसों या स्क्रीन से जुड़ती हैं, तब यह घटना एक परिवार की नहीं, पूरे युग की कहानी बन जाती है। शिवचरण गुप्ता जैसे पिता की चिता के सामने खड़े समाजसेवियों के कंधे बताते हैं कि रिश्ते अब खून से नहीं, सुविधा से तय होते हैं। तकनीक ने हाथों को जोड़ दिया, लेकिन हृदय को अलग कर दिया। यह विडंबना नहीं, एक चेतावनी है कि हम इंसानियत की परिभाषा ही बदल रहे हैं।

एक समय था जब पिता की अंतिम यात्रा में बेटियों का कंधा देना सबसे बड़ा धर्म माना जाता था। आज वही धर्म वीडियो कॉल और पाँच हजार एक सौ रुपये में सिमट गया है। तीनों आत्मनिर्भर और सफल बेटियाँ–एक नेपाल, एक मुंबई, एक आजमगढ़ में–बाप की मृत्यु की खबर सुनकर भी शरीर से नहीं पहुँचीं। एक ने पैसा भेजा, दूसरी ने स्क्रीन पर चिता देखी, तीसरी ने शायद यह भी जरूरी नहीं समझा। उल्लेखनीय है कि बीमारी की सूचना लगभग 20 दिन पहले दे दी गई थी, फिर भी कोई बेटी नहीं पहुँची। क्या शिक्षा ने उन्हें केवल डिग्री दी और संवेदना छीन ली? पिता ने करोड़ों का कारोबार खोकर भी बेटियों को पढ़ा-लिखाया, पर बेटियों ने अंतिम क्षण में उपस्थिति का कर्ज नहीं चुकाया। यह लेन-देन नहीं, भावनात्मक दिवालियापन है।

वृद्धाश्रम अब अनाथों के नहीं, उन माता-पिता के घर बन गए हैं जिनके बच्चे सफल हैं। शिवचरण गुप्ता ने मुंबई में कपड़े का साम्राज्य खड़ा किया था, फिर सब कुछ खोया, पत्नी भी चली गईं, फिर भी बेटियों को आत्मनिर्भर बनाया। करीब डेढ़-दो साल पहले पत्नी के साथ वृद्धाश्रम पहुँचे। पत्नी मीना गुप्ता का निधन भी आश्रम में हुआ था और तब भी बेटियाँ नहीं आई थीं। दोनों बार आश्रम प्रबंधन और स्थानीय लोगों ने संस्कार किए। अब पिता की चिता पर भी वही दृश्य। समाज ने कंधा दिया, आँखें दान हुईं, दो दृष्टिहीनों को रोशनी मिली। पर जिन आँखों ने बेटियों को सपने दिखाए, उन आँखों को अंतिम विदाई में देखने वाली संतानें दूर रहीं। आँखों का दान रोशनी देता है, पर संतानों की अनुपस्थिति अंधेरा फैलाती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़ ने रिश्तों को समयसारिणी में कैद कर दिया है। करियर, शहर, विदेश–सब जरूरी लगते हैं, पर माता-पिता का अंतिम संस्कार फालतू। तकनीक हमें दुनिया से जोड़ती है, पर घर के आँगन से काट देती है। तीनों आत्मनिर्भर बेटियों में दो बेटियाँ शिक्षिका हैं, समाज को नैतिकता सिखाती होंगी, पर खुद के पिता की चिता के पास खड़े होने का समय नहीं निकाल सकीं। क्या यह शिक्षा की असफलता नहीं? डिग्रियाँ बढ़ीं, संस्कार सिकुड़े। बैंक बैलेंस भरा, हृदय खाली। पिता ने भूख छिपाकर पेट भरा, थकान छिपाकर नींव रखी, पर अंतिम यात्रा में अकेला छोड़ दिया गया।

यह घटना हमें आईना दिखाती है कि हम संबंधों को भावुकता से नहीं, बल्कि सौदेबाजी से तौलने लगे हैं। धन भेजना सरल है, उपस्थिति कठिन। वीडियो कॉल से अंतिम संस्कार देखना संभव है, कंधा देना असंभव। पर अंतिम संस्कार मात्र एक क्रिया नहीं, जीवनभर के ऋण का सत्कार है। जिसे ऑनलाइन भुगतान से नहीं चुकाया जा सकता। शिवचरण गुप्ता की आँखें दो अजनबियों को प्रकाश दे गईं, पर अपनी संतानों को भावनात्मक अंधकार दे गईं। समाजसेवी कंधे दे रहे थे, बेटियाँ स्क्रीन पर थीं। वीडियो कॉल के दौरान एक बेटी की यह टिप्पणी भी सामने आई–ह्यकितना समय लगेगा?ह्न यह एक वाक्य ही रिश्तों की ठंडक और संवेदनहीनता को पूरी तरह उजागर कर देता है। यह दृश्य आँसू नहीं, आत्मा को हिला देता है।

समय का पहिया न्यायसंगत है। जो व्यवहार हम माता-पिता के साथ करते हैं, वही हमारे बच्चों के सामने एक दिन लौटता है। आज की उपेक्षा निश्चित रूप से कल की विरासत बनेगी। वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ना केवल गरीबी नहीं, बल्कि भावनात्मक दरिद्रता का सबूत है। सफल बच्चे, अकेला बाप–यह नई सामान्य स्थिति बन रही है आजकल। भारतीय संस्कृति में माता-पिता देवतुल्य हैं, पर देवता को भी अंतिम क्षण में अकेला छोड़ दिया जाए तो संस्कृति का क्या अर्थ रह जाता है? पैसे से कर्ज नहीं चुकाया जाता, उपस्थिति से ही चुकाया जाता है।

हमें सचमुच और गहराई से खुद से पूछना होगा–क्या हम भी कहीं केवल आर्थिक सहायता देकर इतिश्री मान बैठे हैं? क्या कभी बिना किसी स्वार्थ के उनके साथ बैठे और बातें कीं? उनका गहरा और दर्द भरा अकेलापन समझा? धन, पद, प्रतिष्ठा तो यहीं रह जाते हैं। याद रहती है केवल वह सच्ची गर्माहट। जिस दिन चिता के सामने संतान की जगह मोबाइल की स्क्रीन दिखे, समझ लेना चाहिए कि तकनीक पूरी तरह जीत गई, और इंसान बुरी तरह हार गया। शिवचरण गुप्ता की कहानी केवल एक समाचार नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गहरी और जरूरी चेतावनी है।

विकास की चमक संवेदना की लौ को ढक रही है। यदि समय रहते नहीं संभाला तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें आधुनिक कहेंगी, मानवीय नहीं। माता-पिता को जीवनभर पैसे की नहीं, उपस्थिति की जरूरत होती है। अंतिम यात्रा में दो कदम साथ चलना उपकार नहीं, उस ऋण का छोटा प्रतिदान है जिसे कोई संतान जीवनभर नहीं चुका सकती। आँखें दान करके रोशनी दी जा सकती है, पर हृदय की रोशनी केवल प्रेम और उपस्थिति से जलती है। समाज यदि इसी राह पर चला तो संवेदनहीनता उसकी नई पहचान बन जाएगी।


प्रो. आरके जैन अरिजीत

# प्रकृति की रक्षा को धर्म मानने वाले समुदायों का विश्व आदिवासी दिवस

मानव सभ्यता की प्रथम चेतना से आधुनिक युग तक, कुछ समुदायों ने प्रकृति पर अधिकार नहीं, बल्कि उसके साथ आत्मीय सह-अस्तित्व का मार्ग चुना। आदिवासी समाज उसी प्राचीन जीवन-दृष्टि का प्रतीक है, जिसने जंगलों में केवल संपदा नहीं, जीवन की धड़कन; नदियों में केवल प्रवाह नहीं, माँ का स्नेह और पर्वतों में केवल शिलाखंड नहीं, आस्था व अस्तित्व की ऊँचाई देखी। इस समाज ने धरती की रक्षा को धर्म और संस्कृति की विरासत को दायित्व माना। इसी कारण आदिवासी समुदाय धरती के सच्चे प्रहरी और मानव संस्कृति के अनमोल संरक्षक कहलाते हैं। 9 अगस्त का विश्व आदिवासी दिवस उनकी मौन आवाजों, समृद्ध विरासत, अधिकारों और संघर्षों को सम्मान देने का अवसर है। यह दिवस स्मरण कराता है कि प्रकृति के साथ संतुलित और सामंजस्यपूर्ण जीवन का अमूल्य ज्ञान, जिसे विश्व आज पुनः खोज रहा है, आदिवासी समाज ने सदियों से अपनी परंपराओं में सहेज रखा है।

विश्व आदिवासी दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आदिवासी अधिकारों और अस्मिता की वैश्विक पहचान का प्रतीक है। संयुक्त राष्ट्र के स्वदेशी आबादी कार्य समूह की 1982 में हुई पहली बैठक ने मूलनिवासी समुदायों के अधिकारों को अंतरराष्ट्रीय मंच दिया, जिसके बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1994 में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया। आज विश्वभर में लगभग 37.6 से 50 करोड़ आदिवासी लोग लगभग 90 देशों में रहते हैं। वे करीब 5000 संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं और विश्व की लगभग 7000 भाषाओं में से अधिकांश बोलते हैं। वैश्विक आबादी में लगभग 5-6 प्रतिशत होने के बावजूद जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में उनका योगदान असाधारण है। उनका जीवन सिखाता है कि प्रकृति की रक्षा केवल विज्ञान नहीं, बल्कि संवेदना, संस्कार और जीवन मूल्यों का संकल्प है।

भारत की सांस्कृतिक आत्मा में आदिवासी समाज का योगदान गौरव, गरिमा और परंपरा की अमिट छाप है। देश में लगभग 10.45 करोड़ आदिवासी नागरिक निवास करते हैं (जनगणना 2011), जो कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत हैं। झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पूर्वोत्तर राज्यों में बसे ये समुदाय भारत की विविधता को विशिष्ट पहचान देते हैं। राजस्थान के बांसवाड़ा में 76.38 प्रतिशत, डूंगरपुर में 70.82 प्रतिशत और प्रतापगढ़ में 63.42 प्रतिशत आबादी आदिवासी समुदायों की है (जनगणना 2011), जिन्होंने इन क्षेत्रों की सांस्कृतिक चेतना को जीवंत रखा है। सरहुल, कर्मा और भगोरिया जैसे पर्व प्रकृति और मानव जीवन के आत्मीय संबंधों की अभिव्यक्ति हैं। गोंड-भील नृत्य, वारली चित्रकला और हस्तकलाएँ भारतीय संस्कृति के वे अनमोल रत्न हैं, जिनकी चमक विश्व मंच पर प्रतिष्ठित हो चुकी है।

प्रकृति के प्रति आदिवासी समाज का समर्पण उनकी जीवन-दृष्टि की सबसे बड़ी पहचान है। उनके लिए पर्यावरण संरक्षण कोई अभियान नहीं, बल्कि जीवन का सहज संस्कार है। वे वृक्षों में जीवन की चेतना, नदियों में माँ का स्नेह और पर्वतों में आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करते हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य रिपोर्टों के अनुसार आदिवासी समुदाय विश्व की लगभग 22-25 प्रतिशत भूमि की रक्षा/प्रबंधन करते हैं (कुछ अनुमानों में 25% या उससे अधिक), जो जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उनकी पारंपरिक समझ सिखाती है कि विकास केवल आर्थिक विस्तार नहीं, बल्कि प्रकृति, समाज और भविष्य के बीच संतुलन का नाम है। आज जलवायु संकट से जूझती दुनिया के लिए आदिवासी जीवन-पद्धति संतुलित सह-अस्तित्व का प्रेरणादायी प्रकाश बन रही है।

समय की कठिन परीक्षाओं के बावजूद आदिवासी समुदायों ने अपनी सांस्कृतिक पहचान की अमूल्य धरोहर सुरक्षित रखी है। सीमित शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों की चुनौतियों के बीच भी उन्होंने अपनी भाषाओं, लोककथाओं और परंपराओं की जीवनधारा को बनाए रखा है। भिली, गोंडी और संथाली जैसी भाषाएँ केवल अभिव्यक्ति के साधन नहीं, बल्कि उनमें पीढ़ियों का अनुभव, प्रकृति का ज्ञान और समाज की स्मृतियाँ जीवित हैं। विश्व की लगभग 7000 आदिवासी भाषाओं का संरक्षण मानव सभ्यता की सांस्कृतिक विविधता को बचाने का प्रयास है। आज नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़कर इन परंपराओं को नई चेतना और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ा रही है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में भी आदिवासी समुदायों के लिए नए अवसरों के द्वार खुल रहे हैं। वर्ष 2026 की थीम आदिवासी दाईयों का सम्मानः जीवन और कल्याण की रक्षा यह स्पष्ट करती है कि आधुनिक तकनीक उनके पारंपरिक ज्ञान, स्वास्थ्य संबंधी प्रथाओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का प्रभावी माध्यम बन सकती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से आदिवासी दाईयों के ज्ञान का डिजिटल संरक्षण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी पारंपरिक समझ का दस्तावेजीकरण और उनकी जीवन-रक्षा संबंधी कला को वैश्विक मंच तक पहुँचाना संभव है। तकनीक उनकी पहचान बदलने का नहीं, बल्कि उसे सशक्त बनाने का माध्यम बननी चाहिए। परंपरा और आधुनिकता का संतुलन उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला बन सकता है।

# नो बीमा, नो पेट्रोल...!




नो बीमा, नो पेट्रोल, सड़कों पे फिर कैसा रोल?
नियम सबके लिए हैं, क्यों हों उनमें कोई होल?
वाहन ले निकल पड़े जब , जिम्मेदारी भूल गए,
अपनी ही नहीं, राहगिरों की सुरक्षा से दूर गए।

बीमा सिर्फ कागज नहीं, विश्वास की वो ढाल है,
दुर्घटना की घड़ी में, परिवार का संबल हाल है।
पेट्रोल बिन रथ न दौड़े, बीमा बिन सफर अधूरा,
नियमों का सम्मान करेंगे, तब बनेगा भारत पूरा।

सड़कें केवल राह नहीं हैं, जीवन की यह डोर हैं,
ये "नो बीमा, नो पेट्रोल", जिम्मेदारी की ओर है।
आओ मिलकर प्रण लें, नियमों का सम्मान करें,
सुरक्षित यात्रा व जीवन, देश का अभिमान करें।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नशामुक्त भारत का संदेश लेकर आगे बढ़ी युवा प्रतिभाएं

## 'नशामुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान में 400 युवाओं ने लिया हिस्सा, विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

समाज जागरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। 07 अगस्त। 'मेरा युवा भारत' संस्था, गौतमबुद्धनगर की ओर से शुक्रवार को शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में 'नशामुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनकी रचनात्मक एवं सकारात्मक ऊर्जा को समाज निर्माण की दिशा में प्रेरित करना था। प्रतियोगिताओं में लगभग 400 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर भालचंद्र त्रिपाठी रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में शारदा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सिबाराम खारा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शांति नारायणन तथा ह्यमेरा युवा भारतह्न के उपनिदेशक शिवेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी आधारशिला है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अन्य अतिथियों ने भी युवाओं को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने और समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

कार्यक्रम में वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता में कार्तिक गुप्ता, नारा लेखन में सबरीन तथा चित्रकला प्रतियोगिता में दिव्यांशी श्योराण विजेता रहीं।
विषय आधारित नृत्य में विश्वभारती पब्लिक स्कूल, नुक्कड़ नाटक एवं मूक अभिनय में शारदा विश्वविद्यालय की नाट्यक्रांति टीम, काव्य प्रस्तुति में यश तथा संगीत एवं रैप प्रस्तुति में विवेक विजेता रहे। वहीं लघु चलचित्र एवं लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता में प्रतिभा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विजेताओं को बधाई देते हुए बताया गया कि वे आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में गौतमबुद्धनगर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में शारदा विश्वविद्यालय के शिक्षकों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, ह्यमेरा युवा भारतह्न की टीम तथा सभी प्रतिभागियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# 09 से 17 अगस्त तक चलेगा 'हर घर तिरंगा' अभियान

## जिलाधिकारी ने तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश, जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। 07 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 09 से 17 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाले 'हर घर तिरंगा अभियान' की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आभासी माध्यम से समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अभियान की तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जनभागीदारी का पर्व है। सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों,



बाजारों, औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा आवासीय सोसायटियों में सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने की अपील की गई। अभियान के दौरान तिरंगा रैली, प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। शहीद स्मारकों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई व सजावट भी कराई जाएगी। नागरिकों को तिरंगे के साथ अपना छायाचित्र विभागीय वेबसाइट पर साझा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।
जिलाधिकारी ने आरडब्ल्यूए, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों, व्यापार मंडलों, औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों और आमजन से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।
बैठक में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाने तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित करने के निर्देश भी दिए गए। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# आबकारी विभाग ने शराब दुकानों का किया आकस्मिक निरीक्षण

## नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी, कांवड़ मार्ग की दुकानों को पर्दे से ढकने के निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। 07 अगस्त। आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देश तथा जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त, गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में आबकारी विभाग की टीम ने 6 अगस्त को जनपद में सघन प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान देशी शराब, मिश्रित मदिरा, मॉडल शॉप, प्रीमियम फुटकर दुकान और बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने दुकानों के साथ संचालित कैंटीनों की भी जांच की तथा कई दुकानों पर गोपनीय रूप से परीक्षण खरीद कर बिक्री व्यवस्था की जांच की। निरीक्षण के दौरान अनुज्ञापियों और विक्रेताओं को देशी मदिरा की दुकानों पर सभी ब्रांडों को काउंटर के पास प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।




सभी मदिरा दुकानों पर सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग वास्तविक समय में चालू रखने और पीओएस मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत बिक्री सुनिश्चित करने को कहा गया। कांवड़ यात्रा मार्ग पर संचालित दुकानों को निर्धारित नियमों के अनुसार पर्दे से ढककर संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। विभाग ने स्पष्ट किया कि निदेशों का उल्लंघन मिलने पर आबकारी अधिनियम और संबंधित नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनपद में प्रवर्तन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने कसी कमर

## सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद; प्रमुख मार्गों और शिविरों में विशेष इंतजाम

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। 07 अगस्त। श्रावण कांवड़ यात्रा-2026 को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस, प्राधिकरण, स्वास्थ्य, नगर निकाय, विद्युत, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रमुख कांवड़ मार्गों, शिवालयों और शिविर स्थलों पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती के साथ व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है।

### 11 अगस्त को प्रमुख शिवालयों में होगा जलाभिषेक

महाशिवरात्रि के अवसर पर 11 अगस्त को जनपद के प्रमुख शिवालयों सहित अन्य शिव मंदिरों में होने वाले जलाभिषेक को देखते हुए विशेष प्रबंध किए गए हैं।



नानकेश्वर शिव मंदिर, ग्राम भाईपुर-जेवर, शिव मंदिर सेक्टर-2, सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-19 तथा शिव मंदिर सेक्टर-22, नोएडा में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु जलाभिषेक के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं।

### यातायात और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत

कांवड़ मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस प्रतिक्रिया वाहनों के माध्यम से लगातार गश्त की जा रही है। सीमावर्ती राज्यों और जनपदों से समन्वय स्थापित करते हुए यातायात मार्ग परिवर्तन योजना, क्षेत्रवार और थानावार पुलिस व्यवस्था तथा प्रभावी संचार प्रणाली लागू की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके।

### स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं पर जोर

नगर पालिका और नगर पंचायतों द्वारा कांवड़ मार्गों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जलभराव रोकने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। मार्गों पर नियमित सफाई, पर्याप्त प्रकाश, शुद्ध पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।
कांवड़ शिविरों में सीसीटीवी कैमरे, उद्घोषणा प्रणाली, स्वच्छ पेयजल, अस्थायी शौचालय, बैरिकेडिंग, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है। संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### चिकित्सा शिविरों में जीवनरक्षक दवाओं की व्यवस्था

स्वास्थ्य विभाग ने प्रमुख कांवड़ मार्गों और शिविर स्थलों पर चिकित्सा शिविर स्थापित किए हैं। सरकारी और निजी चिकित्सालयों को सतर्क रखा गया है। पर्याप्त बिस्तर, जीवनरक्षक दवाएं, सर्पदंशरोधी विषरोधक, एंबुलेंस, चिकित्सक, औषधि वितरक,



परिचारक और सहायता केंद्र की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### बिजली और सड़क व्यवस्था पर भी विशेष निगरानी

वन विभाग ने कांवड़ मार्गों पर झाड़ियों की सफाई और लटकती वृक्ष शाखाओं की छंटाई कर मार्गों को सुरक्षित बनाया है। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दलों को सक्रिय रखा गया है।
विद्युत विभाग ने वर्षा को देखते हुए मार्गों पर स्थित विद्युत खंभों को जलरोधी सुरक्षा आवरण से सुरक्षित किया है। ट्रांसफार्मरों के चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाया गया है और जल निकासी की व्यवस्था की गई है। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।
लोक निर्माण विभाग ने मुख्य एवं सहायक मार्गों का निरीक्षण कर सड़कों के गड्ढों की मरम्मत और पैचवर्क कराया है। क्षतिग्रस्त स्थानों का सुधार, सड़क किनारे झाड़ियों की कटाई-छंटाई तथा जल निकासी की व्यवस्था भी की गई है।

### श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील

जिला प्रशासन ने सभी विभागों को कांवड़ यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं और आमजन से यातायात नियमों तथा जारी दिशा-निदेशों का पालन करने और कांवड़ यात्रा को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने में सहयोग की अपील की है। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# 5.150 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

*फेस-1 पुलिस ने सेक्टर-10 पार्क से दबोचा, छोटे पैकेट बनाकर बेचता था गांजा*




समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। 07 अगस्त। थाना फेस-1 पुलिस ने मैनुअल सूचना और गोपनीय जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए 5 किलो 150 ग्राम गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी गांजा तस्करी में संलिप्त था और छोटे-छोटे पैकेट बनाकर गांजा बेचता था।
पुलिस ने आरोपी की पहचान राजकुमार (22) निवासी जे.जे. कॉलोनी, सेक्टर-16, नोएडा के रूप में की है। उसे 6 अगस्त को सेक्टर-10 स्थित पार्क से गिरफ्तार किया गया।
पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने गांजा तस्करी में हेमा नामक महिला का सहयोग करने की बात सामने आई है। आरोपी के खिलाफ थाना फेस-1 में मु0अ0सं0 419/2026, धारा 8/20/29 एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।
सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

# बायोएनर्जी निवेश का देश का प्रमुख केंद्र बनेगा उत्तर प्रदेश

## ग्रेटर नोएडा में 11 से 13 अगस्त तक 'इंडिया बायोएनर्जी एवं टेक एक्सपो-2026', देश-विदेश के निवेशक और विशेषज्ञ होंगे शामिल

समाज जागरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। 07 अगस्त। उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख जैव ऊर्जा निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में 'इंडिया बायोएनर्जी एवं टेक एक्सपो-2026' महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी और उत्तर प्रदेश न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी की ओर से आयोजित यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी 11 से 13 अगस्त तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में होगी। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालय भी इस आयोजन में भागीदारी कर सहयोग प्रदान करेंगे। आयोजन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के अनुकूल नीतिगत वातावरण, प्रचुर जैव संसाधनों, बढ़ती इथेनॉल और संपीड़ित जैव गैस क्षमता तथा जैव ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में निवेश की संभावनाओं को देश-दुनिया के सामने रखा जाएगा।

### निवेश और तकनीकी साझेदारी को मिलेगा बढ़ावा

प्रदर्शनी में देश-विदेश के नीति निमार्ता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, निवेशक, तकनीकी विशेषज्ञ, शोधकर्ता और नवोन्मेषक एक मंच पर जुटेंगे। आयोजकों के अनुसार इससे जैव ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को गति देने, नई तकनीकों की साझेदारी बढ़ाने और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।
तीन दिवसीय आयोजन के दौरान जैव ऊर्जा, हरित ईंधन और कम कार्बन वाली तकनीकों से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञ विचार रखेंगे। इसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की बैठक, नीतिगत संवाद और तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### जैव ऊर्जा की विभिन्न तकनीकों पर होगी चर्चा

एक्सपो में संपीड़ित जैव गैस, इथेनॉल, जैव द्रव्य, कचरे से ऊर्जा, टिकाऊ विमानन ईंधन, हरित हाइड्रोजन, जैव-आधारित परिवहन और कार्बन अवशोषण तकनीक जैसे विषयों पर विशेष सत्र होंगे।
इन सत्रों के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा में निवेश और जैव ऊर्जा नवाचार के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख केंद्र बनाने की संभावनाओं पर चर्चा होगी।

### निवेश, नवाचार और सहयोग के नए अवसर बनेंगे

इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी के महानिदेशक संजय गंजू ने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश का प्रमुख जैव ऊर्जा केंद्र बनने के लिए आवश्यक संसाधन और क्षमताएं मौजूद हैं। राज्य में पर्याप्त जैव कच्चा माल, अनुकूल नीतियां, मजबूत औद्योगिक क्षमता और प्रतिबद्ध नेतृत्व उपलब्ध है।
उन्होंने कहा कि एक्सपो के माध्यम से प्रमुख तकनीकी कंपनियों, निवेशकों और नीति निमार्ताओं को एक मंच पर लाया जाएगा। इससे निवेश, नवाचार और सहयोग के नए अवसर पैदा होंगे तथा उत्तर प्रदेश के हरित ऊर्जा अभियान को गति मिलेगी।

### देश-विदेश से बड़ी भागीदारी की उम्मीद

'इंडिया बायोएनर्जी एवं टेक एक्सपो-2026' का यह तीसरा संस्करण है। इसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में उद्योग प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों और निवेशकों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजकों का मानना है कि इससे स्वच्छ ऊर्जा की ओर भारत के बढ़ते कदमों को मजबूती मिलेगी और जैव ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होगी।

# जेवर पुलिस ने वांछित आरोपी को दबोचा, तमंचा-कारतूस बरामद

गौतमबुद्धनगर। थाना जेवर पुलिस ने रुपये के लेन-देन के विवाद में फायरिंग करने के मामले में वांछित



अभियुक्त भूरी उर्फ नजर मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त .315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 5 अगस्त को रुपये के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने वादी पर तमंचे से फायर किया था। गोली वादी को न लगकर रास्ते से गुजर रहे उमर पुत्र असफाक को लग गई, जिसका उपचार चल रहा है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की थीं। 7 अगस्त को मैनुअल इंटेलिजेंस और साक्ष्य संकलन के आधार पर पुलिस ने आरोपी को ग्राम थौरा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ जेवर थाने में आबकारी अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और मारपीट समेत कई मामले दर्ज हैं।

# 30 रुपये में 24 घंटे ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श

## फेलिक्स अस्पताल और नोएडा लोक मंच की पहल, आपात स्थिति में 15-20 किलोमीटर तक निशुल्क एंबुलेंस की सुविधा

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। 07 अगस्त। सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए अब लोगों को हर बार अस्पताल जाने की जरूरत नहीं होगी। नोएडा लोक मंच के निःशुल्क दवा बैंक एवं चिकित्सा केंद्र और फेलिक्स अस्पताल के सहयोग से ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवा शुरू की गई है। इसके तहत मात्र 30 रुपये में 24 घंटे अनुभवी चिकित्सकों से वीडियो परामर्श लिया जा सकेगा। शुक्रवार को सेक्टर-15 स्थित नोएडा सार्वजनिक पुस्तकालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में सेवा का शुभारंभ किया गया।
फेलिक्स अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. डीके गुप्ता ने बताया कि सेवा के तहत वीडियो परामर्श के साथ ऑनलाइन समय निर्धारण और इलेक्ट्रॉनिक चिकित्सकीय पर्चे की सुविधा भी मिलेगी। इसका लाभ विशेष रूप से बुजुर्गों, आर्थिक रूप




से कमजोर लोगों और तत्काल चिकित्सकीय सलाह की जरूरत वाले मरीजों को मिलेगा।
आपात स्थिति में 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में निशुल्क एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाएगी। एंबुलेंस मरीज को केवल फेलिक्स अस्पताल ही नहीं, आवश्यकता पड़ने पर सरकारी अस्पताल तक भी पहुंचाएगी। वहीं, 24 घंटे संचालित औषधि केंद्र से दवाएं 15 प्रतिशत छूट पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। फेलिक्स अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराने पर 30 प्रतिशत विशेष छूट देने की जानकारी भी दी गई।

### 9 अगस्त को मेगा स्वास्थ्य शिविर

नोएडा लोक मंच के महासचिव महेश सक्सेना ने बताया कि संस्था की ओर से 9 अगस्त को मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें निशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। लाभार्थियों के स्वास्थ्य कार्ड भी बनाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को दवाएं उपलब्ध कराने के साथ उन्हें निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है। ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवा इसी प्रयास का विस्तार है, जिसके माध्यम से तकनीक का उपयोग कर चिकित्सकीय सलाह को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम में फेलिक्स अस्पताल की प्रबंध निदेशक डॉ. रश्मि गुप्ता सहित विनीत गर्ग, पवन यादव, आरएन श्रीवास्तव, कुशाग्र अवस्थी, जमील अहमद, एसके जैन, वीके जैन, मुकुल बाजपेयी, रेनू छिब्बर, विभा बंसल, विनोद शर्मा, ओपी पारीक, ब्रज गोपाल और प्रदीप मौजूद रहे।

# छात्र परिषद के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

## एसडी विद्या स्कूल में अलंकरण समारोह, शौर्य त्यागी और राखी शर्मा बने हेड बॉय व हेड गर्ल

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा। 07 अगस्त। एसडी विद्या स्कूल, नोएडा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए वार्षिक छात्र परिषद के शपथ ग्रहण एवं अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात व्यवसायी शशि भूषण शर्मा और दुर्गा देवी रहे। प्रधानाचार्या एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।
कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रक्रिया पर आधारित प्रस्तुति के माध्यम से छात्र परिषद के चुनाव की प्रक्रिया भी प्रदर्शित की।
समारोह में हेड बॉय शौर्य त्यागी, हेड




गर्ल राखी शर्मा, वाइस हेड बॉय प्रथम शर्मा और वाइस हेड गर्ल लावण्या शर्मा सहित खेल एवं सांस्कृतिक पदाधिकारियों को बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभिन्न सदनों के कैप्टन और प्रीफेक्ट्स को भी अलंकृत किया गया।
प्रधानाचार्या ने छात्र परिषद के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। हेड बॉय और हेड गर्ल ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने तथा विद्यार्थियों के हित में जिम्मेदारी से कार्य करने का संकल्प लिया।
मुख्य अतिथि शशि भूषण शर्मा ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, अनुशासन और सेवाभाव के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि सच्चा नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि कर्म, उत्तरदायित्व और समर्पण से सिद्ध होता है।

धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान और अभिभावकों व छात्र परिषद सदस्यों के लिए आयोजित जलपान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# 25 लाख रुपये के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

## दनकौर पुलिस ने मकोड़ा गोलचक्कर के पास से दबोचा, पति की मौत के बाद दर्ज हुआ था मुकदमा

समाज जागरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। 07 अगस्त। थाना दनकौर पुलिस ने 25 लाख रुपये के लेनदेन से जुड़े मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को 7 अगस्त को मकोड़ा गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, 1 अगस्त को महिला ने थाना दनकौर में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने उसके पति नवीन शर्मा से 25 लाख रुपये नकद लिए थे। रुपये वापस मांगने पर कथित रूप से अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत के अनुसार, घटना से क्षुब्ध होकर नवीन शर्मा ने विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।
पुलिस ने मामले में नामजद वांछित आरोपी विनय कुमार शर्मा उर्फ विजयपाल (22) निवासी धनौरी खुर्द, दनकौर, हाल निवासी बीटा-1 को गिरफ्तार किया है। थाना दनकौर में आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 182/2026, धारा 316(2), 108, 352 एवं 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है।

# आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान को ग्रेनो प्राधिकरण की पहल

## सोसाइटियों में सहमति से बनाए जाएंगे भोजन स्थल, 31 दिसंबर तक 24 सोसाइटियों का बैठक कार्यक्रम जारी

संदीप गर्ग / समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। 07 अगस्त। ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों और आवासीय सोसाइटियों में आवारा कुत्तों को लेकर होने वाले विवादों के समाधान के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पहल शुरू की है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण की ओर से सोसाइटियों में आपसी सहमति से कुत्तों के भोजन के लिए निर्धारित स्थल बनाने पर जोर दिया जा रहा है। प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रत्येक बृहस्पतिवार को बैठक आयोजित की जा रही है। महाप्रबंधक आरके भारती की अध्यक्षता में होने वाली बैठकों में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पुलिस, पशु क्रूरता निवारण समिति, प्राधिकरण के पशु चिकित्सक, एचसीएल फाउंडेशन, एओए/एस्टेट प्रबंधक और कुत्तों को भोजन कराने वाले प्रतिनिधि शामिल होते हैं।
बैठक में सभी पक्षों से चर्चा कर सहमति से भोजन स्थल निर्धारित करने के साथ पशु जन्म नियंत्रण नियमों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। अब तक सेवियर ग्रीन आर्क, पार्श्वनाथ पैनोरमा और महागुन मायवुड सोसाइटी के साथ बैठक हो चुकी है।

### 31 दिसंबर तक 24 सोसाइटियों का कार्यक्रम

प्राधिकरण ने 31 दिसंबर तक 24 सोसाइटियों के साथ बैठक का तिथिवार कार्यक्रम जारी किया है।

अगली बैठक 13 अगस्त को टेकजोन-4 स्थित हिमालया प्राइड सोसाइटी के साथ होगी। इसके बाद 20 अगस्त को जेपी ग्रींस, 27 अगस्त को येस सिटी सेक्टर-1, 3 सितंबर को गौर सिटी-1 स्थित एआईजी पार्क एवेन्यू और आगे निर्धारित तिथियों पर अन्य सोसाइटियों के साथ बैठकें होंगी।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर चंदौसी तहसील में अवैध कब्जों के विरुद्ध चला अभियान

- जनैटा एवं नरौली में 8.684 हेक्टेयर (लगभग 137 बीघा) सरकारी भूमि कराई गई कब्जा मुक्त
- सरकारी तालाबों, झील, वृक्षारोपण भूमि एवं अन्य शासकीय भूमि से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी– जिलाधिकारी



**समाज जागरण**

संभल/बहजोई। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा जनपद में सरकारी तालाबों, चकमार्गों एवं अन्य शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर सूची तैयार करने तथा उन्हें अवैध कब्जों से मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं।

उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी के निर्देशन में नायब तहसीलदार चंदौसी सतेन्द्र चाहर के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में ग्राम जनेटा एवं नरौली में अवैध कब्जों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान ग्राम जनेटा में तालाब की कुल 7.005 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। इसमें गाटा संख्या व रकबा 22/5.719 हेक्टेयर( तालाब की भूमि), गाटा संख्या व रकबा 23/1.104 हेक्टेयर( तालाब की भूमि) तथा गाटा संख्या व रकबा 21क/0.182 हेक्टेयर भूमि (तालाब की भूमि) शामिल है।

इसी प्रकार ग्राम नरौली में कुल 1.679 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। इसमें गाटा संख्या व रकबा 991/1.250 हेक्टेयर (झील की भूमि), 992/0.024 हेक्टेयर (वृक्षारोपण की भूमि), 992/2/0.057 हेक्टेयर (वृक्षारोपण की भूमि), 993/1/ 0.085 हेक्टेयर (तालाब की भूमि), 993/2/0.158 हेक्टेयर (झील की भूमि) तथा 994/0.105 हेक्टेयर (झील की भूमि) शामिल है।

इस प्रकार ग्राम जनैटा एवं नरौली में कुल 8.684 हेक्टेयर, लगभग 137 बीघा सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि तालाब, झील, चकमार्ग, वृक्षारोपण भूमि सहित किसी भी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनपद में सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए अभियान को और प्रभावी बनाया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि चिन्हित अवैध कब्जों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# स्वच्छता की पाठशाला में छात्राओं ने नगर को स्वच्छ बनाने का लिया संकल्प

**समाज जागरण**

सम्भल/चन्दौसी। नगर पालिका परिषद चंदौसी एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड संख्या 07, संभल गेट स्थित भारतीय म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं के क्षमता संवर्धन हेतु स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक उन्मूलन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर व्यवहार परिवर्तन के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में पालिका की सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर करन सिंह द्वारा छात्राओं को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026, 4 बिन्स डस्टबिन कलर कोडिंग एवं कचरे के सही पृथक्करण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

छात्राओं को समझाया गया कि घर एवं विद्यालय से निकलने वाले कचरे को स्त्रोत पर ही अलग-अलग रखना



स्वच्छता की पहली सीढ़ी है। गीला कचरा, सूखा कचरा, स्वास्थ्यकर कचरा एवं घरेलू हानिकारक कचरे को निर्धारित डस्टबिन में डालने तथा कचरे को इधर-उधर न फेंककर पालिका द्वारा अधिकृत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन में ही देने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्लास्टिक के दुष्प्रभाव एवं प्लास्टिक उन्मूलन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। छात्राओं से सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाकर कपड़े एवं जूट के थैलों का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया गया। साथ ही होम कंपोस्टिंग, पर्यावरण संरक्षण, भूजल संरक्षण एवं 3R—Reduce, Reuse, Recycle की अवधारणा को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

छात्राओं को स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से स्वच्छता दूत की भूमिका निभाने तथा अपने परिवार, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ एवं हरित चंदौसी के निर्माण में सक्रिय सहभागिता करने तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

ह्लस्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। आइए, मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाएं।

कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाध्यापिका सीमा सागर, शिक्षिकाएं वीना देवी, करिश्मा अग्रवाल सहित अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। नगर पालिका की ओर से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, आईटीसी मिशन सुनहरा कल से अर्बन कोऑर्डिनेटर करन सिंह, डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन प्रभारी रवि कुमार, सुपरवाइजर कपिल, सोनू, रिजवान, सोनू अनजान सहित सफाई मित्र उपस्थित रहे।

# गणेश मंदिर के पास बन रहे नाले का पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण**

चन्दौसी।नगर पालिका परिषद चंदौसी द्वारा सीता रोड स्थित गणेश मंदिर के समीप नाला निर्माण कार्य प्रगति पर है, कार्य के दौरान जेसीबी मशीन की चपेट में आकर पानी का पाईपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसको तत्काल नई पाईप लाइन डलवाकर सही कराया जा रहा है। मेला गणेश चौथ 2026 एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय जी द्वारा अवर अभियंता जल के पी सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पाइपलाइन एवं



निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, जनहित को दृष्टिगत रखते हुए कार्यस्थल पर प्रगति कार्य सूचना बोर्ड लगाया जाए, व मेला गणेश चौथ एवं आम जनमानस, राहगीरों के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे, इस मौके पर जलकल लिपिक अर्पित श्रीवास्तव, कृष्णमोहन, मुकुल शर्मा, पंकज चौधरी आदि स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# शिव महापुराण कथा में पशुपतिनाथ का सुनाया गया प्रसंग

**समाज जागरण**

सम्भल। गुन्नौर नगर के मोहल्ला जुलेहपुरा के अग्रवाल मार्केट में आयोजित शिव महापुराण कथा में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि दैत्य तारकासुर ने भगवान शिव की घोर तपस्या कर यह वरदान प्राप्त किया था कि उसकी मृत्यु केवल शिव के पुत्र के हाथों ही हो सकती है।यह सोचकर कि शिवजी सती के त्याग के बाद वैरागी हो गए थे और उनका विवाह होना असंभव था वह अमरता मानकर तीनों लोकों में अत्याचार करने लगा तारकासुर के अत्याचारों से त्रस्त होकर सभी देवता भगवान ब्रह्मा और विष्णु की शरण में गये। देवताओं की प्रार्थना पर माता पार्वती और भगवान शिव का विवाह हुआ और उनकी दिव्य ऊर्जा से भगवान कार्तिकेय का जन्म



हुआ जब कार्तिकेय बड़े हुए तो वे देवताओं के सेनापति बने उन्होंने भीषण युद्ध में अजेय समझे जाने वाले तारकासुर का वध कर दिया जिससे तीनों लोकों को उसके आतंक से मुक्ति मिली। यह कथा हमें सिखाती है कि चाहे कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो अहंकार और अधर्म का नाश अवश्य होता है उन्होंने भगवान शिव के पशुपतिनाथ' स्वरूप और उनके लीला प्रसंग का अत्यंत सुंदर वर्णन है इस प्रसंग में बताया गया है कि क्यों शिवजी को पशुपतिनाथ कहा जाता है भगवान शिव समस्त जीवों प्रकृति और हर बंधी हुई आत्मा के स्वामी हैं इसीलिए उन्हें पशुपतिनाथ कहा जाता है।इस दौरान श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अंबेडकर स्कूल में बच्चों को लगवाये गये टिटनेस के टीके

**समाज जागरण**

चन्दौसी। नगर क्षेत्र के ग्राम पथरा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा एक, चार एवं पांच के विद्यार्थियों को टिटनेस से बचाव के लिए टीके लगाए गए।टीकाकरण



एएनएम किरण द्वारा किया गया, जबकि आशा कार्यकर्ता रेखाऔर गिरीश ने अभियान में सहयोग किया। बच्चों को आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया गया।विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने टीकाकरण कराने वाले सभी विद्यार्थियों का नाम एवं आवश्यक विवरण अभिलेखों में दर्ज कराया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक महानंदन गौतम सहित समस्त स्टाफ ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया।

# नशा मुक्त भारत एवं स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद 6 अगस्त नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज, नजीबाबाद मे नशा मुक्त भारत एवं स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, स्वच्छता के महत्व तथा प्लास्टिक मुक्त भारत के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्रा *हिफ़्ज़ा खान* ने प्रथम तथा *फातिमा खान* ने द्वितीय स्थान




प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या *शबाना परवीन* ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए सभी छात्राओं से स्वच्छता अपनाने तथा नशा मुक्त भारत के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम अधिकारी *गजाला मुमताज* ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से सिंगल-यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

अभियान के अंतर्गत विद्यालय की सभी कक्षाओं में स्वच्छता विषय पर पोस्टर निर्माण एवं दीवार पेंटिंग (वॉल पेंटिंग) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# बारिश के बीच सुरक्षा का मजबूत पहरा, सीओ अंजनी कुमार व थाना प्रभारी संजय तोमर ने संभाली यातायात व्यवस्था

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर स्योहारा। सावन माह की पावन कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था को लेकर स्योहारा पुलिस पूरी तरह अलर्ट दिखाई दी। लगातार हो रही बारिश के बावजूद क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार स्वयं थाना स्योहारा क्षेत्र के फव्वारा चौराहा पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे और कांवड़ यात्रियों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित कराया।

बारिश के बीच भी सीओ अंजनी कुमार ने सड़क पर रहकर यातायात व्यवस्था की कमान संभाली। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और यह सुनिश्चित किया कि कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उनकी यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से जारी रहे।

इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर लगातार मौजूद रहे। उन्होंने स्वयं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करने तथा श्रद्धालुओं को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ सक्रिय भूमिका निभाई। सीओ और थाना प्रभारी दोनों अधिकारी लगातार पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते रहे तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल निर्देश देकर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाते रहे।

पुलिस अधिकारियों की सक्रियता और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली से स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों तथा कांवड़ यात्रियों में सुरक्षा का विश्वास और मजबूत हुआ। लोगों ने बारिश के कठिन मौसम में भी अधिकारियों और पुलिस बल की मुस्तैदी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सतर्क व्यवस्था से कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रही है।

थाना स्योहारा क्षेत्र के फव्वारा चौराहा पर देखने को मिली यह मुस्तैदी पुलिस प्रशासन की कर्तव्यनिष्ठा, जनसेवा और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के प्रति समर्पण का उदाहरण बनी रही।

# ढोल-नगाड़ों व डीजे के साथ हरिद्वार के लिए रवाना हुआ 120 लीटर गंगाजल लाने का जत्था

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। सावन माह में भगवान शिव के प्रति आस्था का उत्साह चरम पर है। इसी क्रम में मोहल्ला सरायवीर निवासी सभासद बृजमोहन बिश्नोई के पुत्र लवी बिश्नोई के नेतृत्व में 120लीटर गंगाजल हरिद्वार से



लाकर नगीना में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों का भव्य जत्था ढोल-नगाड़ों एवं डीजे की धुनों के बीच रवाना हुआ।

जत्थे के प्रस्थान के अवसर पर सैकड़ों धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने शिवभक्तों का पुष्पवर्षा एवं शुभकामनाओं के साथ स्वागत करते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। "बोल बम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंग गया।

इस अवसर पर बृजमोहन एवं लवी बिश्नोई, जगदीश बिश्नोई ने लवी बिश्नोई व उनके साथियों को आशीर्वाद देकर यात्रा के लिए विदा किया। कार्यक्रम में उज्वल चंद्रा, अभिषेक बिश्नोई, नानू वर्मा, मन्नू बिश्नोई, मोहन बिश्नोई, राजवीर बिश्नोई, सभासद मनोज टंडन, मनी बिश्नोई, मनदीप सेठी, निशांत बिश्नोई, आकाश सैनी, सागर बिश्नोई, हर्ष शर्मा, बबलू सैनी, पप्पू सैनी सहित दर्जनों शिवभक्त एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

# पशुओं में लम्पी स्किन रोग की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन ने जारी किए निर्देश

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर 06 अगस्त, 2026। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के दृष्टिगत शासनादेश के अनुपालन में जनपद में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में गोवंशीय पशुओं में लम्पी स्किन रोग के संक्रमण की पुष्टि होने के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जनपदों में भी इसके प्रकरण सामने आए हैं। यह रोग वायरस जनित संक्रामक बीमारी है, जो मुख्यतः मच्छरों, मक्खियों एवं अन्य वाहक कीटों के माध्यम से तेजी से फैलता है। जनपद बिजनौर सीमावर्ती जिला होने के कारण विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि जनपद में गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं के अंतरराज्यीय परिवहन पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही, जनपद में लम्पी स्किन रोग के संक्रमण की आशंका को देखते हुए पशु बाजार एवं पशु मेलों के आयोजन पर भी आगामी आदेशों तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जनपद में व्यापक स्तर पर सर्विलांस अभियान संचालित किया जाए तथा कहीं भी एलएसडी का कोई संदिग्ध अथवा पुष्ट मामला मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रभावित क्षेत्रों में रोग नियंत्रण के लिए रिंग टीकाकरण एवं संक्रमण को स्थानीय स्तर पर सीमित रखने के सभी आवश्यक उपाय किए जाएं।

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत अन्य राज्यों से आने वाले गोवंशीय पशुओं को तभी प्रवेश की अनुमति दी जाएगी, जब उनके पास पूर्ण टीकाकरण का वैध मेडिकल प्रमाण-पत्र उपलब्ध हो तथा उसका विवरण भारत पशुधन एप पर अपलोड किया गया हो। इसके अतिरिक्त पशुपालक के आधार नंबर एवं ईयर टैगिंग का मिलान भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए तथा जनपद में लम्पी स्किन रोग के संक्रमण को रोकने के लिए सतत निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

# 18 अगस्त तक कार्ड धारकों को होगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर, दिनांक 07 अगस्त। जिला पूर्ति अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशों के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद बिजनौर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को माह अगस्त-2026 के सापेक्ष आवंटित निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण 18 अगस्त 2026 तक उचित दर की दुकानों के माध्यम से कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्णय के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी 2024 से आगामी पांच वर्षों तक निःशुल्क गेहूं एवं चावल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम हो तथा राष्ट्रीय स्तर पर एकरूपता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने बताया कि अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किलोग्राम गेहूं एवं 14 किलोग्राम चावल (कुल 35 किलोग्राम) निःशुल्क वितरित किया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को प्रति यूनिट 3 किलोग्राम गेहूं एवं 2 किलोग्राम चावल (कुल 5 किलोग्राम) निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राशन वितरण के दौरान पोर्टेबिलिटी (वन नेशन, वन राशन कार्ड) की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। लाभार्थी अपनी सुविधा अनुसार किसी भी उचित दर की दुकान से उपलब्ध स्टॉक के अनुसार खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 18 अगस्त 2026 वितरण की अंतिम तिथि होगी। इस दिन आधार प्रमाणीकरण से खाद्यान्न प्राप्त न कर पाने वाले पात्र लाभार्थियों को मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से भी निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ई-पॉस मशीन से जारी होने वाली वितरण पर्ची पर खाद्यान्न का मूल्य शून्य अंकित रहेगा तथा प्रत्येक लाभार्थी को वितरण पर्ची उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। उचित दर की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा अपराह्न 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से किया जाएगा। वितरण व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रत्येक उचित दर दुकान पर जिलाधिकारी के स्तर से नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि खाद्यान्न का वितरण पूर्ण पारदर्शिता एवं शासन के निर्देशों के अनुरूप किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी अपने अनुमन्य खाद्यान्न से वंचित न रहे।

# 12 सितम्बर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर, 07 अगस्त,। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार दिनांक 12 सितम्बर, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से जनपद न्यायालय बिजनौर सहित जनपद एवं बाह्य स्थित न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित समझौतायोग्य वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निःशुल्क एवं त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इसमें धारा-138 एन.आई. एक्ट, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम (लेबर) विवाद, बिजली एवं पानी के बिल, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, राजस्व वाद, भूमि अधिग्रहण, सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन-भत्ते तथा अन्य दीवानी एवं आपराधिक शमनीय वादों का निस्तारण किया जाएगा।

उन्होंने सभी वादकारियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान कराएं तथा समय, धन एवं अनावश्यक न्यायिक प्रक्रिया से बचते हुए इस जनहितकारी व्यवस्था का लाभ उठाएं।

# ब्लॉक पेंटिंग और बांधनी कला से छात्राओं ने सजाए वस्त्र

## गृह विज्ञान प्रयोगशाला में छात्राओं को दिया गया रचनात्मक एवं प्रयोगात्मक प्रशिक्षण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज, साहनपुर में शुक्रवार को गृह विज्ञान प्रयोगशाला में छात्राओं को ब्लॉक पेंटिंग एवं बांधनी कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रूमाल एवं कुर्ते पर आकर्षक डिजाइनों में ब्लॉक पेंटिंग तथा बांधनी का कार्य किया।

गृह विज्ञान शिक्षिका श्रीमती शिल्पी वर्मा के निर्देशन में छात्राओं ने वस्त्रों की सज्जा की विभिन्न तकनीकों को प्रयोगात्मक रूप से सीखा। छात्राओं ने रंगों एवं डिजाइनों का सुंदर संयोजन करते हुए साधारण वस्त्रों को आकर्षक एवं कलात्मक रूप प्रदान किया। इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं को पारंपरिक कला के साथ-साथ रचनात्मकता, कौशल विकास और स्वावलंबन की दिशा में भी प्रेरित किया गया।

प्रशिक्षण में अमीर जहां, दीपांशी, अलीशा, प्रिया, पायल, दामिनी, गायत्री, ज्योति, इल्मा, आंचल, खुशबू सहित अन्य छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और वस्त्र परिसज्जा की बारीकियां सीखीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पाठ्यक्रम के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों एवं प्रयोगात्मक प्रशिक्षण का विशेष महत्व है। उन्होंने छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, कौशल एवं आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करते हैं।

विद्यालय में आयोजित इस गतिविधि से छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक एवं कौशलपरक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की इच्छा व्यक्त की।

# मेडिकल अस्पताल में सक्रिय ठग, डॉक्टर बनकर महिला को बनाया शिकार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर - जिला मेडिकल अस्पताल में डॉक्टर बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। अस्पताल में अपने पति का इलाज कराने आई एक महिला को ठग ने डॉक्टर बनकर झांसे में लिया और खून चढ़ाने की आवश्यकता बताकर उससे 1100 ठग लिए।

पीड़िता के अनुसार आरोपी ने खुद को अस्पताल का डॉक्टर बताते हुए जल्द खून की व्यवस्था कराने की बात कही और इसी बहाने नकद रुपये ले लिए। कुछ देर बाद जब महिला को पूरे मामले पर संदेह हुआ और उसने अस्पताल कर्मियों से जानकारी की, तब उसे पता चला कि उसके साथ ठगी हो चुकी है।

घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर में ठग मरीजों और उनके तीमारदारों को निशाना बना रहे हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

फिलहाल मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। अस्पताल प्रशासन और पुलिस से आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# विदेशी फंडिंग पर पारदर्शिता के लिए भारत ने गिनाए दूसरे देशों के कानून

## कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप के प्रावधानों का दिया उदाहरण; सरकार बोली- विदेशी प्रभाव से निपटने के लिए नियम जरूरी

समाज जागरण

नई दिल्ली। एफसीआरए में प्रस्तावित संशोधनों को लेकर विदेशी टिप्पणियों के बीच भारत सरकार ने विदेशी फंडिंग और बाहरी प्रभाव को नियंत्रित करने वाले दूसरे लोकतांत्रिक देशों के कानूनों का उदाहरण दिया है।

सरकार का कहना है कि विदेशी धन के प्रवाह और संभावित विदेशी प्रभाव को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करना दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों की प्राथमिकता बन चुका है।

### कनाडा ने 2024 में बनाया नया कानून

सरकार के अनुसार कनाडा ने वर्ष 2024 में 'फॉरेन इन्फ्लुएंस ट्रांसपेरेंसी एंड अकाउंटेबिलिटी एक्ट' लागू किया। इसके प्रस्तावना भाग में विदेशी हस्तक्षेप को कम करने के लिए पंजीकरण तंत्र की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

भारत सरकार का कहना है कि भारत वर्ष 1976 से विदेशी योगदान से संबंधित कानूनी ढांचा बनाए हुए है।

### अमेरिका में FARA का सख्त अनुपालन

सरकार ने अमेरिका के 'फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट' (FARA) का भी उल्लेख किया। सरकार के मुताबिक अमेरिका में इस कानून के अनुपालन को अधिक सख्ती से लागू करने के लिए वर्ष 2025 में संघीय एजेंसियों को निर्देश दिए गए थे।

भारत का तर्क है कि विदेशी फंडिंग और विदेशी प्रभाव को लेकर नियम केवल भारत में ही नहीं, बल्कि कई लोकतांत्रिक देशों में मौजूद हैं।

### ब्रिटेन और यूरोप में भी विदेशी प्रभाव पर नजर

सरकार के अनुसार ब्रिटेन की 'फॉरेन इन्फ्लुएंस रजिस्ट्रेशन स्कीम' राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 2023 का हिस्सा है और 1 जुलाई 2025 से लागू हुई।

यूरोपीय संघ में भी विदेशी हस्तक्षेप को लेकर पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। सरकार के अनुसार एक यूरोबैरोमीटर सर्वेक्षण में 81 प्रतिशत यूरोपीय नागरिकों ने गुप्त विदेशी हस्तक्षेप को गंभीर समस्या बताया था।

### लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुरक्षा पर जोर

भारत सरकार के मुताबिक विदेशी धन, निर्देश या संस्थागत संबंध यदि घरेलू सार्वजनिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं, तो उनके संबंध में पारदर्शिता जरूरी है। नियमों के उल्लंघन या जानकारी छिपाने की स्थिति में दंड का प्रावधान भी आवश्यक है।

सरकार का कहना है कि एफसीआरए का उद्देश्य वैध सामाजिक या परोपकारी गतिविधियों पर रोक लगाना नहीं, बल्कि विदेशी योगदान के प्राप्त होने और इस्तेमाल में पारदर्शिता तथा भारतीय कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करना है।

**एक नजर में : एफसीआरए**

**पूरा नाम: फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन (रेगुलेशन) एक्ट**

उद्देश्यः विदेशी योगदान के प्राप्ति और उपयोग को नियंत्रित करना

संबंधित संस्थाएंः एनजीओ, ट्रस्ट, संगठन, कंपनियां आदि

प्रमुख पहलूः विदेशी फंडिंग, लेखा-जोखा और रिपोर्टिंग

प्रशासनः केंद्रीय गृह मंत्रालय

सरकार का तर्कः विदेशी फंडिंग में पारदर्शिता और भारतीय कानूनों का अनुपालन

अंतरराष्ट्रीय संदर्भः अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोपीय देशों में भी विदेशी प्रभाव एवं फंडिंग से जुड़े कानूनी प्रावधान

### श्रीलंका यात्रा में विकास सहयोग पर हुई चर्चा

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने विदेश सचिव की श्रीलंका यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के दौरान विकास सहयोग, मछुआरों से जुड़े मुद्दों, विभिन्न विकास परियोजनाओं और चक्रवात 'दितवाह' के बाद शुरू किए गए नए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

विदेश सचिव ने श्रीलंका के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इसके अलावा श्रीलंका के विदेश मंत्री और अपने समकक्ष श्रीलंका के विदेश सचिव के साथ भी बैठक हुई। इन मुलाकातों में दोनों देशों के बीच सहयोग और विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

(इनपुट : आईएएनएस)

# बारिश के बीच नोएडा प्राधिकरण ने किया सेक्टरों का निरीक्षण, जलभराव नहीं मिला

संदीप गर्ग / नोएडा। वर्षा के मद्देनजर नौएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक (सिविल) ए.के. अरोड़ा ने वर्क सर्किल-9 के अंतर्गत आवासीय एवं



संस्थागत क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारी, अभियंता और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान सेक्टर-94, 125, 126, 127, सेक्टर-94 अंडरपास, सेक्टर-96 अंडरपास, हाजीपुर अंडरपास सहित आसपास की 45 मीटर चौड़ी सड़कों का जायजा लिया गया। प्राधिकरण के अनुसार अधिकांश स्थानों पर जलभराव नहीं मिला। कुछ स्थानों पर पनकटों में सफाई की आवश्यकता पाई गई, जिसे तत्काल साफ कराया गया।

सेक्टर-135 स्थित एचआईजी डुप्लेक्स भवनों का भी निरीक्षण किया गया। यहां भी जलभराव की स्थिति नहीं मिली। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को वर्षा के दौरान समर्पित श्रमिक दल के साथ क्षेत्र में उपस्थित रहने और जलभराव की स्थिति पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भारी बारिश के बीच भी IHE-2026 में उमड़ा हॉस्पिटैलिटी जगत

## थाईलैंड के प्रधानमंत्री कार्यालय से संबद्ध मंत्री ने किया दौरा, पाक कला और डिजाइन कार्यक्रम रहे आकर्षण

संदीप गर्ग / ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा। 07 अगस्त। इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो (IHE-2026) के तीसरे दिन वैश्विक सहभागिता को मजबूती मिली। थाईलैंड के प्रधानमंत्री कार्यालय से संबद्ध मंत्री नपिन्तोर्न श्रीसुनपांग ने प्रतिनिधिमंडल के साथ इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट का दौरा किया। इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल को प्रदर्शनी परिसर में हॉस्पिटैलिटी, डिजाइन और नवाचार से जुड़ी आधुनिक तकनीकों एवं उत्पादों की जानकारी दी गई।

भारी बारिश के बावजूद एक्सपो में होटल, रेस्तरां, वास्तुकला, आंतरिक सज्जा, खरीद प्रबंधन, पाक कला और हॉस्पिटैलिटी समाधान से जुड़े बड़ी संख्या में पेशेवर पहुंचे। तीसरे दिन IIID ट्रेड कनेक्ट-2026 और हॉस्पिटैलिटी डिजाइन संगोष्ठी-2026 में डिजाइन, तकनीक, कार्यक्षमता और हॉस्पिटैलिटी संचालन के बदलते स्वरूप पर चर्चा हुई।

### मास्टर बेकर्स चैलेंज रहा आकर्षण

मास्टर बेकर्स चैलेंज इंडिया-2026 में बेकिंग विशेषज्ञों ने अपनी तकनीकी दक्षता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने फोकासिया, बैगेट, ब्रुशेटा, क्विच और पिज्जा सहित विभिन्न व्यंजन तैयार किए।

वहीं, पाक कला की विशेष कक्षाओं में शेफ वैभव कौशिक, शेफ भरत अलघ और शेफ नंदलाल ने



प्रतिभागियों को आधुनिक पाक-कला तकनीकों और अनुभवों से परिचित कराया।

आयोजकों के अनुसार, प्रदर्शनी में होटल समूहों, रेस्तरां, कैफे, रिसॉर्ट, संस्थागत खरीदारों, डिजाइनरों और खरीद विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी रही। प्रदर्शनी में खाद्य सेवा, रसोई तकनीक, बेकरी उपकरण, होटल आपूर्ति, आंतरिक सज्जा और नई तकनीकों से जुड़े उत्पाद प्रदर्शित किए गए। तीन दिनों में मजबूत भागीदारी, ज्ञान-विनिमय और व्यावसायिक संपर्कों के साथ IHE-2026 ने भारतीय हॉस्पिटैलिटी उद्योग के प्रमुख वार्षिक आयोजन के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया।

# टीएमयू के प्रो. राजुल रस्तोगी ने लंदन में दिखाया शोध कौशल

## ग्लोबल एआई कॉन्फ्रेंस में भारत की ओर से सर्वाधिक तीन शोधपत्र किए प्रस्तुत

समाज जागरण

मुरादाबाद। यूनाइटेड किंगडम की राजधानी लंदन स्थित वेस्टमिंस्टर के क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित द्वितीय ग्लोबल एआई कॉन्फ्रेंस-2026 में तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू), मुरादाबाद के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन शोधपत्र प्रस्तुत किए।

TEERTHANKER MAHAVEER UNIVERSITY Moradabad
Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC





सम्मेलन में कुल 138 शोधपत्र स्वीकृत किए गए थे, जिनमें भारत से चार शोधपत्र चुने गए। इनमें प्रो. रस्तोगी ने सर्वाधिक तीन शोधपत्र प्रस्तुत कर अपनी चिकित्सा एवं तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। उन्होंने पैपिलीडेमा की पहचान, घुटने के ऑस्टियोआर्थराइटिस की शुरू आती पहचान तथा अल्जाइमर रोग और मधुमेह के संबंध में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग आधारित मॉडलों पर अपने शोध प्रस्तुत किए।

प्रो. रस्तोगी के अनुसार, सम्मेलन में 45 देशों के 952 से अधिक संस्थानों के करीब एक हजार प्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में रेडियोलॉजी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक उपयोग, इमेज एक्विजिशन से लेकर नैदानिक मूल्यांकन तक एआई के एकीकरण पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में नैदानिक कार्यप्रवाह में एआई का समावेश, उभरती चिकित्सा तकनीकों में दक्षता और नई पीढ़ी के रेडियोलॉजिस्टों को प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया गया।

समाज जागरण
दिल्ली-एनसीआर से प्रकाशित व देश के प्रमुख हिंदी प्रदेशों में प्रसारित
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

### मुरादाबाद में तीन आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई, 2.37 करोड़ की संपत्ति कुर्क

मुरादाबाद। अपराध और कुख्यात माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मुरादाबाद पुलिस ने तीन अभियुक्तों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई करीब 2 करोड़ 37 लाख 39 हजार 297 रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्ति को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 107 के अंतर्गत कुर्क किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश सरकार की अपराध और माफिया के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति के तहत की गई है।

# आईएमएस नोएडा में रिवर्स कोडिंग ट्रेजर हंट का आयोजन

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर 62 स्थित आईएमएस नोएडा के स्कूल ऑफ आईटी के कोडिंग क्लब द्वारा 'कोडक्वेस्ट-2026 : रिवर्स कोडिंग ट्रेजर हंट' का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रोग्रामिंग, तार्किक विश्लेषण, समस्या समाधान क्षमता तथा टीमवर्क को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रिवर्स कोडिंग चुनौतियों को हल करते हुए अगले चरण के सुराग प्राप्त किए। इस अनूठी प्रतियोगिता ने कोडिंग को रोमांचक ट्रेजर हंट का रूप दिया, जिससे प्रतिभागियों ने तकनीकी ज्ञान, रचनात्मक सोच, तार्किक क्षमता और टीम समन्वय का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की समन्वयन डॉ. ज्योति



त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में 'एल्गोरिद्म हंटर्स' टीम ने प्रथम, 'चानक्य के चेले' टीम ने द्वितीय तथा 'आवर कोडिंग जर्नी' टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए संस्थान के सलाहकार प्रो. (डॉ.) जे.के. शर्मा ने कहा, कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नवाचार, तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और टीमवर्क जैसी जीवनोपयोगी दक्षताओं का विकास करना भी है। 'कोडक्वेस्ट-2026' जैसे आयोजन विद्यार्थियों को सीखने का व्यावहारिक मंच प्रदान करेगा, जिससे वे वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक सक्षम बनेंगे।

वहीं स्कूल ऑफ आईटी के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अजय गुप्ता ने कहा कि "आज के डिजिटल युग में केवल कोडिंग सीखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समस्याओं का तार्किक विश्लेषण, नवाचार और टीम के साथ मिलकर समाधान विकसित करने की क्षमता भी उतनी ही आवश्यक है। 'कोडक्वेस्ट-2026' विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता के साथ-साथ आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और उद्योगोन्मुखी सोच का विकास करेंगे, जिससे उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार किया जा सके।

# दिल्ली में श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ ऐतिहासिक 'मोहल्ला नगर कीर्तन'

## गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं और गुरु परंपरा को समर्पित आयोजन में उमड़ी संगत

रवींद्र आर्य/समाज जागरण

नई दिल्ली, 7 अगस्त। पहले गुरु जगतगुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज की पवित्र शिक्षाओं और गुरु परंपरा को समर्पित ऐतिहासिक 'मोहल्ला नगर कीर्तन' श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन में शामिल होकर गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

नगर कीर्तन की शुरूआत ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब से हुई। संगत गुरबाणी कीर्तन, शबद गायन और गुरु साहिब के जयकारों के बीच गुरुद्वारा बंगला साहिब पहुंची, जहां मत्था टेकने के बाद जुलूस गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब की ओर रवाना हुआ। अरदास के साथ धार्मिक यात्रा का समापन हुआ।

नगर कीर्तन के मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर पेयजल, लंगर और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई। पूरे मार्ग में 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों और गुरबाणी की मधुर धुनों



से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

आयोजन के माध्यम से सेवा, समानता, भाईचारे, त्याग और मानव कल्याण का संदेश दिया गया। श्रद्धालुओं ने पूरी मयार्दा और अनुशासन के साथ सहभागिता कर समाज में प्रेम, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी संगत का स्वागत किया।

# पराग दुग्ध बूथ के लिए सार्वजनिक स्थानों के आवंटन पर रोक की मांग

## रेहड़ी-पटरी संचालक संगठन ने नोएडा प्राधिकरण को सौंपा पत्र, पात्र पथ विक्रेताओं को पहले व्यापार स्थल देने की मांग

समाज जागरण

नोएडा। राष्ट्रीय संगठन रेहड़ी-पटरी संचालक ने नोएडा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न सेक्टरों में पराग दुग्ध बूथ स्थापित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों के आवंटन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता ने इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र सौंपकर पथ विक्रेता संरक्षण एवं नियमन अधिनियम, 2014 तथा उत्तर प्रदेश पथ विक्रय नियमावली, 2017 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न सेक्टरों में पराग दुग्ध बूथ स्थापित करने के लिए 10.10 वर्गफुट सार्वजनिक स्थानों का आवंटन किए जाने की जानकारी मिली है। संगठन ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि नोएडा में हजारों पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण होने के बावजूद बड़ी संख्या में पात्र पथ विक्रेताओं को अब तक पथ विक्रय प्रमाण-पत्र, निर्धारित विक्रय क्षेत्र और स्थायी व्यापार स्थल उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। संगठन के अनुसार, जिन सार्वजनिक स्थानों पर अन्य प्रयोजनों के लिए आवंटन किया जा रहा है, उन्हीं स्थानों पर पथ विक्रेताओं के लिए भी व्यापार की व्यवस्था की जानी चाहिए। ऐसा नहीं होने से पथ विक्रेताओं के वैधानिक अधिकार प्रभावित हो सकते हैं।

संगठन ने मांग की है कि पहले नगर पथ विक्रय समिति की बैठक बुलाकर नियमानुसार विक्रय क्षेत्र निर्धारित किए जाएं। इसके बाद सर्वेक्षण में पात्र पाए गए पथ विक्रेताओं को प्राथमिकता के आधार पर पथ विक्रय प्रमाण-पत्र तथा वैध व्यापार स्थल उपलब्ध कराया जाए।

पत्र में पराग दुग्ध बूथ योजना से संबंधित आदेशों, स्वीकृतियों और स्थान आवंटन की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग भी की गई है। संगठन ने प्राधिकरण से सात दिन के भीतर प्रार्थना-पत्र पर निर्णय लेने का अनुरोध किया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में उचित कार्रवाई नहीं होने पर वह अपने वैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर संबंधित कार्यवाही को चुनौती देने तथा आवश्यक अंतरिम राहत प्राप्त करने के लिए विधिक कदम उठाएगा।

पत्र की प्रतिलिपि प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन; जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर; अध्यक्ष, नगर पथ विक्रय समिति, नोएडा तथा नोएडा प्राधिकरण के मुख्य महाप्रबंधक (योजना) को भी भेजी गई है।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में चलेगा व्यापक नशामुक्ति अभियान

## प्रतिदिन विद्यार्थियों को दिलाई जाएगी दो मिनट की नशामुक्ति शपथ, संस्थानों के 500 मीटर दायरे में नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक

समाज जागरण

लखनऊ, 7 अगस्त। उत्तर प्रदेश सरकार ने विकसित एवं स्वस्थ भारत के निर्माण के उद्देश्य से प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में व्यापक नशामुक्ति अभियान चलाने का निर्णय लिया है। विधानसभा परिसर में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों एवं परीक्षा नियंत्रकों की बैठक में अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तय की गई।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि युवा शक्ति विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखकर प्रदेश और देश के भविष्य को अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है।

बैठक में तय किया गया कि प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में प्रत्येक कार्यदिवस विद्यार्थियों को दो मिनट की नशामुक्ति शपथ दिलाई जाएगी। इसके अलावा दौड़,



मैराथन, पथ संचलन, भाषण, निबंध, चित्रकला, नाटक और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाएगी। प्रत्येक शिक्षक सप्ताह में एक बार कक्षा के अंतिम दस मिनट नशामुक्ति विषय पर विद्यार्थियों से संवाद करेंगे।

नशे की रोकथाम के लिए शिक्षण संस्थानों के 500 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्त रोक सुनिश्चित की जाएगी। छात्रावासों, कैंटीनों और परिसर में नियमित निरीक्षण होंगे। ऑनलाइन वितरण और कूरियर के माध्यम से आने वाली सामग्री की प्रवेश द्वार पर जांच की जाएगी। नशे की प्रवृत्ति वाले विद्यार्थियों की पहचान कर उनकी परामर्श सेवा कराई जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर अभिभावकों से भी संवाद किया जाएगा।

अभियान की निगरानी के लिए प्रदेश को पांच क्षेत्रों में बांटकर वरिष्ठ अधिकारियों को क्षेत्रीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। विश्वविद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर भी नोडल अधिकारियों के माध्यम से अभियान की नियमित निगरानी की जाएगी। परिसर एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार सामग्री, भित्ति चित्र और सामाजिक माध्यमों के जरिए भी अभियान को व्यापक बनाया जाएगा।

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल सहित विधायक एवं विभागीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# आईटीआई अभ्यर्थियों को संस्थान और ट्रेड बदलने का मौका, 9 से 12 अगस्त तक खुलेगा पोर्टल

समाज जागरण

लखनऊ, 7 अगस्त। राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को संस्थान और व्यवसाय (ट्रेड) के विकल्प बदलने या नए विकल्प जोड़ने का अवसर दिया गया है। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल 9 से 12 अगस्त 2026 तक खुला रहेगा।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के विशेष सचिव एवं एससीवीटी के अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह के अनुसार, आईटीआई में प्रवेश की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 जुलाई से जारी है। भारत सरकार के प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) से प्राप्त अद्यतन सीट विवरण के आधार पर पोर्टल पर सीटें प्रदर्शित की गई हैं। संस्थानों में पाठ्यक्रमों की मैपिंग में हुए बदलाव और लंबित मैपिंग पूरी होने के कारण एनसीवीटी और एससीवीटी दोनों पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या में वृद्धि हुई है।

अद्यतन सीट विवरण के आधार पर सभी ऑनलाइन आवेदक अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुसार 9 से 12 अगस्त के बीच एससीवीटी उत्तर प्रदेश पोर्टल पर जाकर पसंदीदा संस्थान और ट्रेड के विकल्प बदल या नए विकल्प जोड़ सकेंगे।

विभाग द्वारा अभ्यर्थियों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश भेजकर भी इसकी जानकारी दी जा रही है। विभाग का कहना है कि विकल्पों में बदलाव की सुविधा से अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के संस्थान और ट्रेड में प्रवेश पाने का बेहतर अवसर मिलेगा।

# आगरा में दूसरे सोमवार को यातायात डायवर्जन, 9 अगस्त शाम से लागू होगी व्यवस्था

आगरा। श्रावण माह के आगामी दूसरे सोमवार को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए आगरा पुलिस ने विशेष यातायात योजना लागू करने की घोषणा की है। आगरा पुलिस के अनुसार 9 अगस्त 2026 को शाम 4 बजे से 10 अगस्त को कार्यक्रम समाप्त होने तक शहर में निर्धारित मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। पुलिस ने वाहन चालकों, श्रद्धालुओं और आमजन से अपील की है कि कांवड़ यात्रा मार्ग, परिक्रमा मार्ग तथा प्रमुख शिव मंदिरों पर पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के दौरान धैर्य बनाए रखें। निर्धारित डायवर्जन एवं वैकल्पिक मार्गों का ही प्रयोग करें और यातायात पुलिस का सहयोग करें। यातायात संबंधी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 9454457886 जारी किया गया है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# महाराणा प्रताप स्कूल में चल रहे स्काउट शिविर का हुआ समापन

**समाज जागरण बागपत।**

भारत स्काउट और गाइड बागपत के तत्वावधान में महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल टटीरी में चल रहे तृतीय सोपान जांच शिविर के अंतिम दिन सर्वप्रथम प्रातः काल सर्वधर्म प्रार्थना से दिन का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे मार्च पास्ट, झंडा गीत, प्रार्थना, राष्ट्रगान, प्रतिज्ञा आदि की मौखिक प्रश्नोत्तरी हुई तत्पश्चात तृतीय सोपान का लिखित टेस्ट लिया गया। 11 बजे से समापन कार्यक्रम की शुरूआत की गई । इस कार्यक्रम में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ मंडल मुख्य अतिथि के रूप में



उपस्थित रहे उनके समक्ष स्काउट्स ने मीनार ,तंबू ,गांठे, पट्टियों, स्ट्रेचर आदि का प्रदर्शन किया। दिव्या एवम अनुभव धामा ने आज की गतिविधियों में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त अमित कुमार ने स्काउटिंग और गाइडिंग संबंधी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और कैम्प के संचालन के सराहना की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यायुक्त डॉ सुरेश कौशिक एवम नरेश कुमार भी उपस्थित रहे। इस कैंप के सफल संचालन में जिला कोषाध्यक्ष अनुज कौशिक, जिला संगठन आयुक्त अशोक बंधु एवं शशिबाला, जिला ट्रेनिंग आयुक्त वंशम पंवार एवम शिवानी, जिला आई टी कॉर्डिनेटर गगन , शाकिर और जतिन ने सहयोग किया। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल टटीरी के प्रबंधक मनोज आर्य ने सभी स्काउटिंग अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# घर में घुसकर विवाहिता से अश्लील हरकत का आरोप, जबरन मोबाइल थमाने की शिकायत

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने गांव के ही एक युवक पर घर में घुसकर अश्लील हरकत करने और जबरन मोबाइल फोन व सिम कार्ड थमाकर बात करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक उसके घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकत की। विरोध करने पर आरोपी ने जबरदस्ती उसके हाथ में मोबाइल फोन और सिम कार्ड थमा दिया तथा फोन पर बातचीत करने का दबाव बनाया। किसी तरह आरोपी के जाने के बाद विवाहिता ने मामले की जानकारी अपने पति और परिजनों को दी।परिजन विवाहिता को साथ लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने मामले पीड़ित महिला व उसके परिवार को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# घर से नकदी व जेवर लेकर युवती लापता, पिता ने लगे बरामद करने की गुहार

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के एक गांव की 20 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवती घर में रखी करीब 30 हजार रुपये की नकदी, मंगलसूत्र समेत सोने-चांदी के जेवरात और मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गई। पीड़ित पिता ने अज्ञात व्यक्ति पर पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई है।पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खेत पर गया हुआ था। उस समय उसकी 20 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। खेत से लौटने पर पुत्री घर पर नहीं मिली। तलाश करने पर पता चला कि घर में रखी करीब 30 हजार रुपये की नगदी, मंगलसूत्र समेत सोने-चांदी के जेवरात और उसका मोबाइल फोन भी गायब है।पीड़ित का कहना है कि उसकी पुत्री एक मोबाइल नंबर पर बातचीत कर उसी नंबर के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे अपने साथ ले जाने की आशंका जताई गई है। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका।शुक्रवार को पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी और पुत्री की सकुशल बरामदगी की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# शिवाला मंदिर के बाहर अतिक्रमण और गंदगी पर डीएम से शिकायत

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग) कस्बे के प्राचीन शिवाला मंदिर के आसपास अतिक्रमण और सफाई व्यवस्था को लेकर मंदिर ट्रस्ट ने नाराजगी जताई है। मंदिर ट्रस्ट की अध्यक्ष अधिवक्ता शालिनी कौशिक ने जिलाधिकारी से शिकायत कर अतिक्रमण हटवाने और सावन माह में नियमित सफाई कराने की मांग की है।शुक्रवार को अधिवक्ता शालिनी कौशिक ने बताया कि श्रावण



माह शुरू होने से पहले भी मंदिर परिसर और आसपास साफ-सफाई कराने के लिए उप जिलाधिकारी कैराना से शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद नगर पालिका को आवश्यक निर्देश भी जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद मंदिर के आसपास सफाई नहीं कराई गई।उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने मंदिर के निकट अपने वाहन खड़े कर अतिक्रमण कर रखा है, जिससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सावन माह में मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के बावजूद सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है।मंदिर ट्रस्ट की अध्यक्ष ने मंदिर के बाहर क अतिक्रमण के फोटो वायरल कर एवं जिलाधिकारी से शिकायत कर मंदिर के आसपास से अतिक्रमण हटवाने, नियमित सफाई कराने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# अग्रवाल मंडी टटीरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तीज महोत्सव

### तीज क्वीन बनीं शिखा गुप्ता एवं मनीषा गुप्ता



**समाज जागरण**

अग्रवाल मंडी टटीरी। सावन मास के पावन अवसर पर लायंस क्लब द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की प्रथम महिला मनीषा गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि सरला जैन बड़ौत रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं एवं गेम्स आयोजित किए गए, जिनमें विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तीज क्वीन प्रतियोगिता रही। लॉटरी पर्ची के माध्यम से शिखा गुप्ता एवं मनीषा गुप्ता का चयन तीज क्वीन के रूप में किया गया तथा उन्हें ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। पूर्व में तीज क्वीन रह चुकी महिलाओं को चयन प्रक्रिया से अलग रखा गया, जबकि अविवाहित सदस्यों की ओर से उनकी माता अथवा परिवार की किसी एक महिला की पर्ची शामिल की गई। मुख्य अतिथि सरला जैन ने सभी महिलाओं को सावन एवं तीज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन भारतीय परंपराओं, आपसी सौहार्द एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सावन के पारंपरिक गीतों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। समापन पर सभी के लिए स्वादिष्ट चाट एवं पकौड़ी की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्वेता सिंगल कार्यक्रम चेयरपर्सन, डॉ. कमला अग्रवाल एवं अलका गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

# निवाड़ा में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

### ईनाम उल हसन ने फीता काटकर किया उद्घाटन, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**समाज जागरण**

बागपत। खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और ग्रामीण युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम निवाड़ा में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के खेल प्रेमियों, युवाओं और ग्रामीणों की बड़ी संख्या मौजूद रही। प्रतियोगिता के पहले दिन ही खिलाड़ियों ने रोमांचक प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि , युवक मंगल दल के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता ईनाम उल हसन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल को अनुशासन, समर्पण और खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें सकारात्मक दिशा देने का कार्य करती हैं। खेल आपसी भाईचारे, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करते हैं, इसलिए युवाओं को शिक्षा के साथ खेलों में भी बढ़-



चढ़कर भाग लेना चाहिए। उद्घाटन समारोह में ताहिर, अमजद राजपूत, साजिद प्रधान, साजिद मलिक, मेहताब, राकिब, सैफ खान, जैद, अयान मिर्जा, रौनक, माजिद और आमिर खान सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की। प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। बल्लेबाजों के आकर्षक शॉट और गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजी ने दर्शकों को पूरे समय रोमांचित बनाए रखा। ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के आगामी चरणों में सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को भी नई मजबूती प्रदान करेगा।

# मारपीट के बाद मछली फार्म पर फायरिंग का आरोप

### --पीड़ित ने सुरक्षा की लगाई गुहार, पुलिस बोली,मामला संदिग्ध, जांच के बाद होगी कार्रवाई

**समाज जागरण**



कांधला। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही कई युवकों पर मारपीट करने और बाद में उसके मछली फार्म पर पहुंचकर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी उमेश पुत्र इस्लाम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विगत गुरुवार को गांव के कुछ युवक उसके भतीजे के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। शोर सुनकर वह मौके पर पहुंचा और विरोध किया। आरोप है कि इस दौरान युवकों ने उसके और उसके भतीजे के साथ डंडों से मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को बचाया।पीड़ित का आरोप है कि शाम के समय आरोपी उसके खेत पर बने मछली फार्म पर पहुंचे और वहां तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास किया। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 पुलिस को दी गई। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा कराने की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आरडीआई कोष के तहत सरकार ने हितों के टकराव से बचने के मजबूत उपायों को फिर से दोहराया; योग्यता-आधारित मूल्यांकन ही वित्त पोषण के निर्णयों का आधार

### स्वतंत्र विशेषज्ञ मूल्यांकन, पूर्ण-बहुमत की मंजूरी और हितों के टकराव से जुड़े नियम आरडीआई कोष की निष्पक्षता और ईमानदारी सुनिश्चित करते हैं

### सरकार ने आरडीआई कोष के तहत निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता-आधारित वितरण सुनिश्चित करने वाले बहु-स्तरीय रक्षा-उपायों का विवरण दिया

सरकार ने आज इस बात की पुष्टि की कि अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) कोष को एक मजबूत संस्थागत ढांचे के जरिए लागू किया जा रहा है, जो पारदर्शिता, योग्यता-आधारित मूल्यांकन और हितों के टकराव से जुड़े कड़े सुरक्षा उपायों पर आधारित है। "अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) कोष के तहत हितों के टकराव से जुड़े सुरक्षा उपाय और धन का वितरण" विषय पर एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड और अनुसंधान राष्ट्रीय रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों ने कोष का संचालन करने वाली शासन संरचना, मूल्यांकन के तरीकों और संस्थागत सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि धन से जुड़ा हर फैसला मंजूर किए गए कार्यान्वयन दिशानिर्देशों और स्थापित उचित प्रक्रिया के अनुसार ही लिया जाता है। पत्रकार वार्ता को प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के सचिव श्री राजेश कुमार पाठक और अनुसंधान राष्ट्रीय रिसर्च फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिवकुमार कल्याणरमन ने संबोधित किया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव तथा प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. उमेश वी. वाघमारे ने डिजिटल रूप से जुड़कर अपना संदेश दिया। उन्होंने आरडीआई कोष के कार्यान्वयन में पारदर्शिता, निष्पक्षता और नैतिक शासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। अपने संदेश में, सचिव ने कहा कि सरकार ने हितों के टकराव से जुड़े दिशा-निर्देशों और नियमों का सख्ती से पालन किया है और उन्हें पूरा भरोसा है कि इनका कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उन्होंने विशेषज्ञ समिति के सदस्यों की निष्ठा और नैतिक आचरण पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया और जोर दिया कि डीएसटी, टीडीबी और एएन आरएफ प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड आरडीआई कोष के संचालन में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोष को संचालित करने वाले संस्थागत ढांचे को स्पष्ट करते हुए, अधिकारियों ने बताया कि अनु संधान, विकास और नवाचार ( आरडीआई) कार्यान्वयन दिशानिर्देश स्पष्ट रूप से यह स्वीकार करते हैं कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन करने में सक्षम विशेषज्ञों के पास अक्सर नवाचार तंत्र का पूर्व अनुभव होता है, जिसमें पेशेवर या निवेश संघ शामिल हैं।

# धर्म का मूल आधार दया और अहिंसा : आचार्य श्री आर्जवसागर

**समाज जागरण बागपत।**




बड़ौत के श्री अजितनाथ सभागार में आचार्य भगवन श्री आर्जवसागर महामुनिराज ने अपने मंगल प्रवचन के दौरान धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जंहा पर दया और अहिंसा पलती है वहीं पर करुणा, वात्सल्य, सरलता स्वमेव उपस्थित होकर परोपकार की भावना आती है। अहिंसा का आशय यह विल्कुल नहीं कि आप अपने धर्म की या अपने आप की रक्षा न करो। अहिंसा का अर्थ है किसी जीव को जानबूझकर मारने से बचाना, अपनी जीभ के स्वाद अथवा पेट भरने के लिये किसी जीव की हत्या करनने से बचना उन्होंने कहा कि अनेकों लोग आजीविका को चलाने के लिये बहहुत से जीवों का घात होता हो ऐसे हिंसक व्यापार को करते है, ऐसे व्यापार को नहीं करना चाहिये। वर्तमान में उत्पादन कर्ता बस्तुओं के स्वाद को बढ़ाने के लिये खाद्यान्नों में ऐसे पदार्थो को मिलाने लगे है जो असेवनीय है, जिनमें जानलेवा केमिकल्स मिलाए जाते हैं। और मांसाहारी भी होते हैं।इसलिये बाजार के खाद्यान्न अर्थात फास्ट फूड का त्याग करना चाहिये। उन्होंने वर्तमान जीवन शैली की चर्चा करते हुये कहा कि आजकल महानगरों और नगरों की जिंदगी ऐसी हो गयी है कि पति पत्नी दौनों सर्विस में है बाजार से ही सारी सामग्री आती है नौकर खाना बनाकर जैसा खिला रहे है बैसा भोजन आप लोग कर रहे है, बच्चे बाहर बोर्डिंग स्कूल या होस्टल में शिक्षा प्राप्त रहे है बोर्डिंग से निकले और उच्च अध्यन के लिये सीधे विदेश में निकल गये तो उनके अंदर संस्कार कंहा से आऐंगे, फास्टफूड को खाकर अपनी जिंदगी चला रहे है, इधर मां बाप अकेले है और उधर बच्चे अकेले है और कई बच्चे तो उधर ही अपना जीवनसाथी चुनकर वहीं अपना निजी घर वसा लेते है, मां बाप के अंतिम समय पड़ोसी या मौहल्ले वाले ही आपका अंतिम संस्कार कर देते है। सभा का संचालन ऋषिका दीदी ने किया। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, महेंद्र जैन, नवीन जैन, वरदान जैन, विकास जैन, अंकुर जैन, सुरेश जैन, संजीव जैन, अनिल जैन, ऋषभ जैन, अनुज जैन, नितिन जैन, अंकित जैन आदि उपस्थित थे।

# बारिश बनी आफत: दो सगे भाइयों के कच्चे मकानों की छत गिरी , हजारों का सामान मलबे में दबा

**समाज जागरण**





कांधला।(फुरकान जंग) नगर एवं क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते विकासखंड क्षेत्र की देहात कॉलोनी स्थित बिजलीघर मार्ग पर बड़ा हादसा टल गया। यहां दो सगे भाइयों के कच्चे मकानों की छत अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि परिवार के सदस्य समय रहते बाहर निकल आए, जिससे सभी की जान बच गई। हालांकि हादसे में हजारों रुपये का घरेलू सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया, जबकि परिवार के कुछ लोगों को मामूली चोटें भी आई हैं। विकासखंड क्षेत्र की देहात कॉलोनी निवासी जहीर और ताहिर सगे भाई हैं। दोनों के मकान साथ-साथ बने हुए हैं और उनकी छतें कच्ची हैं। परिजनों के अनुसार शुक्रवार तड़के सभी लोग मकान के भीतर सो रहे थे। तभी अचानक छत से मिट्टी और मलबा गिरने लगा। खतरे का आभास होते ही परिवार के सदस्य आनन-फानन में बाहर निकल आए। कुछ ही क्षण बाद दोनों मकानों की छत भरभराकर गिर गई।छत गिरने से घर में रखा घरेलू सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे परिवार को हजारों रुपये का नुकसान हुआ। हादसे के बाद परिवार दहशत में है और खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैपीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा क्षति का सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# रुपयों के लेनदेन को लेकर महिला से मारपीट का आरोप, कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

कांधला। कस्बे की एक महिला ने रुपयों के लेनदेन के विवाद में पड़ोस के दो व्यक्तियों व उनके परिवार की महिलाओं पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शुक्रवार को कस्बे के घसोली मार्ग निवासी महिला नसकीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति पर उसके रुपये बकाया थे। वह अपने रुपये लेने के लिए उसके घर पहुंची थी। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने उसे कमरे में बंद कर लिया और परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने मारपीट का वीडियो भी अपने मोबाइल फोन से बना लिया।पीड़िता का कहना है कि वह किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर अपने घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में पीड़ित महिला को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सरकारी योजनाओं से लाभ के लिए वरदान बनी दून में इंटर के छात्र कानपुर के विहान की "ग्रांटली"

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। किसी भी देश के उज्जवल भविष्य का आधार उसके मेधावी छात्र ही हुआ करते हैं। यहां के ऐसे ही एक बहुत प्रतिभाशाली और मेधावी छात्र का नाम है - विहान झुनझुनवाला, जिसके द्वारा स्थापित निःशुल्क मंच "ग्रांटली" छात्रों, महिलाओं, श्रमिकों समेत सभी पात्र परिवारों को उनकी भाषा में सरकारी योजनाओं एवं छात्रवृत्तियों तक पहुँचाता है, और अब होनहार बिरवान के होत चीकने पात की लोक कहावत को चरितार्थ करते हुए जन सेवा में अग्रणी लोक कल्याणकारी अपने निःशुल्क मंच ग्रांटली के माध्यम से कानपुर का नाम रोशन करने वाले इस छात्र विहान झुनझुनवाला को अब प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु नामांकित भी किया गया है।



जहां तक इस होनहार छात्र विहान झुनझुनवाला की सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने वाले उनके निःशुल्क मंच "ग्रांटली" का सवाल है। यह देश और समाज के हित में बहुत महत्वपूर्ण और लाभदायी इस लिए है ,क्योंकि हर साल करोड़ों रुपये की सरकारी योजनाएँ अनु पयोगी रह जाती हैं ,क्योंकि ग्रांटली से पहले किसी ने योजनाओं के पात्रों की उनकी भाषा एवं तरीके से नहीं समझाया जो उनके लिए सुलभ हो। यही वजह है कि सरकारी योजनाओं का लाभ और उसके पात्रों के बीच बहुत बड़ी दूरी है। और इसी दूरी को पाटने के लिए जाने-माने उद्योगपति, व्यवसाई और प्रखर समाज सेवी मयंक झुनझुनवाला के सुपुत्र द दून स्कूल, देहरादून के कक्षा 12 के बहु प्रतिभाशाली छात्र विहान झुनझुनवाला ने इस गर्मी हर किसी मसलन छात्रों, महिलाओं, श्रमिकों एवं सभी परिवारों के लिए जनहित में इस बहु उपयोगी वह भी पूर्ण रूप से निःशुल्क गैर-व्यावसायिक मंच "ग्रांटली" की शुरूआत की, जिसकी हिंदी-प्रथम वेबसाइट पर एक पात्रता-जाँच टूल, एक व्हाट्सऐप हेल्पलाइन, तथा टीम द्वारा कानपुर भर में आयोजित प्रत्यक्ष सत्र भी उपलब्ध हैं। प्रत्येक योजना-तथ्य के साथ उसका आधिकारिक सरकारी स्रोत एवं "अंतिम सत्यापन तिथि" भी जुड़ी है। द दून स्कूल, देहरादून के कक्षा12 के छात्र विहान इसे एक अनिवार्य अनुशासन बताते हैं। सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में लगातार सफल संस्थापक छात्र विहान एवं प्रशिक्षित छात्र एवं सामुदायिक स्वयंसेवकों की टीम द्वारा संचालित निःशुल्क मंच ग्रांटली 250 लोगों तक पहुँच के रूप में विद्यालयों/महाविद्यालयों में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पंजीकरण पर छात्र वृत्ति-सहायता शिविर,स्वयं सहायता समूह, कौशल-विकास एवं ऋण योजनाओं पर महिला आजीविका कार्यशालाएं,तथा लघु व्यवसायियों हेतु ग्रीन-फाइनेंस एवं एम एस एम योजनाओं समेत कई मोर्चों पर फैला है। जिसके फलस्वरुप अब किसी भी पात्र को सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए सरकारी दफ़्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत ही नहीं है। मतलब सरकारी योजनाओं और पात्रों के बीच जो दूरी है। उसी को पाटने की सफल कोशिश का नाम है - इस बहु प्रतिभाशाली होनहार छात्र विहान झुनझुनवाला की ग्रांटली ,जो न शुल्क लेता है, न ऋण बेचता है, न ही कमीशन लेता है। यह बस केवल उनका स्थान लिए बगैर माई स्कीम एवं राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल जैसे आधिकारिक पोर्टलों तक मार्गदर्शन करता है। फिलहाल होनहार मेधावी छात्र विहान झुनझुनवाला ने सामाजिक सेवा श्रेणी के तहत इस पहल को बच्चों हेतु सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकित भी किया है।

# 10 नए पुलों के निर्माण की मांग, सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने मंत्री को लिखा पत्र

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**


डॉ. मोहम्मद जावेद
Dr. Mohammad Jawed
Member of Parliament, Lok Sabha

7 अगस्त। किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में वर्षों से लंबित पुल निर्माण की मांग को लेकर सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री को पत्र लिखकर 10 महत्वपूर्ण पुल योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इन पुलों के निर्माण से लाखों लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

सांसद ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि किशनगंज लोकसभा क्षेत्र नदियों से घिरा हुआ है। कई पंचायतों के लोगों को आज भी जिला मुख्यालय, अनुमंडल मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने के लिए जान जोखिम में डालकर नाव से नदी पार करनी पड़ती है। विशेषकर बाढ़ के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। राशन, दवा, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचना कठिन हो जाता है, जिससे क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं।

डॉ. जावेद ने कहा कि जनहित को देखते हुए इन सभी पुलों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि प्रस्तावित सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।

सांसद द्वारा जिन प्रमुख पुलों की मांग की गई है, उनमें पोठिया प्रखंड के भोटाथाना पंचायत स्थित निश्चितपुर घाट पर महानंदा नदी, बैसा प्रखंड के आशियानी पंचायत में रियाद अली धार, दिघलबैंक प्रखंड के पलसा घाट पर कनकई नदी, टेढ़ागाछ प्रखंड के हवाकोल पंचायत के सुहिया घाट पर रतवा नदी, बैसा प्रखंड के कनफलिया पंचायत के सिल्ला घाट पर महानंदा नदी, टेढ़ागाछ प्रखंड के चिलहनिया पंचायत के सुहिया घाट सहित बायसी एवं डगरूआ प्रखंड के विभिन्न स्थलों पर पुल निर्माण के प्रस्ताव शामिल हैं।

सांसद ने अपने पत्र की प्रतिलिपि पथ निर्माण विभाग के सचिव, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड तथा संबंधित अभियंताओं को भी भेजते हुए सभी प्रस्तावित पुल योजनाओं पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैंक प्रबंधकों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार की बैठक

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

7 अगस्त। आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज द्वारा शुक्रवार को जिले के विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी बैंकों के शाखा प्रबंधकों और प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ओम शंकर ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए सचिव ओम शंकर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आपसी सहमति के आधार पर लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निपटारा करना है, जिससे आम लोगों को लंबे समय तक न्यायालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल सके।



उन्होंने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया कि बैंक ऋण से संबंधित बकायेदारों को अधिक से अधिक संख्या में नोटिस भेजकर राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होने के लिए प्रेरित करें। साथ ही बैंकों से अपने-अपने स्तर पर जागरूकता शिविर आयोजित कर ग्राहकों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी देने का भी आग्रह किया। सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निपटारे से एक ओर न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ कम होता है, वहीं दूसरी ओर बैंकों को भी फंसी हुई ऋण राशि (एनपीए) की वसूली में सुविधा मिलती है।

बैठक में उपस्थित सभी बैंक प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने का भरोसा दिलाते हुए अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निपटारा कराने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# भूमि अर्जन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, डीएम ने विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

7 जुलाई। जिले की विभिन्न महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के लिए चल रहे भूमि अर्जन कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतमाला परियोजना, किशनगंज-



बहादुरगंज फोरलेन (ग्रीन फील्ड रोड), गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे, अररिया-गलगलिया नई ब्रॉडगेज रेल लाइन, एसएच-99, बहादुरगंज-टेढ़ागाछ पथ चौड़ीकरण, ठाकुरगंज बाईपास, अभयपुर घाट एवं कंकई नदी पर प्रस्तावित उच्च स्तरीय पुलों तथा किशनगंज हवाई अड्डा रनवे विस्तार सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए भूमि अर्जन कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को आगामी एक सप्ताह के भीतर लंबित एलपीसी (भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र) से संबंधित मामलों का निष्पादन कर प्रतिवेदन जिला भू-अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को एलपीसी भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। टेढ़ागाछ के अंचल अधिकारी को अगले सप्ताह मौजावार विशेष शिविर आयोजित कर एलपीसी संबंधी मामलों का त्वरित निष्पादन करने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि अधिकाधिक रैयतों को इसका लाभ मिल सके।

बैठक में असुराघाट एवं निशंद्रा घाट के बीच कंकई नदी पर प्रस्तावित उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए भूमि अर्जन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन खाता-खेसरा मामलों में विवाद है, उनसे संबंधित सभी आवश्यक अभिलेख शीघ्र जिला भू-अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उनका समयबद्ध समाधान किया जा सके।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए भूमि अर्जन की प्रक्रियाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने और विकास परियोजनाओं में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने देने का निर्देश दिया। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे, जबकि जिले के सभी अंचल अधिकारी एवं अधियाची विभागों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

# "तिथि भोजन 'के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश, पड़रिया विद्यालय में दिखी सामाजिक सहभागिता की मिसल

**समाज जागरण**

गोड्डा महागामा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत 'तिथि भोजन' के आयोजन को लेकर जारी निर्देश के आलोक में महागामा अंचल के हनुवारा थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया में" तिथि भोजन "का आयोजन शानदार एवं उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया ।आयोजन में विद्यालय परिवार के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों ,सामाजिक कार्यकताओं एवं समाज के गणमान्य लोगों ने सहभागिता निभाते हुए बच्चों के साथ तिथि भोजन ग्रहण किया ।कार्यक्रम में सीआरपी /बीआरपी महासंघ के पूर्व जिला महासचिव मो सुलैमान जहांगीर आजाद सहित पड़रिया गांव के कई पंचायत प्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





सभी ने विद्यालय में आयोजित "तिथि भोजन "की सराहना करते हुए इसे बच्चों के साथ सामाजिक जुड़ाव और सामुदायिक सहभागिता का बेहतर उदाहरण बताया। "तिथि भोजन "ग्रहण करने के उपरांत कार्यक्रम को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए विद्यालय प्रांगण में 'एक पेड़ -मां के नाम" अभियान को गति दी गई ।इस अवसर पर मो सुलैमान जहांगीर आजाद ,विद्यालय के प्रधानाध्यापक भूदेव साह एवं शिक्षक परिवार की ओर से देवदार का वृक्ष तथा औषधी गुणों से भरपूर हरसिंगार का पौधा लगाया गया ।इस दौरान उपस्थित लोगों ने पौधों के नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है ।विद्यालय परिसर में पौधारोपण से बच्चों में भी प्रकृति प्रेम, जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित होगी ।कार्यक्रम में तिथि भोजन की सामाजिक सरोकारों से जुड़े भावनाओं और 'एक पेड़ -मां के नाम "जैसे पर्यावरणीय अभियान को एक साथ जोड़कर समाज के लिए सकारात्मक संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं गांव के प्रबुद्ध नागरिकों का आभार प्रकट किया।

# शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर डीएम सख्त, अगस्त तक अपार आईडी निर्माण पूरा करने का निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

7 अगस्त। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सरकारी विद्यालयों, मदरसों एवं निजी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था, आधार आधारित अपार (AAPAAR) आईडी निर्माण, विद्यालय भवनों के निर्माण कार्य, स्वच्छता एवं मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की समीक्षा की गई।



बैठक में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बन चुका है, उनका अपार (AAPAAR) आईडी अगस्त 2026 तक हर हाल में तैयार कराया जाए। साथ ही सभी मदरसों एवं निजी विद्यालयों की जांच कर यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी छात्र एक साथ सरकारी विद्यालय तथा निजी विद्यालय या मदरसा में नामांकित न हो।

उन्होंने बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम (बीएसईआईडीसी) एवं एलएईओ के अधिकारियों को अगस्त माह तक फिनिशिंग स्तर पर लंबित सभी असैनिक निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। कार्य में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों को समय-सीमा निर्धारित कर कार्य पूरा कराने तथा इसके बाद भी प्रगति नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई के लिए विभाग को प्रतिवेदन भेजने का आदेश दिया।

डीएम ने जिले के सभी सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) एवं पीएम श्री विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन और छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक मूल्यांकन का नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को दिया।

उन्होंने विद्यालयों में अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा लापरवाही की स्थिति में संबंधित एजेंसी के भुगतान से राशि की कटौती करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी विद्यालयों एवं मदरसों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने और इसकी सतत निगरानी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीएसईआईडीसी एवं एलएईओ के सहायक अभियंताओं सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# 4 हजार रिश्वत लेते अंचल कार्यालय का लिपिक-सह-नाजिर रंगे हाथ गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बेगूसराय। बिहार निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) ने बेगूसराय सदर अंचल कार्यालय के निम्नवर्गीय लिपिक-सह-नाजिर सोनू कुमार को 4 हजार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को निगरानी थाना कांड संख्या 094/26 के तहत की गई।



जानकारी के अनुसार, चांदपुरा निवासी एक महिला ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री की अप्राकृतिक मृत्यु के बाद सरकार से मिलने वाली अनुग्रह राशि की निकासी के एवज में आरोपी कर्मचारी 4 हजार रिश्वत की मांग कर रहा है।

शिकायत का सत्यापन कराने पर रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में गठित विशेष ट्रैप टीम ने बेगूसराय सदर अंचल कार्यालय में छापेमारी कर सोनू कुमार को 4 हजार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी ब्यूरो ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के बाद उसे विशेष निगरानी न्यायालय, भागलपुर में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर ने 2026 के दो राष्ट्रीय संकल्पों का किया ऐलान, शिक्षा और खाद्य सुरक्षा को मिलेगी नई दिशा

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर। रॉबिन हुड आर्मी (आरएचए) जमशेदपुर की ओर से शुक्रवार को बिष्टुपुर स्थित सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स में आयोजित पत्रकार वार्ता में वर्ष 2026 के लिए दो प्रमुख राष्ट्रीय संकल्पों की घोषणा की गई। इन अभियानों का उद्देश्य शिक्षा और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में व्यापक जनसेवा के माध्यम से समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक सहायता पहुंचाना है।

संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि पहला राष्ट्रीय संकल्प "भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता सीखे" है। इसके अंतर्गत देशभर में 250 कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों में आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित समुदायों के बच्चों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा, डिजिटल साक्षरता तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संबंधित प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे भविष्य की तकनीक आधारित दुनिया में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

उन्होंने बताया कि इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों को संगणक (कंप्यूटर) संचालन, डिजिटल उपकरणों का उपयोग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आधारभूत जानकारी तथा तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे वे उच्च शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

संगठन का दूसरा राष्ट्रीय अभियान "मिशन स्वदेश" है। इसके अंतर्गत दूरस्थ, ग्रामीण एवं संसाधनों से




वंचित क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों तक एक माह की खाद्य सामग्री और आवश्यक राशन पहुंचाया जाएगा। संगठन का मानना है कि खाद्य सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति का मूल अधिकार है और कोई भी परिवार भूखा न रहे, इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जाएगा।

रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर इकाई ने बताया कि शहर में दो कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त तीन संचालित शिक्षण केंद्रों के माध्यम से बच्चों को नियमित रूप से शिक्षा एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही स्वयंसेवकों की टीम जमशेदपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर जरूरतमंद परिवारों तक एक माह की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएगी।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि रॉबिन हुड आर्मी का उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि शिक्षा, तकनीकी ज्ञान और आत्मनिर्भरता के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाना भी है। उनका कहना था कि यदि समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक तकनीक पहुंचाई जाए तो वह भी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

पत्रकार वार्ता के दौरान शहर के नागरिकों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं उद्योग जगत से इन दोनों जनहित अभियानों में सक्रिय सहयोग की अपील की गई। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया कि समाज की सहभागिता और स्वयंसेवकों के समर्पण से ये अभियान शिक्षा और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर भवानी शंकर, अरुण ठाकुर, स्नेहा, शुभम, मिशुख, ज्योति, शेली, देव सहित रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर के अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# नबीनगर: सौतेले भाई की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर थाना कांड संख्या 27/2023 में सौतेले भाई की गोली मारकर हत्या करने के मामले में औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम की अदालत ने दोषी को कड़ी सजा सुनाई है ।न्यायालय ने दोषी अनमोल कुमार गुप्ता उर्फ लड्डू गुप्ता को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई है। साथ ही आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत 3 वर्ष का कारावास एवं 7 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी ।यह घटना 16 जनवरी 2023 की रात की है। पिता के श्राद्ध के खर्च और संपत्ति के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने अपने ही सौतेले छोटे भाई सज्जन कुमार पर कथित तौर पर लगातार तीन गोलियां चला दी थीं। गंभीर रूप से घायल सज्जन कुमार को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था ।मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 7 गवाहों की गवाही कराई गई। न्यायालय ने 31 जुलाई 2026 को आरोपी को दोषी करार दिया था और सुनवाई के बाद आज सजा सुनाई ।इस फैसले से पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद पूरी हुई है।




# एचसीएल की तांबा खदानों और मौभंडार स्मेल्टर को पूर्ण क्षमता से चालू कराने की सांसद विद्युत वरण महतो की मांग, केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सितंबर में समीक्षा बैठक के दिए निर्देश

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाकात कर घाटशिला स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) की तांबा खदानों एवं मौभंडार स्थित स्मेल्टर-रिफाइनरी संयंत्र को पूर्ण क्षमता से संचालित कराने की मांग की। सांसद ने क्षेत्र के खनन एवं औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को विस्तार से केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा और कहा कि इन परियोजनाओं के पूरी तरह चालू होने से पूर्वी सिंहभूम में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा देश के तांबा उत्पादन को भी मजबूती मिलेगी।

सांसद विद्युत वरण महतो ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एचसीएल का इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स देश के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के तांबा उत्पादक उपक्रमों में शामिल है। उन्होंने कहा कि उनके निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप सुरदा, केंदाडीह एवं राखा तांबा खदानों का संचालन दोबारा शुरू हो सका, लेकिन वर्तमान समय में इन खदानों से अभी भी पूर्ण क्षमता के अनुरूप उत्पादन नहीं हो रहा है। इसके साथ ही मौभंडार स्थित स्मेल्टर एवं रिफाइनरी संयंत्र अब तक पुनः शुरू नहीं हो पाया है, जिससे उत्पादन और रोजगार दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

सांसद ने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान राखा माइंस से जुड़ी कई जटिल समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए गए। इनमें यूसीआईएल के साथ लीज ओवरलैपिंग, भूमि उपलब्धता, माइनिंग लीज, पर्यावरण एवं वन




स्वीकृति जैसी महत्वपूर्ण बाधाओं को दूर करने की दिशा में पहल की गई। बावजूद इसके मुसाबनी क्षेत्र की धौबनी, किसनगढ़िया एवं पाथरगोड़ा तांबा खदानों में अब तक खनन कार्य शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के शुरू होने से क्षेत्र के हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

सांसद विद्युत वरण महतो ने केंद्रीय मंत्री से मांग की कि सुरदा, केंदाडीह एवं राखा तांबा खदानों में उत्पादन को पूर्ण क्षमता तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही सिद्धेश्वर खान ब्लॉक में लंबित खनन कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए तथा वर्षों से बंद पड़े मौभंडार स्मेल्टर एवं रिफाइनरी संयंत्र को जल्द पुनः चालू किया जाए। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र शुरू होने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार होगा।

इसके अलावा सांसद ने धातकीडीह, तिरिलडीह, रामचंद्र पहाड़ एवं नंदूप तांबा ब्लॉकों का शीघ्र सर्वेक्षण, विकास एवं खनन कार्य प्रारंभ कराने की भी मांग की। उनका कहना था कि इन नए तांबा ब्लॉकों के विकास से देश में तांबा उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने इस दिशा में केंद्र सरकार से त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया।

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सांसद की मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अपने निजी सचिव कार्तिकेन को निर्देशित किया कि हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के सीएमडी के साथ सितंबर के प्रथम सप्ताह में समीक्षा बैठक आयोजित की जाए, जिसमें सभी लंबित परियोजनाओं और उत्पादन से जुड़े मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि यदि इन परियोजनाओं के संचालन में राज्य सरकार की ओर से किसी प्रकार की प्रशासनिक या अन्य अड़चन आती है तो आवश्यकता पड़ने पर वे स्वयं राज्य सरकार से वार्ता करेंगे। उन्होंने सांसद विद्युत वरण महतो को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार तांबा खदानों एवं मौभंडार स्मेल्टर-रिफाइनरी संयंत्र को पूर्ण क्षमता से संचालित कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक पहल की जाएगी।

# बड़ेम थाना पुलिस की कार्रवाई, अलग-अलग जगहों देशी शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 अलग-अलग मामलों में 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कुल 25 लीटर देशी शराब बरामद की गई है ।पहले मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उरदाना गांव निवासी प्रमोद राजवंशी पिता स्व. रामजनम राजवंशी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 10 लीटर देशी शराब बरामद की गई ।दूसरा मामला में पुलिस ने ओबीपुर गांव निवासी प्रदीप पासवान पिता बड़ेम पासवान को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 15 लीटर देशी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि दोनों मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में शराब तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।



# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौध रोपण जरूरी: धर्मेंद्र सिंह पप्पू

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। क्षेत्र के श्री युगल बिहारी इंटर कॉलेज रामेश्वर में पर्यावरण संरक्षण हेतु एक पौध मां के नाम अभियान का शुरूवात किया गया। अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन, हरित विकास और स्वच्छ भविष्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कालेज परिसर में एक पेड़ माँ के



नामह्व अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह पप्पू और मुख्य न्यासी श्वेता सिंह ने पौधरोपण कर किया। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।श्वेता सिंह ने बताया वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में ही सहायक नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन देने का आधार भी हैं। एक पेड़ माँ के नाम अभियान मातृत्व, प्रकृति और संवेदनशीलता को जोड़ने वाला प्रेरणादायी प्रयास है।प्रधानाचार्य नीरज कुमार यादव ने छात्र छात्राओं एवं शिक्षक गण को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए पौध रोपण करने की अपील की।पौध रोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनीता कुमारी,साक्षी सिंह,प्रतिभा श्रीवास्तव,धर्मेंद्र वर्मा,सुभाष राम सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सहायक आयुक्त ने गोदाम के निर्माण हेतु किया चिन्हाँकन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। सहायक आयुक्त एवं सहायकनिबंधक वाराणसी सुरेंद्र कुमार मौर्य ने आज 2500 मीट्रिकटन क्षमता के गोदाम के निर्माण हेतु स्थल का चयन व चिन्हाँकन किया। सहायक आयुक्त स्थल चयन के निमित्त सुबह



उपजिलाधिकारी राजातालाब से मिले और स्थल की बाबत चर्चा की।इसके बाद कोरौता गोपालपुर और रज्जीपुर राजस्व ग्राम मे भूमि की तलाश की।इसके बाद सहायक आयुक्त ने उपजिलाधिकारी पिंडरा से भी मुलाकात की।

क्षेत्रीय लेखपाल को लेकर बड़ागांव ब्लाक के इटहाँ ग्राम मे पहुंचे जहां क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा भूमि की पैमाइश और चिन्हाँकन भी किया गया।

सहायक आयुक्त ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी अक्षय अन्नभंडारण योजना अंतर्गत निर्मित होने वाले इस गोदाम से अनाज की बबादी रोकी जा सकेगी तथा किसान अच्छे समय मे फसल बेच सकेंगे, जिससे उन्हे सही मूल्य प्राप्त हो सकेगा। निरीक्षण के समय एडीसीओ लालजी, विजयकुमार, बीपैक्स सचिव व क्षेत्रीय किसान इत्यादि उपस्थित रहे।

# चारा काटने गए किसान की करंट लगने से मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जंसा थाना क्षेत्र के रैसीपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में खेत पर चारा काटने गए किसान की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार, रैसीपुर गांव निवासी लालजी सिंह शुक्रवार दोपहर अपने पशुओं के लिए चारा (चरी) काटने खेत गए थे। बताया जाता है कि खेत में प्रवेश करते समय वे अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस



गए।काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। तलाश करने पर वे खेत में अचेत अवस्था में पड़े मिले। परिजन उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें दोपहर बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मेरठ में शिवभक्तों पर आज पुष्पवर्षा करेंगे मुख्यमंत्री योगी

**समाज जागरण**

लखनऊ/मेरठ, 07 अगस्त। सावन में शिवमय आस्था के बीच शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेरठ में कांवड़ यात्रा में शामिल शिवभक्तों का पुष्पवर्षा से स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा करोड़ों शिवभक्तों की आस्था के प्रति श्रद्धा, सम्मान और प्रदेश सरकार की कांवड़ यात्रा को लेकर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री इस दौरे में कांवड़ यात्रा का हवाई सर्वेक्षण करने के साथ ही सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण करेंगे।
निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री हिंडन एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर द्वारा मेरठ पहुंचेंगे। इस दौरान वह हिंडन से मेरठ तक पूरे कांवड़ मार्ग का हवाई सर्वेक्षण कर सुरक्षा, यातायात और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री मोदीपुरम क्षेत्र स्थित दुल्हैड़ा पुलिस चौकी के निकट बनाए गए मंच से शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

# युवाओं में प्रभावी नेतृत्व क्षमता विकास से समाज को मजबूत दिशा सम्भव

## प्रशिक्षण में युवाओं को प्रभावी नेतृत्व के गुण बताए गए।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। किसी भी राष्ट्र की मजबूती उस देश के शिक्षित ,नेतृत्व कुशलता दक्ष युवाओं के ऊपर निर्भर होता है। इसको दिशा देने के लिए जनकल्याण सोशल सोसायटी संस्था कार्यालय, आयर-शिवरामपुर ,हरहुआ में युवा एवं किशोरियों के नेतृत्व क्षमता विकास (लीडरशिप डेवलपमेंट) विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे 25 युवाओं एवं किशोरियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के परिचय सत्र के बाद प्रशिक्षक महेन्द्र कुमार ने कहा कि एक सफल नेता में दूरदर्शिता, स्पष्ट संवाद, ईमानदारी, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा टीम के प्रति जवाबदेही जैसे गुण होने चाहिए।




उन्होंने कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल आदेश देना नहीं, बल्कि सभी को साथ लेकर चलना, प्रेरित करना और सामूहिक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करना है।

प्रशिक्षण में गतिविधियों एवं खेलों के माध्यम से प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता तथा टीम भावना विकसित करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में अनीता, चंदा, शिवानी एवं सूरज विश्वकर्मा सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। अंत में संस्था के निदेशक सुरेन्द्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सजग युवा तैयार करने का आश्वासन दिया।

समापन सत्र का संचालन शिवानी ने किया।

# दिव्यांजनो को ट्राई साइकिल वितरित मिशन समाज सेवा द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। जिले के मां बाला धाम कॉलोनी, लालपुर में दिव्यागजनों को ट्राई साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डंपी तिवारी बाबा तथा वाराणसी के एसओजी प्रभारी गौरव सिंह ने सयुक्त रूप से दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर प्रदान कर उनकी दिनचर्या को सहज बनाने का प्रयास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा दिव्यांगजनों की सेवा और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित मिशन समाज सेवा के इस पुनीत कार्य ने स्थानीय निवासियों में नई आशा का संचार किया। व्हीलचेयर प्रदान करने से दिव्यांग भाई को आवागमन में सुविधा मिलेगी और वे अपने दैनिक



कार्यों को अधिक स्वतंत्रतापूर्वक संपन्न कर सकेंगे। यह पहल न केवल शारीरिक सहयोग है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करती है। डंपी तिवारी बाबा ने कहा कि समाज सेवा ही सच्चा धर्म है और दिव्यांगजनों की मदद करना हम सब का कर्तव्य है।आगे भी दिव्यांजनो और जरूरतमंद लोगों का सेवा कार्य किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान चौकी इंचार्ज लालपुर श्याम नारायण यादव, नमन मिश्रा, सिंटू पांडे, शेषनाथ यादव, बल्लू मिश्रा, बृजेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# सत्यदेव डिग्री कॉलेज, गाजीपुर में माननीय विधायक उमाशंकर सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव डिग्री कॉलेज, गाजीपुर में माननीय विधायक उमाशंकर सिंह जी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय उमाशंकर सिंह जी जनसेवा, शिक्षा एवं सामाजिक विकास के प्रति सदैव समर्पित रहे।




उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, युवाओं के उत्थान तथा समाज के कमजोर वर्गों के हितों के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनका निधन पूरे प्रदेश के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

शोक सभा के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

# संपर्क मार्गों की बदहाली से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

कीचड़ और जलभराव से आवागमन मुश्किल, स्कूली बच्चों व मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत बारिश के बाद क्षेत्र के कई संपर्क मार्गों की हालत बदतर हो गई है। जगह-जगह जलभराव, कीचड़ और गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों और स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई स्थानों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।
क्षेत्र के कोटवा नारायणपुर-लट्ठूडीह मुख्य मार्ग से जुड़े संपर्क मार्ग, कनुवान-धनेठा, जगदीशपुर खास, सियाड़ी, चरखा, अवथहीं-सुखडेहरी कला तथा बसनियां-रेवसड़ा संपर्क मार्ग की स्थिति विशेष रूप से खराब है। गड्ढों में पानी भरने से दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।
ग्रामीणों के अनुसार, इन मार्गों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में सर्वोदय इंटर कालेज खरडीहां समेत अन्य स्कूलों के बच्चे आवागमन करते हैं। वहीं



मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में भी परेशानी होती है। खराब संपर्क मार्गों के कारण कई बार एंबुलेंस को गांव तक पहुंचने में भी दिक्कत होती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़कों की बदहाली का असर शादी-विवाह के रिश्तों पर भी पड़ रहा है और कई लोग खराब रास्तों के कारण यहां रिश्ता करने से हिचकिचाते हैं। लोगों ने संबंधित विभाग से संपर्क मार्गों की शीघ्र मरम्मत कराने तथा जलभराव की समस्या दूर कर आवागमन सुगम कराने की मांग की है।

# नशा मुक्ति से जीवन मे समरसता का भाव प्रबल होता है

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जे0पी0 महिला महाविद्यालय अटेसुआ, मुर्दहा बाजार पखवाड़ा दिवस मनाया गया। अभियान के तहत नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाया गया।
पखवाड़ा दिवस में भाषण, प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता अभियान, पैदल मार्च, रैली, स्लोगन, लेखन,स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नाटक, , सेमिनार- वेबीनार इत्यादि का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से महाविद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र प्रसाद , सचिव महेंद्र प्रसाद , डायरेक्टर राजेंद्र प्रसाद, उपप्रबंधक वीरेंद्र प्रसाद, शैलेंद्र प्रसाद मैनेजिंग डायरेक्टर इंद्रजीत पटेल ने नशा मुक्ति



पर अपने विचार व्यक्त किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मनीष कुमार भारद्वाज ने नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्राओं , अभिभावकों के परिवार को नशा से दूर रहने की सलाह दी। नशा परिवार को जड़ से नाश करता है।नशा से कई प्रकार की गम्भीर बीमारियां होती हैं। समाज मे नशे के प्रति जागरूकता लाना आज की जरूरत है।

पखवाड़ा कार्यक्रम में सुनीता मौर्य, संध्या विश्वकर्मा, बिंदु वर्मा, नीलम पटेल, अर्चना सिंह सरोज , ज्योति गुप्ता,राजेंद्र प्रसाद ,अरविंद प्रजापति , सतेंद्र,डॉ.रोबिन, लालजी प्रसाद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ0 चरण सिंह एवं राम प्रकाश गुप्ता ने किया।

# नवागत हरहुआ बीडीओ को बुके भेंटकर प्रधानों का प्रतिनिधि मिला।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी नवागत हरहुआ बीडीओ अनामिका सिंह से आज शुक्रवार को जिला ग्राम प्रधान संघ वाराणसी के जिलामहामंत्री मधुवन यादव व दीपक चौहान के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ब्लाक कार्यालय में बुके भेंटकर औपचारिक शिष्टाचार भेंट मुलाकात कर स्वागत किया। हरहुआ ब्लाक में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति के साथ -साथ विकास यात्रा पर




औपचारिक वार्ता किया।

प्रतिनिधि मंडल में जिला महामंत्री व प्रशासक मधुवन यादव ,वरिष्ठ प्रधान दीपक चौहान , प्रधान प्रतिनिधि राजनारायण पटेल, भगत यादव,प्रधान रविन्द्र यादव ,आशीष राजभर ,संजय कुमार ,बांके लाल कन्नौजिया शामिल रहे।

# वरुणा नदी में जलकुंभी में फंसी भैंसों का रेस्क्यू, दो सुरक्षित निकाली गई, तीन की तलाश जारी

## बड़ागांव पुलिस और फायर ब्रिगेड ने घंटों चलाया अभियान, जलकुंभी बनी सबसे बड़ी चुनौती

**समाज जागरण**

वाराणसी। रामेश्वर स्थित वरुणा नदी में जलकुंभी के बीच कई भैंसों के फंसने की सूचना मिलते ही बड़ागांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने पिंडरा फायर ब्रिगेड एवं पशु चिकित्साधिकारी को सूचना दी, जिसके बाद संयुक्त रूप से बचाव अभियान शुरू किया गया।
फायर ब्रिगेड की टीम ने घनी जलकुंभी और गहरे पानी के बीच घंटों तक रेस्क्यू अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद रात करीब नौ बजे तक दो भैंसों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।
स्थानीय लोगों के अनुसार, दो भैंसें



पानी के तेज बहाव में बह गईं, जबकि एक भैंस के डूब जाने की आशंका जताई जा रही है। रात साढ़े नौ बजे तक फायर ब्रिगेड के जवान डूबी हुई भैंस की तलाश में जुटे रहे। बचाव अभियान के दौरान जलकुंभी सबसे बड़ी बाधा साबित हुई, जिससे रेस्क्यू कार्य में काफी कठिनाई आई। इसके बावजूद बड़ागांव पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम लगातार खोजबीन और बचाव कार्य में लगी रही।

# सिद्धपीठ हथियाराम के पीठाधिपति स्वामी भवानी नन्दन यति के चातुर्मास महानुष्ठान में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**समाज जागरण**

सिद्धपीठ हथियाराम की अधिष्ठात्री देवी बुढ़िया माई और भगवान शिव के अनन्य उपासक, जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति जी महाराज इन दिनों पीठ पर अपना पावन चातुर्मास महानुष्ठान संपादित कर रहे हैं। श्रावण प्रतिपदा से शुरू हुआ यह अनुष्ठान भाद्रपद पूर्णिमा तक अनवरत चलेगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर सिद्धपीठ के शिष्यों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। प्रतिदिन दर्शन-पूजन के लिए मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लग रहा है।

**21 वैदिक विद्वानों की देखरेख में अनुष्ठान**

महानुष्ठान को पूर्ण वैदिक रीति-रिवाज से संपन्न कराने के लिए वाराणसी के जाने-माने विद्वान जुटे हैं। वैदिक ब्राह्मण आचार्य सुरेश त्रिपाठी, आचार्य संजय पाण्डेय, प्रवीण त्रिपाठी, कृष्णकांत पाण्डेय और लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सहित 21 विद्वान ब्राह्मणों का समूह प्रतिदिन सुबह से शाम तक विशेष आरती, पूजन और अनुष्ठान का कार्य संपादित कर रहा है। पूरा सिद्धपीठ परिसर इस समय वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

**12 ज्योतिलिंगों और पशुपतिनाथ नेपाल में कर चुके हैं चातुर्मास महाव्रत**





सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधीश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति महाराज ने पीठ की गद्दी पर आसीन होने के बाद अपने गुरुजनों के मार्ग का अनुसरण करते हुए चातुर्मास अनुष्ठान का कड़ा संकल्प लिया था। अपनी इस कठिन साधना के तहत वह अब तक देश के विभिन्न कोनों में स्थित सभी 12 ज्योतिलिंगों और नेपाल के सुप्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में प्रवास कर चातुर्मास महायज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न कर चुके हैं।

**आहार, विहार और विचार के परिष्करण का समय-स्वामी भवानीनन्दन यति**

चातुर्मास के महत्व और उसकी आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति जी महाराज ने कहा, "चातुर्मास, सनातन वैदिक धर्म में आहार, विहार और विचार के परिष्करण का समय है। यह हमें संयम और सहिष्णुता की साधना करने के लिए प्रेरित करता है।" उन्होंने आगे बताया कि इस अवधि में तप, शास्त्राध्ययन और सत्संग आदि करने का तो विशेष महत्व है ही, साथ ही इसके सभी नियम सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावहारिक दृष्टि से भी बेहद उपयोगी हैं। इसके माध्यम से हम न केवल खुद को सुधारते हैं, बल्कि औरों के अस्तित्व को भी स्वीकार कर उन्हें सम्मान देने के भाव को जीते हैं।

# 'अतिथि देवो भव'-कांवड़िया शिविरों में सात्विक व्यंजनों के साथ हाईटेक सेवा का संगम

-विवाह समारोह जैसा मेन्यू, बिना प्याज-लहसुन के देसी से लेकर चाइनीज व्यंजन तक
-योगी सरकार की गाइडलाइन के अनुसार भोजन की गुणवत्ता पर प्रशासन की पैनी नजर
-ईको-फ्रेंडली भंडारों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश, मशीनों ने बढ़ाई सेवा की रफ्तार

**समाज जागरण**

मेरठ, 7 अगस्तः श्रावण मास की कांवड़ यात्रा में इस बार सेवा, स्वच्छता और आधुनिक व्यवस्थाओं का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। कांवड़ मार्ग पर लगे शिविरों में शिवभक्तों के स्वागत के लिए ऐसी व्यवस्थाएं की गई हैं, जो किसी भव्य विवाह समारोह से कम नहीं हैं। सात्विक परंपरा को कायम रखते हुए श्रद्धालुओं को बिना प्याज-लहसुन के देसी व्यंजनों के साथ पास्ता, पिज्जा, नूडल्स, मोमोज और मंचूरियन जैसे आधुनिक स्वाद भी परोसे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप प्रशासनिक अधिकारी लगातार निजी शिविरों का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और व्यवस्थाओं की जांच कर रहे हैं।
कांवड़ियों के लिए पूरे दिन का भोजन समयानुसार निर्धारित किया गया है। सुबह चाय, बिस्किट, पोहा और जलेबी से दिन की शुरूआत होती है, जबकि नाश्ते में समोसा, कचौड़ी, ब्रेड पकौड़ा, वेज हक्का नूडल्स और हनी चिली पोटैटो परोसे जा रहे हैं। दोपहर में शाही पनीर, कढ़ाई पनीर, पनीर लबाबदार, दाल मखनी, मिक्स वेज, चूरचूर नान, बटर नान, जीरा राइस और ताजा रोटियों के साथ रबड़ी-जलेबी, रसमलाई, रसगुल्ला और गुलाब जामुन जैसी मिठाइयों की व्यवस्था है।
शाम के समय स्प्रिंग रोल, चिली पनीर, मंचूरियन, व्हाइट व रेड सॉस पास्ता, वेज पिज्जा, मोमोज, मैकरोनी, सूप और बर्गर श्रद्धालुओं को परोसे जा रहे हैं। रात में छोले-पूड़ी, मटर पनीर, पुलाव, दाल, ताजी रोटियों के साथ खीर, हलवा, फ्रूट कस्टर्ड और गुलाब जामुन परोसे जा रहे हैं। शिविरों में लस्सी, छाछ, जूस, चाय, कॉफी और शीतल पेयजल की भी निरंतर व्यवस्था है।

**हाईटेक रसोई ने बढ़ाई सेवा की रफ्तार**

कंकरखेड़ा व्यापार संघ के शिविर में तकनीक ने सेवा को नई गति दी है। संयोजक नीरज मित्तल और व्यवस्था संचालक राजेश खन्ना के अनुसार 20 किलो आटा एक साथ गूंधने वाली मशीन और ऑटोमैटिक रोटी मशीन लगाई गई है। मशीन एक मिनट में करीब 16 और एक घंटे में लगभग 900 रोटियां तैयार कर रही है। प्रतिदिन छह से सात हजार रोटियां बनाई जा रही हैं। सब्जियां काटने और मसाले तैयार करने के लिए भी आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे कम समय में हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन तैयार हो रहा है।

**व्रत रखने वालों के लिए अलग फलाहार**

मोदीपुरम स्थित शिविर संचालक दल के सदस्य सुधीर रस्तोगी ने बताया कि उपवास रखने वाले कांवड़ियों के लिए विशेष फलाहार की व्यवस्था की गई है। कुट्टू और सिंघाड़े के आटे से बने व्यंजन, आलू की सब्जी, मौसमी फल और अन्य व्रताहार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लंबी यात्रा के बाद श्रद्धालुओं को कुल्हड़ में केसर युक्त गर्म दूध भी पिलाया जा रहा है, ताकि उन्हें ऊर्जा मिल सके।

**ईको-फ्रेंडली भंडारों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

इस बार अनेक शिविरों को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाया गया है। भोजन परोसने के लिए प्लास्टिक और थमाकोल की प्लेटों के स्थान पर स्टेनलेस स्टील के बर्तनों का उपयोग किया जा रहा है। स्वच्छ सर्विंग स्टेशन, व्यवस्थित भोजन व्यवस्था और साफ-सुथरा वातावरण श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। इससे कांवड़ यात्रा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रभावी ढंग से दिया जा रहा है।

# आबादी के बीच हजारों साल पुरानी धरोहर, फिर भी लावारिस! कटनी के शैल चित्रों की बदहाली पर उठे सवाल

### झिंझरी के शैल चित्रों पर पुरातत्व, जिला प्रशासन, नगर निगम और वन विभाग की अनदेखी के आरोप; कलेक्ट्रेट परिसर के पास चित्रित शैलाश्रय भी कचरे से घिरा

**समाज जागरण**

कटनी। देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रागैतिहासिक शैल चित्र आमतौर पर घने जंगलों, पहाड़ों और आबादी से दूर दुर्गम इलाकों में देखने को मिलते हैं। इन्हें देखने के लिए इतिहास और पुरातत्व में रुचि रखने वाले लोगों को विशेष रूप से उन स्थानों तक पहुंचना पड़ता है। लेकिन कटनी की पहचान इस मायने में बेहद खास है कि यहां नगर निगम सीमा और मानव आबादी के बीच शैल चित्र मौजूद हैं। इतनी महत्वपूर्ण विरासत होने के बावजूद इनके संरक्षण और आसपास की व्यव स्थाओं की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

झिंझरी क्षेत्र में मौजूद शैल चित्र और शैलाश्रय वर्तमान में उपेक्षा का शिकार दिखाई देते हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप है कि पुरातत्व विभाग, जिला प्रशासन, नगर निगम और वन विभाग में से कोई भी विभाग इनके संरक्षण, साफ-सफाई और पर्यटन के लिहाज से जरूरी बुनियादी व्यवस्थाओं को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा रहा है। धरोहर है, लेकिन पर्यटकों के लिए व्यवस्था नहीं शैल चित्र किसी भी क्षेत्र के प्राचीन मानव जीवन, संस्कृति और सभ्यता के महत्वपूर्ण प्रमाण माने जाते हैं। ऐसे स्थलों को संरक्षित कर पर्यटन मानचित्र पर स्थापित किया जाए तो वे शहर की पहचान बन सकते हैं। मगर झिंझरी के शैल चित्रों के आसपास की बदहाल स्थिति इसके ठीक उलट तस्वीर पेश कर रही है। बताया जाता है कि शैल वन क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई तक नहीं होती। झाड़ियां, गंदगी और सुनसान वातावरण के कारण सामान्य पर्यटक यहां जाने से कतराते हैं। यदि कोई बाहरी पर्यटक जानकारी मिलने के बाद यहां पहुंच भी जाए तो उसे न उचित मार्गदर्शन मिलता है, न स्थल की जानकारी देने वाली पर्याप्त व्यवस्था और न ही ऐसा वातावरण, जिससे वह इस ऐतिहासिक धरोहर को सहजता से देख और समझ सके। सवाल यह है कि जब राष्ट्रीय और ऐतिहासिक महत्व रखने वाली विरासत शहर के भीतर मौजूद है तो इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस प्रयास क्यों नहीं किए जा रहे?

**कलेक्ट्रेट के पास ही कचरे से घिरा चित्रित शैलाश्रय**

सबसे हैरान करने वाली स्थिति कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास देखने को मिलती है। लोक सूचना केंद्र कार्यालय परिसर में एक विशाल चित्रित शैलाश्रय मौजूद बताया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में शैल चित्र बने हुए हैं। इसके बावजूद शैलाश्रय के आसपास कूड़ा-कचरा और गंदगी होना प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

विडंबना यह है कि इसी क्षेत्र के आसपास अनेक जिला स्तरीय सरकारी कार्यालय संचालित होते हैं। इन कार्यालयों और उनके परिसरों की नियमित साफ-सफाई होती है, लेकिन चंद कदम की दूरी पर मौजूद ऐतिहासिक धरोहर की साफ-सफाई और देखरेख को लेकर जिम्मेदारी तय होती नजर नहीं आती।

यदि अधिकारियों की आंखों के सामने मौजूद विरासत ही उपेक्षित रहेगी तो दूरदराज के ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण की उम्मीद आखिर किससे की जाए? पर्यटन का बड़ा केंद्र बन सकता है झिंझरी झिंझरी के शैल चित्रों को व्यवस्थित तरीके से संरक्षित कर क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए तो कटनी को एक अलग पहचान मिल सकती है। स्थल तक सुगम रास्ता, नियमित साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, सूचना एवं दिशा-सूचक बोर्ड, बैठने की व्यवस्था और प्रशिक्षित गाइड जैसी सुविधाएं विकसित कर इसे पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाया जा सकता है।

इसके साथ ही शैल चित्रों के वैज्ञानिक संरक्षण के लिए पुरातत्व विशेषज्ञों की मदद और स्थल पर मानवीय हस्तक्षेप रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था भी जरूरी है। जिम्मेदारी किसकी–पुरातत्व विभाग, नगर निगम या जिला प्रशासन? अब सबसे बड़ा सवाल जिम्मेदारी का है। यदि शैल चित्र ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व रखते हैं तो उनके संरक्षण की जिम्मेदारी किस विभाग की है? पुरातत्व विभाग की, वन विभाग की, नगर निगम की या जिला प्रशासन की? विभागीय सीमाएं और जिम्मेदारियां अपनी जगह हैं, लेकिन राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक विरासत को बचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। कम से कम साफ-सफाई, सुरक्षा और स्थल की पहचान बताने वाली मूलभूत व्यवस्था के लिए विभागों के बीच समन्वय तो किया ही जा सकता है। कटनी के पास आबादी के बीच मौजूद यह धरोहर अपने आप में दुर्लभ अवसर है। जरूरत है कि प्रशासन इसे बोझ या उपेक्षित भूखंड के बजाय शहर की ऐतिहासिक पहचान के रूप में देखे।

सवाल सीधा है–जिस विरासत को हजारों वर्षों ने संभालकर आज की पीढ़ी तक पहुंचाया, क्या हम उसे कुछ वर्षों की प्रशासनिक उपेक्षा के कारण बदहाली में छोड़ देंगे?

# पोंडा नाले पर हर बारिश में डूबता नेशनल हाईवे-543, आखिर कब मिलेगा स्थायी समाधान?

### जलभराव से थमती रफ्तार, स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर मंडराता खतरा; करोड़ों के विकास कार्यों के बीच मूल समस्या अब भी जस की तस

**समाज जागरण**

शहडोल। शहर के पोंडा नाले पर स्थित नेशनल हाईवे-543 एक बार फिर हल्की बारिश में जलमग्न हो गया। कुछ ही देर की बारिश के बाद सड़क पर इतना पानी भर जाता है कि छोटे-बड़े वाहनों का निकलना तक मुश्किल हो जाता है। हर वर्ष सामने आने वाली यह समस्या अब स्थानीय लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है।

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि इसी मार्ग से स्कूली वाहन भी बच्चों को लेकर गुजरते हैं। मजबूरी में चालक जलभराव के बीच से वाहन निकालते हैं, जिससे हर पल किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। यदि समय रहते कोई दुर्घटना हो गई, तो इसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी?

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वर्षों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन आज तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। हर बारिश में यही हालात बनते हैं और बारिश थमने के बाद मामला फिर ठंडे बस्ते में चला जाता है।

विडंबना यह है कि एक ओर रेलवे क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्य किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलनिकासी जैसी बुनियादी समस्या अब भी अनसुलझी है। सवाल यह भी उठता है कि जब इतने बड़े स्तर पर निर्माण कार्य हो रहे हैं, तो जलभराव की इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की योजना क्यों नहीं बनाई गई? अब जरूरत केवल अस्थायी राहत की नहीं, बल्कि ऐसी ठोस और स्थायी व्यवस्था की है जिससे पोंडा नाले पर हर बारिश में बनने वाले इस जलभराव से हमेशा के लिए मुक्ति मिल सके। आखिर कब तक आम नागरिक और मासूम स्कूली बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर इस रास्ते से गुजरने को मजबूर रहेंगे? प्रशासन, रेलवे और संबंधित विभागों को इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना होगा, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार करने की नौबत न आए।

# एक किलो मीटर की सड़क, 5 साल का इंतजार

### घुनघुटी में गड्ढे ही गड्ढे, विकास फाइलों में जिंदा

**समाज जागरण**



उमरिया --- "विकास" शब्द डिक्शनरी में जिंदा है, सड़क पर नहीं। जनपद पाली के ग्राम घुनघुटी में बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली महज *150 मीटर से आधा किलोमीटर की सड़क पिछले 5 से 6 साल से भगवान भरोसे पड़ी है। बारिश का पानी, कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढे। यही इस सड़क की पहचान बन गई है। नतीजा - आए दिन दुर्घटनाएं। कुछ माह पहले एक युवक का पैर टूट गया। पैदल चलने वाले गिरते हैं, वाहन चालक कोसते हुए दिन गुजार रहे हैं। सबसे ज्यादा पीडा जनक स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास और निजी विद्यालयों के नन्हे-मुन्ने बच्चों को होती है जो सुबह से तैयार होकर स्कूल आते है और कोई भी कीचड़ उछाल कर दिन खराब कर निकल जाता है । राष्ट्रीय राजमार्ग से जुडी इस सड़क सिर्फ घुनघुटी की नहीं है, बल्कि यह मार्ग 10- 12 से जोडते हुए संभागीय कार्यालय शहडोल और बडी तुमी होते हुए अमरकंटक से जोडती है।इस मार्ग से रोज सैकड़ों वाहनों की आवाजाही देखी जाती है। फिर भी जिम्मेदार अफसरों को इस मार्ग के निर्माण से बेसुध बन लोगों को खून के आंसू रोने के लिए छोड़ दिया है । सड़क पर जगह-जगह उखड़ी और बडे. बडे. गड्ढे खुद चीख-चीख कर अपनी बदहाली बयां कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस सडक के नव निर्माण कराने के मामले में न सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियों ने मुंह मोड रखा है, इस क्षेत्र के विधायक - सांसद भी इस दिशा में पहल करते दिखाई नहीं देते। 1 किलोमीटर की यह सड़क जो ग्रामीणों के लिये पिछले एक दशक से सरदर्द बनी हुई है , अब लोग तंज करते देखे जाते हैं कि अब यह सड़क कांग्रेस सरकार बनवायेगी।

# उदय सिंह लोधी को मिली युवा जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी

**समाज जागरण**

दमोह। जिले के युवा कार्यकताओं के लिए गौरव का विषय है कि उदय सिंह लोधी को युवा जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी, दमोह की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जिम्मेदारी संगठन की गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों और सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से दी गई है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि उदय सिंह लोधी अपने दायित्व का ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगे तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति के बाद क्षेत्र के कार्यकताओं और




शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलेगी और संगठन को मजबूती प्राप्त होगी।

# शासकीय भूमि पर कब्जे का मामला, जनपद सदस्य ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह - जिले के ग्राम हलगज (तहसील दमोह) में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। इस संबंध में जनपद सदस्य पप्पू सिंह लोधी ने कलेक्टर दमोह को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती आवेदन में उल्लेख है कि तहसील दमोह के मंडल बांदकपुर अंतर्गत ग्राम हलगज के पटवारी हल्का नंबर 38 में खसरा नंबर 563 की लगभग 10 एकड़ शासकीय भूमि पर पिछले 20झ22 वर्षों से अवैध रूप से कब्जा कर खेती किए जाने का आरोप है। संबंधित व्यक्ति हाकम सिंह लोधी पूर्व सरपंच हलगज द्वारा इस भूमि पर लगातार खेती की जा




रही है, जिससे शासन को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

जनपद सदस्य पप्पू सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में भी इस मामले की शिकायत की गई थी। उस समय पटवारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में करीब 6.97 हेक्टेयर भूमि में से 3.20 हेक्टेयर पर कब्जा पाए जाने की पुष्टि की गई थी। इसके बाद नायब तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटाने के आदेश भी जारी किए गए थे, लेकिन अब तक उन आदेशों का पालन नहीं हुआ है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित व्यक्ति ने न तो अतिक्रमण हटाया है और न ही न्यायालय द्वारा लगाए गए जुमार्ने का भुगतान किया है। वर्तमान में भी उक्त भूमि पर कब्जा जारी है और खुलेआम खेती की जा रही है। जनपद सदस्य पप्पू सिंह लोधी ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए।

# भारत रक्षा मंच के पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को तिरंगा यात्रा में आमंत्रित किया

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह - भारत रक्षा मंच, दमोह के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार जी से सौजन्य भेंट कर उन्हें आगामी 15 अगस्त को आयोजित तिरंगा यात्रा वाहन रैली के लिए आमंत्रण पत्र भेंट किया। भेंट के दौरान मंच के जिला संयोजक अभिषेक सोनी ने प्रभारी मंत्री



को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली निरंतर 15वे वर्ष आजाद हिंद उत्सव 2026 तिरंगा यात्रा की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने इस राष्ट्रीय पर्व को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य पर चर्चा की। प्रभारी मंत्री ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और राष्ट्रीयता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने भारत रक्षा मंच के इस प्रयास को सराहनीय बताया और यथासंभव यात्रा में सहभागिता निभाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भारत रक्षा मंच के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नोहटा कार्यालय में राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्याएं, ग्राम पटेरिया के विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से 2 लाख रुपये स्वीकृत

**समाज जागरण**
**जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

नोहटा/दमोह। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने गुरुवार को नोहटा स्थित अपने निज कार्यालय में जबेरा विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से आत्मीय सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों का कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं और जनहित के मुद्दों से राज्यमंत्री को अवगत कराया। श्री लोधी ने संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया और कहा कि जनता की



समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने ग्राम पटेरिया के नागरिकों को क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से 2 लाख रुपये की स्वीकृति का पत्र भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। जबेरा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं सुझाव राज्यमंत्री के समक्ष रखे, जिन पर उन्होंने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनका समाधान कराना जनप्रतिनिधि का दायित्व है तथा इसी भावना के साथ वे लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से संवाद कर रहे हैं।

# एसडीएम राकेश सिंह मरकाम एवं तहसीलदार उमेश तिवारी ने किया हाई सेकेंडरी स्कूल कोटा का औचक निरीक्षण

### मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर जताई नाराजगी, दो शिक्षक मिले अनुपस्थित, कारण बताओ नोटिस के निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा (दमोह)। दमोह जिले के हटा अनुभाग अंतर्गत ग्राम कोटा स्थित शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल का शुक्रवार को अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) राकेश सिंह मरकाम एवं तहसीलदार उमेश तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाओं, मध्याह्न भोजन योजना, शिक्षकों की उपस्थिति तथा शासन की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने सबसे पहले मध्याह्न भोजन योजना के तहत



तैयार किए जा रहे भोजन एवं खाद्यान्न वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। जांच में भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुरूप तैयार पाया गया, लेकिन रसोईघर में साफ-सफाई एवं गुणवत्ता संबंधी आवश्यक मानकों का पालन संतोषजनक नहीं मिला। इस पर अधिकारियों ने संबंधित स्व-सहायता समूह के प्रभारी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा रसोई की साफ-सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। इसके बाद विद्यालय की उपस्थिति पंजी का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो शिक्षक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए एसडीएम ने दोनों शिक्षकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को गणवेश एवं साइकिल वितरण की स्थिति की भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने नए शैक्षणिक सत्र में शत-प्रतिशत नामांकन एवं नियमित प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राचार्य को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि 15 अगस्त से पूर्व विद्यालय क्षेत्र के सभी पात्र बच्चों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे।

एसडीएम राकेश सिंह मरकाम एवं तहसीलदार उमेश तिवारी ने विद्यालय प्रबंधन से शासन की सभी योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ वातावरण और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए।

इस निरीक्षण से विद्यालय प्रबंधन में सक्रियता देखने को मिली और अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त, हाईवे किनारे अवैध पार्किंग रोकने हेतु होटल एवं ढाबा संचालकों के साथ हुई बैठक

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने एवं राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा एवं क्षेत्राधिकारी यातायात सुधीर कुमार सिंह द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत बिच्छी स्थित एक होटल में स्टेट हाईवे के किनारे संचालित होटल एवं ढाबा संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान होटल एवं ढाबा संचालकों को सड़क किनारे ट्रक, डंपर एवं अन्य भारी वाहनों की अवैध पार्किंग से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करते हुए निर्देशित किया गया कि उनके प्रतिष्ठानों के बाहर किसी भी प्रकार के वाहन को इस प्रकार खड़ा न होने दें, जिससे यातायात बाधित हो अथवा दुर्घटना की संभावना उत्पन्न हो। पुलिस अधिकारियों ने संचालकों की




समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि सड़क सुरक्षा मानकों का पालन सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में होटल एवं ढाबा संचालकों से अपील की गई कि वे अपने यहां आने वाले वाहन चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने के लिए प्रेरित करें तथा सड़क किनारे अवैध पार्किंग न होने दें। पुलिस द्वारा समय-समय पर हाईवे किनारे विशेष अभियान चलाकर निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# प्राथमिक विद्यालय पतेरीटोला में लगातार दो दिन निकले विषैले करैत, बच्चों को सुरक्षित निकाला गया

**समाज जागरण/ अकबर अली**

म्योरपुर/ सोनभद्र। शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पतेरीटोला में गुरुवार और शुक्रवार को लगातार दो दिन करैत प्रजाति के विषैले सांप निकलने से विद्यालय परिसर में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। हालांकि शिक्षकों और विद्यालय स्टाफ की सूझबूझ एवं तत्परता के चलते सभी बच्चों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। घटना में किसी छात्र, शिक्षक या कर्मचारी को कोई नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार गुरुवार को विद्यालय परिसर में करैत सांप दिखाई देने पर शिक्षकों ने तत्काल बच्चों को कक्षाओं से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर एकत्रित किया। इसके बाद परिसर की जांच कराई गई। अगले ही दिन शुक्रवार को फिर से एक करैत सांप दिखाई देने पर विद्यालय प्रशासन ने तत्काल वही प्रक्रिया अपनाते हुए बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रधानाध्यापिका सुभद्रा पांडेय ने बताया कि बरसात के मौसम में विषैले जीव-जंतुओं के निकलने की संभावना बढ़ जाती है। इसे देखते हुए विद्यालय प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है। विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है ताकि झाड़ियां,





कूड़ा या अन्य ऐसे स्थान न रहें जहां सांप छिप सकें। उन्होंने बताया कि विद्यालय की दाई को भी विशेष निर्देश दिए गए हैं कि परिसर में सफाई के दौरान पूरी सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विषैले जीव के दिखाई देने पर तत्काल शिक्षकों को सूचना दें। साथ ही बच्चों को भी सतर्क रहने और किसी भी जीव-जंतु के दिखाई देने पर उसके पास न जाने की सलाह दी गई है। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बरसात के पूरे मौसम में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी, ताकि शिक्षण कार्य बिना किसी बाधा और सुरक्षित वातावरण में संचालित हो सके। स्थानीय लोगों ने भी विद्यालय प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए परिसर में नियमित साफ-सफाई और आवश्यक सुरक्षा उपाय जारी रखने की मांग की है। विद्यालय में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और शिक्षण कार्य सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि : क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बैठाने पर होगी सख्त कार्रवाई

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षित एवं संरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि विद्यालयों में बच्चों के आवागमन हेतु संचालित ऑटो, टोटो, वैन, बस एवं अन्य वाहनों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन किए जाने पर संबंधित वाहन चालक एवं संचालक के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक एवं यातायात संबंधी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत संचालित विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में बच्चों को लाने-ले जाने वाले ऑटो, टोटो, वैन एवं बसों की जांच की गई तथा वाहन चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी दशा में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में न बैठाया जाए तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों के प्रधानाचार्यों/ प्रधानाध्यापकों एवं प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालय द्वारा संचालित अथवा अनुबंधित सभी वाहनों का समय-समय पर सत्यापन कराया जाए। प्रत्येक वाहन में निर्धारित क्षमता, फिटनेस, वैध परमिट, बीमा, चालक का वैध ड्राइविंग लाइसेंस तथा अन्य आवश्यक अभिलेख उपलब्ध होना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वाहन संचालकों को नियमित रूप से सुरक्षा मानकों का पालन कराने हेतु निर्देशित किया जाए।

पुलिस जनपद के समस्त विद्यालयों एवं स्कूली वाहनों का नियमित निरीक्षण कर रही है। बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएवी रिहंदनगर में तीन दिवसीय जोनल खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन, डीएवी अनपरा बना ओवरऑल चैंपियन

**समाज जागरण/ अकबर अली**

अनपरा/ सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय डीएवी जोन-डी खेल प्रतियोगिता का सोनशक्ति स्टेडियम में समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में डीएवी अनपरा ने ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब जीता। डीएवी ओबरा दूसरे और डीएवी खड़िया तीसरे स्थान पर रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एनटीपीसी रिहंद परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक संजय असाटी थे। महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स



ने अतिथियों को सलामी दी। प्राचार्य राजकुमार ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और डीएवी जोन-डी की एआरओ संध्या पांडे का स्वागत किया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में हाई जंप, ट्रिपल जंप, लॉन्ग जंप, रिले रेस, वॉलीबॉल, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, योग, खो-खो और कबड्डी सहित विभिन्न खेल आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफियां प्रदान कीं। एनटीपीसी रिहंद प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी छात्राओं और खेल अधिकारियों को स्मृति उपहार तथा टी-शर्ट वितरित किए।

अपने संबोधन में परियोजना प्रमुख संजय असाटी ने खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। असाटी ने घोषणा की कि अगले वर्ष रिहंदनगर में बालक और बालिका दोनों वर्गों की जोनल खेल प्रतियोगिता आयोजित करने में एनटीपीसी हरसंभव सहयोग करेगा। प्राचार्य राजकुमार ने एनटीपीसी प्रबंधन को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। वरिष्ठ शिक्षक आर.के. झा ने प्रतिभागियों, शिक्षकों, अतिथियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संदीप दुबे तथा कक्षा 11 की छात्रा एनी नाज और अंश सिंह ने किया। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के प्रमुख राजेश बोईपाई, रोशन कुमार, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, सीआईएसएफ अधिकारी, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# किड्स केयर इंग्लिश स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर जागरूकता सत्र आयोजित

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। आज किड्स केयर इंग्लिश स्कूल में उत्तर प्रदेश यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यातायात उपनिरीक्षक श्री राजेश यादव ने विद्यार्थियों को बाइक, स्कूटर एवं कार चलाते समय अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मोटर वाहन अधिनियम (Motor



Vehicle Act) तथा वाहन संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण नियमों और कानूनी प्रावधानों से भी अवगत कराया। श्री यादव ने विशेष रूप से कहा कि नाबालिग (18 वर्ष से कम आयु) विद्यार्थियों द्वारा बाइक या स्कूटर चलाकर विद्यालय आना कानूनन अपराध है। यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पाया जाता है, तो संबंधित वाहन को जब्त (Impound) किया जा सकता है तथा मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया तथा उनसे आग्रह किया कि वे आज प्राप्त इस महत्वपूर्ण जानकारी को अपने माता-पिता, रिश्तेदारों एवं मित्रों तक भी पहुँचाएँ, ताकि अधिक से अधिक लोग यातायात नियमों का पालन करें और सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं गंभीरता के साथ सत्र को सुना। उन्होंने यातायात नियमों से संबंधित विभिन्न प्रश्न भी पूछे, जिनका श्री राजेश यादव ने सरल एवं प्रभावी ढंग से उत्तर दिया। विद्यार्थियों ने इस जागरूकता सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। विद्यालय प्रबंधन ने उत्तर प्रदेश यातायात पुलिस एवं राजेश यादव का इस उपयोगी एवं जनहितकारी सत्र के लिए आभार व्यक्त किया।

# बीएसए ने कस्तूरबा विद्यालय व एफएलएन प्रशिक्षण का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**समाज जागरण/ अकबर अली**



बभनी/ सोनभद्र। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित ब्लाक संसाधन केंद्र बभनी पर चल रहे एफ एल एन प्रशिक्षण का अवलोकन किया। शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय ने कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित ब्लाक संसाधन केंद्र बभनी पर चल रहे बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान प्रशिक्षण का अवलोकन किया। कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बभनी अब इण्टर तक संचालित होना है, इसको लेकर वार्डेन को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही नवनिर्मित इण्टर कालेज के भवन का निरिक्षण किया और इस दौरान उन्होंने भोजनालय, डायनिंग हाल हॉस्टल, कक्षा कक्ष, शौचालय, विकलांग शौचालय, लैब, वाटर हार्वेस्टिंग आदि का निरिक्षण किए। निरिक्षण के बाद विद्यालय में तैनात वार्डेन रंजना यादव को आवश्यक निर्देश भी दिए। निरिक्षण के बाद बभनी ब्लाक संसाधन केंद्र में चल रही पांच दिवसीय बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान प्रशिक्षण का निरिक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शिक्षकों को नियमित बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोरदेने को कहा साथ ही विद्यालय में नामांकन, बगैर आधार वाले बच्चों का भी नामांकन, गृह कार्य, समय-सारिणी, स्वच्छता और विद्यालय में बनने वाले एमडीएम का नियमानुसार पालन का निर्देश भी दिए।

# कुरुहुल माइनर की सफाई बनी दस गांव के हजारों ग्रामीणों के लिए मुसीबत

•~ सड़क पर जलभराव एवं कीचड़ से आवागमन में हो रही है काफी दिक्कतें

**बच्चों की हो रही है नियमित पढ़ाई प्रभावित**
**लगातार बनी हुई है दुर्घटनाओं की आशंका**

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत कुरुहुल की माइनर की सफाई के दौरान कैनाल विभाग की लापरवाही से आसपास के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा नहर पर डाबला (मिट्टी का अवरोध) बना दिए जाने से पानी का निकास पूरी तरह बाधित हो गया है। परिणाम स्वरूप नहर का पानी और निकली हुई मिट्टी सड़क पर फैल गई है, जिससे पूरी सड़क कीचड़ और जलभराव की चपेट में आ गई है। ग्रामीणों के मुताबिक यह मार्ग करीब दस गांवों के हजारों लोगों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है। बरसात के कारण सड़क पर जगह-जगह पानी भर गया है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। ऐसे में पैदल चलने वाले लोगों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन बाइक फिसलने से लोग घायल हो रहे हैं और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति का असर स्कूली बच्चों पर भी पड़ रहा है। कीचड़ और जल भराव के कारण स्कूल वाहनों के चालक इस मार्ग पर आने से बच रहे हैं। इससे कई बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है और



अभिभावकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यदि कैनाल विभाग सफाई कार्य के बाद पानी निकासी की समुचित व्यवस्था कर देता तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से तत्काल डाबला हटाकर पानी की निकासी सुनिश्चित करने, सड़क से कीचड़ हटाने तथा क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।इस संबंध में बलुई बंधी के जे.ई. संजय विश्वकर्मा से सेलफोन से वार्ता हुई तो उन्होंने बताया कि मौसम गड़बड़ होने के कारण जगह-जगह जल जमाव है और गड्ढे हैं,मौसम खुल जाने के बाद गड्ढों में जेएसबी डाली जाएगी और जो मिट्टी का डाबला बना हुआ है उसको काटकर जगह-जगह पानी की निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

# 15 साल से सड़क की आस, कीचड़ में जिंदगी, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**समाज जागरण/ अकबर अली**

बभनी/ सोनभद्र। स्थानीय ब्लॉक के बैना ग्राम पंचायत में बैगा टोला जाने वाली सड़क की खराब स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीण पिछले 15 वर्षों से कच्ची और कीचड़ युक्त सड़क को पक्का करने की मांग कर रहे हैं। यह मार्ग बैना मुख्य सड़क से बैगा टोला तक जाता है और पिछले 15 सालों से कच्चा है। बारिश के मौसम में यह 4 किलोमीटर लंबा मार्ग पूरी तरह से कीचड़ से भर जाता है, जिससे आवागमन बेहद मुश्किल हो जाता है। इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में सैकड़ों बच्चों को रोजाना इसी कीचड़ भरे रास्ते से



स्कूल जाना पड़ता है। बीमार लोगों के लिए एंबुलेंस का समय पर पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ता है। छात्रों को स्कूल जाने के लिए पांच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। प्रदर्शन में जितेंद्र कुमार पांडे, रवि कुमार पांडे, नंदकुमार बालेश्वर पांडे, अयोध्या प्रसाद, मंशा, हरि गहवा और राजेंद्र प्रसाद सहित कई ग्रामीण शामिल थे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे।

# असम का बोलबम जत्था बभनी पहुंचा, 7000 किमी की अनोखी तीर्थ यात्रा पर निकले श्रद्धालु

**समाज जागरण/ अकबर अली**

बभनी/ सोनभद्र। असम का एक बोलबम ग्रुप अपनी अनोखी तीर्थ यात्रा पर बभनी पहुंचा है। यह जत्था एक पिकअप वाहन को सुंदर झांकी का रूप देकर निकला है, जो कुल 7000 किलोमीटर की यात्रा कर बैजनाथ धाम सहित कई अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन करेगा। यह जत्था असम के गोलाघाट जिले के डेर गांव साहू पट्टी से 30 जुलाई को रवाना हुआ था। अपनी यात्रा के दौरान, यह पहले सुल्तानगंज से बैजनाथ धाम पहुंचा, जहां दर्शन-पूजन किया। इसके बाद, ओडिशा के जगन्नाथ पुरी में दर्शन करते हुए, यह ग्रुप ओडिशा और छत्तीसगढ़ से होते हुए बभनी पहुंचा। शुक्रवार को बभनी पहुंचने पर, उन्होंने श्री हरिशंकर मंदिर असनहर में भोजन और विश्राम किया। बभनी से यह ग्रुप अब श्री खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए रवाना हुआ है। यात्रा के दौरान, उन्होंने अपने पिकअप वाहन पर भगवान भोलेनाथ की एक सुंदर



झांकी बनाई है, जो श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर रही है। इस तीर्थ यात्रा में कुल पंद्रह लोग शामिल हैं, जिनमें राजन साहू, अजित साहू, अन्सू साहू, प्रियांशु साहू, गौतम नाथ, अजय घोष, विपूल ग्वाला, पूलिन बड़ा, पलाशनाथ, राजीव भंडारी, नगामेष, संदीप दास और विटूपन पाठक प्रमुख हैं।

# श्रमदान : सड़क पर बने गहरे गड्ढों और जलभराव मार्ग पर अस्थायी रूप से गड्ढा मुक्त करने का किया गया कार्य

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। रावर्ट्सगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत सलखन में मां भगवती इंटरप्राइजेज के नेतृत्व में स्थानीय व्यापारियों एवं समाजसेवियों ने सड़क पर बने गहरे गड्ढों और जलभराव वाले स्थान पर गिट्टी एवं अन्य सामग्री डालकर अस्थायी रूप से गड्ढा मुक्त करने का कार्य किया।

इस अवसर पर बलवंत भारती ने कहा कि हमें केवल सरकार के कार्यों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।



समाज के प्रति हर नागरिक और व्यापारी की जिम्मेदारी है कि वह अपनी क्षमता के अनुसार जनहित के कार्यों में सहयोग करे और स्थानीय समस्याओं के समाधान में भागीदारी निभाए।ग्राम प्रधान प्रत्याशी राघवेंद्र कुमार ने कहा कि, सलखन बाजार से लालगंज तक की सड़क का शीघ्र निर्माण नहीं कराया गया, तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर जिलाधिकारी कार्यालय पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क का स्थायी निर्माण कराया जाए, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव और आवागमन की समस्या से लोगों को स्थायी राहत मिल सके।

# रॉबर्ट्सगंज में सड़क किनारे वेंडिंग की समस्या होगी खत्म, ओवरपास के नीचे विकसित होगा आधुनिक वेंडर जोन

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। प्रदेश सरकार की विकास परक एवं जनहितकारी नीतियों के क्रम में जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से जनपद सोनभद्र में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है। जन सुविधाओं के विस्तार, नगर क्षेत्रों को व्यवस्थित एवं बेहतर स्वरूप प्रदान करने तथा आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान की दिशा में विभिन्न स्तरों पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रॉबर्ट्सगंज नगर क्षेत्र में सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थानों पर अव्य वस्थित रूप से लगने वाले ठेले, पटरी दुकानों एवं अन्य स्ट्रीट वेंडरों की समस्या के स्थायी एवं व्यवस्थित समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (



एनसीएल) द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सी0एस0 आर0 के अंतर्गत रॉबर्ट्सगंज में ओवर ब्रिज के नीचे उपलब्ध स्थान पर वेंडर जोन विकसित करने की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के लिए एनसीएल द्वारा रूपया 89,59,838.00 की धन राशि स्वीकृत की गई है।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि परियोजना के पूर्ण होने से नगर क्षेत्र में सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्थित रूप से दुकानें लगाने वाले स्ट्रीट वेंडरों को निर्धारित, सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे स्ट्रीट वेंडरों की आजीविका को सुरक्षित एवं स्थायित्व मिलेगा तथा नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था, पैदल आवागमन, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण में भी सुधार होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की विकासपरक नीतियों के अनुरूप जनपद में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ जनसामान्य की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। एनसीएल की सीएसआर निधि से प्रस्तावित यह परियोजना रॉबर्ट्सगंज नगर क्षेत्र को अधिक व्यवस्थित एवं सुविधायुक्त बनाने के साथ ही स्ट्रीट वेंडरों को सम्मान जनक एवं सुरक्षित आजीविका का अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना का क्रियान्वयन एनसीएल मुख्यालय के सीएसआर विभाग एवं जिला प्रशासन, सोनभद्र के मध्य समझौता ज्ञापन एम0ओ0यू0 के माध्यम से किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चरणबद्ध रूप से जारी की जाएगी। कार्य की प्रगति एवं पूर्णता से संबंधित उपयोगिता प्रमाण-पत्र, पूर्णता प्रमाण-पत्र एवं जियो-टैग्ड फोटोग्राफ सहित आवश्यक अभिलेख निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रस्तुत किए जाएंगे। एनसीएल द्वारा श्री राजाराम यादव, उप प्रबंधक सी0डी0 को परियोजना प्रबंधक नामित किया गया है। परियोजना को मार्च 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह परियोजना जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से जनपद सोनभद्र के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

इससे रॉबर्ट्सगंज नगर क्षेत्र में स्ट्रीट वेंडरों की समस्या के समाधान के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, सार्वजनिक स्थानों को व्यवस्थित करने, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी और विकसित एवं व्यवस्थित सोनभद्र की परिकल्पना को और मजबूती मिलेगी।

# नकली HAVELLS तार बेचने पर दुकानदार के खिलाफ एफ आई आर , कॉपीराइट एक्ट में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र में प्रतिष्ठित विद्युत उपकरण निमार्ता कंपनी हैवेल्स इंडिया लिमिटेड (Havells India Limited) के नाम से कथित रूप से नकली विद्युत तार बेचने के मामले में पुलिस ने एक दुकानदार के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि की तहरीर पर दर्ज एफआईआर के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार, हैवेल्स इंडिया लिमिटेड के सिक्योरिटी नेटवर्क से जुड़े अधिकृत प्रतिनिधि दीप सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि ओबरा के गजराजनगर क्षेत्र में एक दुकान पर हैवेल्स ब्रांड के नाम से नकली विद्युत तार बेचे जा रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद कंपनी की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से 6 अगस्त को संबंधित दुकान पर छापेमारी की। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जांच के दौरान दुकान में रखे 23 बंडल 1 एमएम के विद्युत तार संदिग्ध पाए गए। कंपनी के प्रतिनिधियों का कहना है कि इन तारों पर अंकित बारकोड और अन्य पहचान चिह्न असली हैवेल्स उत्पादों से मेल नहीं खाते थे। प्रथम दृष्टया इन्हें नकली उत्पाद मानते हुए मौके पर ही जब्त कर लिया गया। एफआईआर में आरोपी के रूप में हरीश अग्रहरी, निवासी गजराजनगर, ओबरा का नाम दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ कॉपीराइट एक्ट, 1957 की धारा 63 एवं 65 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मामला थाना ओबरा में एफआईआर संख्या 0173/2026 के रूप में दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, कंपनी की शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक रामसागर पटेल को सौंपी गई है। जांच के दौरान जब्त किए गए विद्युत तारों की तकनीकी जांच भी कराई जाएगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वे वास्तव में नकली हैं या नहीं। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि विद्युत उपकरण और तार हमेशा अधिकृत विक्रेताओं से ही खरीदें तथा किसी भी संदिग्ध या नकली उत्पाद की जानकारी तत्काल पुलिस अथवा संबंधित कंपनी को दें।

# पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा यातायात व्यवस्था की समीक्षा हेतु उच्चस्तरीय गोष्ठी आयोजित

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस लाइन चुर्क स्थित कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में जनपद की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ( ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल, क्षेत्राधिकारी यातायात सुधीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात, समस्त थाना प्रभारी एवं समस्त उपनिरीक्षक यातायात उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनपद में यातायात व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, प्रवर्तन कार्यवाही, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के प्रमुख बिंदु एवं दिए गए निर्देश– सीसी टीम की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए अब तक की प्रगति एवं कार्यों में आ रही समस्याओं की जानकारी ली गई तथा कार्यवाही को और अधिक प्रभावी एवं परिणामपरक बनाए जाने के निर्देश दिए गए। डग्गामार बसों एवं अन्य वाहनों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण से प्रभावित यातायात व्यवस्था वाले स्थानों को चिन्हित कर प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए। जनपद में निर्धारित ऑटो/टैम्पू/बस स्टैण्ड की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्धारित स्टैण्ड के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर वाहनों के अनधिकृत संचालन एवं पार्किंग को नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए। एक्सीडेंटल डार्क स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक एवं सुधारात्मक उपाय कराए जाने पर विशेष जोर दिया गया। ओवरलोडिंग करने वाले स्कूली रिक्शा एवं ऑटो के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन (Multiple Violations करने वाले वाहन चालकों को चिन्हित कर उनके ड्राइविंग लाइसेंस एवं परमिट निरस्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की गई। आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत यातायात प्रबंधन, रूट प्लान, डायवर्जन एवं आवश्यक पुलिस बल की तैनाती सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा कांवड़ यात्रा के दौरान सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वाहनों में लगाए जा रहे अवैध साइलेंसर एवं हूटर के विरुद्ध चल रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए ऐसे वाहनों को चिन्हित कर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। यातायात पुलिस में स्वीकृत/नियत पदों के सापेक्ष उपलब्ध मानव संसाधन की स्थिति की समीक्षा की गई तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर एसपी के स्पष्ट निर्देशपुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी, निष्पक्ष एवं निरंतर प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

साथ ही डार्क स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर संबंधित विभागों के समन्वय से आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कराई जाए, स्कूली वाहनों में ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए तथा अवैध हूटर, साइलेंसर एवं अनधिकृत पार्किंग/संचालन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने आगामी कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं आमजन की सुगम आवाजाही को ध्यान में रखते हुए प्रभावी ट्रैफिक प्लान एवं पर्याप्त यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# दीपांकर भट्टाचार्य ने सरकार पर किये तीखा हमला

## "नई पीढ़ी बेहतर हिंदुस्तान के लिए आगे बढ़ रही है, हम उनके संघर्ष के साथ हैं":- दीपांकर भट्टाचार्य

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार दौरे पर पहुंचे भाकपा माले महासचिव कॉ. दीपंकर भट्टाचार्य ने पटना जिले के पालीगंज हाई स्कूल खेल मैदान में आयोजित एक विशाल 'संकल्प सभा' को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं पर हुए कथित पुलिसिया दमन, शिक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार, रोजगार के संकट और सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के मुद्दों को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा। यह संकल्प सभा युवाओं पर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ, बेहतर शिक्षा, सम्मानजनक रोजगार, नहरों में पानी, गरीबों के आवास और एनकाउंटर-बुलडोजर राज के विरोध में आयोजित की गई थी। सभा को संबोधित करते हुए कॉ. दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि इतिहास गवाह है कि छात्र आंदोलनों से देश को योग्य नेतृत्व मिलता रहा है, लेकिन आज की व्यवस्था यह नहीं चाहती कि गरीबों और आम जनता की आवाज उठाने वाले युवा आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि युवाओं (Gen Z) ने पेपर लीक के खिलाफ कड़ा हिसाब लिया है और अब स्कूली बच्चे भी अपने विद्यालयों में हो रहे भ्रष्टाचार का जवाब मांग रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के युवाओं से माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन इसके उलट छात्रों को ही नसीहत दी जा रही है। शिक्षा और परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार का समाधान अभी तक नहीं निकला है, इसलिए यह जन-आंदोलन लगातार जारी रहेगा। बिहार की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए माले महासचिव ने कहा कि आज सरकार आम जनता की सुध नहीं ले रही है। राज्यभर में सफाई कर्मचारी पिछले एक सप्ताह से लगातार हड़ताल पर हैं, लेकिन डिप्टी सीएम सह स्थानीय निकाय के मंत्री सम्राट चौधरी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।



शराबबंदी कानून की आड़ में गरीबों पर हो रही कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बड़े शराब माफिया खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि गरीबों को जबरन और कई मामलों में फर्जी तरीके से फंसाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिसिया कार्रवाई में निर्दोष लोगों को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने सरकार से सीधा सवाल किया कि आखिर छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग क्यों किया गया?

विधायक ने आरोप लगाया कि बिहार के सरकारी स्कूलों को सुनियोजित तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, जिसके खिलाफ युवाओं को एकजुट होकर लड़ना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के दमन और उत्पीड़न से न तो वे पीछे हटने वाले हैं और न ही किसी से डरने वाले हैं। जबकि पालीगंज मुखिया संघ के अध्यक्ष सह माले नेता आनन्द यादव ने कहा कि सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए आंदोलन को बल पूर्वक दबाना चाहती है। सरकारी भ्ष्टाचार्र के खिलाफ आवाज उठानेवालों को जेल भेज रही है, जो हमारी पार्टी भाकपा माले बर्दास्त नही करेगी। जरूरत पड़ने पर हमेशा आंदोलन किया है और करती रहेगी। गरीबो की हक की लड़ाई लड़ेगी और उनकी आवाज बुलंद करेगी। संकल्प सभा को ऐपवा नेत्री लीला वर्मा, पूर्व विधायक महानंद सिंह, गोपाल रविदास, मुखिया आनंद यादव, आइसा अध्यक्ष धनंजय, भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य कॉ. अमर, पूर्व सांसद रामेश्वर प्रसाद और किसान नेता मंगल यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विनेश चौधरी, सुरेंद्र पासवान, अमरसेन दास, सत्यनारायण प्रसाद, राजेश कुमार और अविनाश कुमार समेत बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन भाकपा माले नेता अनवर हुसैन ने किया।

# पटना के पालीगंज के महाबलिपुर में नए पुलिस ओपी का हुआ शुभारंभ

## विधि-व्यवस्था और यातायात को मिलेगी मजबूती

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र के महाबलिपुर में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक नए पुलिस ओपी (आउटपोस्ट) का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया गया है। इस नए पुलिस आउटपोस्ट के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नए पुलिस ओपी का विधिवत उद्घाटन सिटी एसपी वेस्ट संकेत कुमार, पालीगंज डीएसपी-2 पंकज कुमार शर्मा, पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और नवनियुक्त ओपी प्रभारी दीपक कुमार सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। यह नया पुलिस ओपी पालीगंज थाना क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से के महाबलिपुर और सियारामपुर पंचायतों को अलग कर बनाया गया है। इस क्षेत्र से महत्वपूर्ण पटना-औरंगाबाद एनएच-139 गुजरता है। इस मार्ग पर सोन नदी से



बालू की ढुलाई करने वाले भारी वाहनों का प्रतिदिन भारी संख्या में आवागमन होता है। भारी वाहनों की वजह से यहां अक्सर महाजाम की स्थिति बनी रहती थी, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी और विधि-व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न होती थी। इन तमाम गंभीर समस्याओं से निजात दिलाने के लिए ही इस नए ओपी की स्थापना की गई है। फिलहाल महाबलिपुर ओपी को अंकुरी गांव स्थित सामुदायिक भवन में अस्थाई रूप से स्थापित किया गया है। बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार को इस नए ओपी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए एएसआई रोहितेश्वर कुमार और नीरज कुमार समेत लगभग आधा दर्जन सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती भी की गई है। इस चौकी के शुरू होने से अब एनएच-139 पर यातायात सुचारू रहेगा और अपराध नियंत्रण में भी काफी मदद मिलेगी।

# पटना के दानापुर में डेहरी नप ईओ विमल कुमार की हत्या के विरोध में निकला कैंडल मार्च

## दोषियों की गिरफ्तारी और मुआवजे की उठी मांग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ दानापुर में डेहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) स्व. विमल कुमार की निर्मम हत्या के विरोध में शुक्रवार की शाम स्थानीय नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने आक्रोशपूर्ण कैंडल मार्च निकाला। गोला रोड स्थित गंगा कुटीर अपार्टमेंट से शुरू हुए इस मार्च का नेतृत्व उप मुख्य




पार्षद प्रतिनिधि राजनाथ जायसवाल उर्फ राजू जायसवाल ने किया। स्व. विमल कुमार के आवास गंगा कुटीर अपार्टमेंट (गोला रोड टी प्वाइंट) से हाथों में मोमबत्तियां लेकर स्थानीय नागरिकों ने शांतिपूर्ण मार्च निकाला। यह मार्च गोला रोड से होते हुए संत कैरेंस स्कूल और आसपास के प्रमुख इलाकों से गुजरा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हत्याकांड में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कड़ी कानूनी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की पुरजोर मांग की।मार्च के समापन पर आवास के समीप एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जो श्रद्धांजलि सभा में बदल गई। उपस्थित लोगों ने दिवंगत ईओ की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और ईश्वर से प्रार्थना की। प्रमुख मांगो में हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों और इसके पीछे की साजिश रचने वालों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार के एक आश्रित को सरकारी नौकरी और दो करोड़ रुपये का मुआवजा, मृतक के दोनों बच्चों की उच्च शिक्षा की मु मुकम्मल व्यवस्था सरकार द्वारा की जान शामिल है।

राजनाथ जायसवाल ने राज्य में बढ़ते अपराध पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कैंडल मार्च में राजीव रंजन और वकील यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# पटना में रिश्वत मामले में पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना की राशि जारी करने के एवज में छात्रा से रिश्वत मांगने के लगभग 13 साल पुराने मामले में अदालत ने एक कड़ा और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश (निगरानी) अतुल कुमार सिंह की अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाते हुए तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक को तीन-तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेन्द्र शर्मा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 तथा धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(d) के तहत दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोनों आरोपों में अलग-अलग तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। अदालत के निदेर्शानुसार, यदि दोषी द्वारा जुमार्ना राशि नहीं दी जाती है, तो उसे तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना




होगा।यह पूरा मामला वर्ष 2013 का है। विशेष लोक अभियोजक (ट्रैप) विजय भानु उर्फ पुद्दू बाबू ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दामोदर उच्च विद्यालय, रघुनाथपुर (पालीगंज) के तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेन्द्र शर्मा ने मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाली छात्रा गौरवी रंजन को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के मिलने वाले 10,000 रुपये के चेक को देने के बदले 2,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। छात्रा के परिजनों द्वारा इसकी शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से की गई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद विजिलेंस की ट्रैप टीम ने एक योजना बनाई और 24 जुलाई 2013 को राजधानी पटना के ए.एन. कॉलेज रोड स्थित गैसोलीन पेट्रोल पंप के पास आरोपी प्रधानाध्यापक को छात्रा के पिता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया था।

इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में कुल 10 गवाहों की गवाही कराई गई और ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। गवाहों के बयानों और पुख्ता सबूतों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए यह अहम फैसला सुनाया है। इस फैसले से शिक्षा जगत और भ्रष्ट अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

# पटना के दानापुर में पति की हत्या के मामले में पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ दानापुर व्यवहार न्यायालय के जिला अपर व सत्र न्यायाधीश-1 कुमार गुंजन की अदालत ने शुक्रवार को चर्चित पति हत्याकांड में एक कड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मृतका की पत्नी और उसके प्रेमी को दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास और 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्रभारी अपर लोक अभियोजक रामेश्वर प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला नौबतपुर थाना कांड संख्या 346/14 और सेशन ट्रायल संख्या 755/17 से जुड़ा है। नौबतपुर के रेगनिया बाग निवासी चंदन कुमार की हत्या के मामले में उसकी पत्नी अनिशा देवी (जिसे प्राथमिकी में अमृता देवी भी कहा गया है) और उसके प्रेमी पप्पू कुमार को आरोपी बनाया गया था। मृतक के पिता सुदर्शन प्रसाद ने नौबतपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके अनुसार, चंदन की शादी वर्ष 2008 में दुल्हिन बाजार के सिंघाड़ कोपा निवासी उमेर यादव की पुत्री अनिशा देवी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पत्नी का अपने पति के साथ संबंध मधुर नहीं था और उसका अवैध संबंध नौबतपुर के अवगिला निवासी पप्पू कुमार के साथ चल रहा था। चंदन कुमार ने अपनी पत्नी को प्रेमी पप्पू कुमार के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था और इसकी जानकारी अपने पिता को दी थी। जब चंदन ने इस अवैध संबंध का विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की जाने लगी। इस मामले को लेकर 13 जुलाई 2014 को एक समझौता भी हुआ था, लेकिन इसके ठीक अगले दिन यानी 14 जुलाई 2014 को पत्नी अनिशा देवी ने अपने प्रेमी पप्पू कुमार और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर चंदन की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया गया था। शुक्रवार को एडीजे-1 कुमार गुंजन ने अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने तथा उपलब्ध पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर पत्नी अनिशा देवी और प्रेमी पप्पू कुमार को दोषी ठहराते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। वहीं, मामले में आरोपी बनाए गए उमेर यादव और भीम यादव को साक्ष्य के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया है।

# सीएम योगी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, प्रमाण पत्र और सांकेतिक चाबियां सौंपी

**समाज जागरण**

लखनऊ, 07 अगस्त : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकरनगर में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी सौगात दी। इस दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला समूहों से जुड़ी लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। इसके अलावा स्वरोजगार, स्वास्थ्य, आवास, कृषि और कृषक दुर्घटना कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, प्रमाण पत्र और सांकेतिक चाबियां सौंपी गईं। सीएम के हाथों सौगात पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल गये। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तहत आकृति राव और उत्कर्ष तिवारी की कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी पर प्रत्येक को 5.75 लाख रुपये के चेक प्रदान किए। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के तहत हृदय रोग से उपचारित अंशी और जूही को चेक प्रदान किया गया।

# पटना सिटी में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

## आक्रोशित लोगों ने बस में लगाई आग और किया हंगामा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ अगमकुआं थाना क्षेत्र के बड़ी व छोटी पहाड़ी चौराहा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर जमकर हंगामा किया और उग्र भीड़ ने एक खाली बस में आग लगा दी। इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहाड़ी मोहल्ला निवासी मनीष उर्फ उपेंद्र सड़क पार कर रहा था, तभी वह एक तेज रफ्तार वाहन (बस) की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित भीड़ ने सड़क पर उतरकर यातायात बाधित कर दिया और वाहनों पर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक दोपहिया और चार पहिया वाहनों के शीशे तोड़ दिए गए। उग्र भीड़ ने एक खाली बस को आग के



हवाले कर दिया, जिससे नेशनल हाईवे पर भी यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अगमकुआं, बाईपास और यातायात थाने की पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची। विरोध के बीच फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने घटनास्थल पर पहुंचकर बस में लगी आग पर काबू पाया। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और यातायात को सुचारू रूप से चालू करवाया। साथ ही, मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।मौके पर पहुंचे एएसपी राजकिशोर सिंह ने स्थिति का जायजा लेते हुए बताया कि हादसे के बाद विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गई थी, जिसे अब नियंत्रित कर लिया गया है। पुलिस मामले में विधि सम्मत कार्रवाई कर रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बड़ी और छोटी पहाड़ी को जोड़ने के लिए एक अंडरपास का निर्माण किया जाए, ताकि लोगों को चौराहे से होकर खतरनाक तरीके से सड़क न पार करनी पड़े।

# पटना के बाढ़ में उमानाथ घाट पर डूबा 25 वर्षीय युवक, प्रशासन की तलाश जारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ स्थित प्रसिद्ध उमानाथ गंगा घाट पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए 25 वर्षीय एक युवक की गंगा स्नान के दौरान तेज धारा में डूबने से लापता होने की खबर है। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और घाट पर कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाढ़ नगर के पंचशील नगर निवासी वीरू पासवान अपने परिवार के साथ अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बाढ़ के सती स्थान श्मशान घाट आया था। अंतिम संस्कार की सभी धार्मिक रस्में पूरी होने के बाद परिवार के सदस्य पवित्र गंगा स्नान के लिए उमानाथ घाट पहुंचे थे। स्नान करने के दौरान ही वीरू पासवान अचानक गहरे पानी में चले गए और तेज बहाव की चपेट में आकर लापता हो गए। मृतक के बड़े भाई कन्हैया



पासवान और साथ मौजूद पड़ोसी साजन कुमार ने बताया कि वीरू अचानक तेज बहाव के बीच फंस गया। उसे बचाने की काफी कोशिश की गई, लेकिन पानी का बहाव इतना तेज था कि वह कुछ ही पलों में आंखों से ओझल हो गया। एक अन्य पड़ोसी पप्पू ठाकुर ने भी इस दुखद घटना की पुष्टि की है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत-बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंच गया। गोताखोरों की मदद से उमानाथ घाट के पास गंगा नदी में डूबे युवक की सघन तलाश की जा रही है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। इस दुखद घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। प्रशासन ने बरसात के मौसम को देखते हुए आम लोगों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि गंगा स्नान के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें तथा बैरिकेडिंग पार कर गहरे पानी में जाने से बचें।

# आज कोई धमकी देता है कि दंगा करवा देंगे तो कहता हूं 'आओ बच्चू, करा कर देख लो समझ मे आ जायेगा : सीएम योगी

**समाज जागरण**

लखनऊ, 07 अगस्त : जो स्वयं को नहीं संभाल पा रहे, वे प्रदेश की 25 करोड़ जनता को क्या संभालते? इसीलिए दंगाइयों के सामने समाजवादी घुटने टेकते थे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंबेडकरनगर में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि अब कोई दंगा कराने की धमकी देता है तो जवाब मिलता है, ह्नआओ बच्चू, थोड़ा दंगा करवा लो, मैं तुम्हें दंगा कराना सिखा देता हूं।ह्व उन्होंने कहा कि सपा का झंडा लेकर चलने वाले अवैध वसूली करते थे, थानों से तहसीलों तक उनका कब्जा था और नौकरी निकलते ही चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए निकल पड़ती थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले भी मुख्यमंत्री होते थे, लेकिन उन्हें गोविंद साहब धाम आने की फुर्सत नहीं थी और नोएडा जाने से इसलिए डरते थे कि कहीं कुर्सी न खिसक जाए। जनता ने उनकी कुर्सी हमेशा के लिए विदा कर दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जलालपुर, आलापुर और टांडा विधानसभा क्षेत्रों की 706 करोड़ रुपये से अधिक की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाणपत्र और चेक वितरित किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार बहुत जल्द युवा नीति लाएगी, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किलिंग और रोजगार पर फोकस होगा। साथ ही नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर के जरिए सिद्धार्थनगर के बांसी से बस्ती होते हुए प्रयागराज को जोड़ने और इस मार्ग को चित्रकूट से आगे सुदूर दक्षिण भारत तक ले जाने की योजना है, जिसका महत्वपूर्ण केंद्र अंबेडकरनगर बनेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की विकास और गरीबों के उत्थान में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त का दिन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वर्ष 1905 में इसी दिन स्वाधीनता संग्राम सेनानियों ने देश की आजादी के लिए 'स्वदेशी' को अपना मंत्र बनाया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कटेहरी उपचुनाव में जनता ने धर्मराज निषाद को विजयी बनाया था। इसके बाद आज उन्हें एक बार फिर क्षेत्र में आने का अवसर मिला है। गोविंद साहब धाम आने का यह उनका पहला अवसर है और संभवतः वह यहां आने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। सैकड़ों वर्षों से आध्यात्मिक प्रेरणा का केंद्र रहा यह पवित्र धाम लोगों को अपनी विरासत से जुड़ने की प्रेरणा देता है। गोविंद साहब की पवित्र समाधि और नवनिर्मित राम-जानकी मंदिर में दर्शन कर उन्हें आध्यात्मिक अनुभूति हुई।

**हमारे जनप्रतिनिधियों ने जो कहा है, उसके अनुरूप मेले को राजकीय परंपरा और सुविधाओं से जोड़ेंगे**

उन्होंने कहा कि माघ मेले में यहां बहुत बड़ा मेला लगता है। लाखों श्रद्धालु आते हैं। सर्दी की ठिठुरन के बावजूद अपनी विरासत के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता ज्ञापित करने का भाव यहां के लोगों में रहता है। अब यह मेला राजकीय मेले के रूप में मान्यता प्राप्त करेगा। हमारे जनप्रतिनिधियों ने जो कहा है, उसके अनुरूप इस मेले को हम राजकीय परंपरा और सुविधाओं से जोड़ेंगे। जब विगत वर्ष कटेहरी चुनाव के तत्काल बाद आया था, तब 1500 करोड़ रुपये की सौगात देकर यहां का कर्ज चुकता करने के लिए आया था और आज 706 करोड़ रुपये का यह उपहार अंबेडकर नगर वासियों को प्रदान करता हूं।

**विकास का मॉडल देखना है तो अंबेडकर नगर आकर देखिए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का मॉडल देखना है तो अंबेडकर नगर आकर देखिए। जनपद एक नहीं, बल्कि दो-दो एक्सप्रेसवे से जुड़ चुका है। यहां के मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण करके लोगों को ट्रॉमा और इमरजेंसी सेवाओं की सुविधा मिले, सरकार ने इन सभी कार्यों को किया है। कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की तीन महत्वपूर्ण आधारशिलाएं विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका हैं। तीनों के कार्यक्षेत्र, सीमाएं और लक्ष्मण रेखाएं तय हैं। आपसी समन्वय के साथ ये तीनों संस्थाएं विकास कार्यों को गति देने का काम करती हैं।

**विधानसभा में समाजवादी पार्टी ने हो-हल्ला और कोहराम मचाया**

उन्होंने कहा कि हाल ही में विधानसभा में सरकार 59 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट लेकर आई थी। उम्मीद थी कि सत्ता पक्ष और सहयोगी दलों के साथ विपक्ष भी इस पर चर्चा में रुचि दिखाएगा। बजट में युवाओं के रोजगार, अन्नदाता किसानों के उन्नयन, महिलाओं के स्वावलंबन और गरीबों के कल्याण के लिए नई योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रावधान किया गया है। लेकिन समाजवादी पार्टी ने हो-हल्ला और कोहराम मचाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुपूरक बजट में सामाजिक न्याय की विभूतियों, महापुरुषों, संतों और ऋषियों के सम्मान के लिए भी धनराशि का प्रावधान किया गया था। महर्षि वाल्मीकि, सद्गुरु संत रविदास, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, छत्रपति शाहू जी महाराज और ज्योतिबा फुले समेत अन्य महापुरुषों से जुड़े स्मारकों और प्रतिमाओं पर छतरी लगाने के साथ सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल और गेट के निर्माण की व्यवस्था की गई थी। अनुपूरक बजट में आंगनबाड़ी और आशा कार्यकताओं का मानदेय बढ़ाने के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई थी। कोटेदारों का इंसेंटिव और ग्राम चौकीदारों का मानदेय बढ़ाने का भी प्रावधान किया गया था, लेकिन समाजवादी पार्टी ने विधानसभा नहीं चलने दी। क्योंकि समाजवादी पार्टी की विकास और गरीबों के उत्थान में कोई रुचि नहीं है।

**सपा सरकार में पैसे दिए बिना नौकरी नहीं मिलती थी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओम प्रकाश राजभर ने भी पूर्ववर्ती सपा सरकार के दौरान प्रदेश में अराजकता और गुंडागर्दी का जिक्र किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां नहीं मिलती थीं। नौकरी का विज्ञापन निकलते ही 'चाचा-भतीजे की जोड़ी' वसूली के लिए निकल पड़ती थी। नौकरियों में भाई-भतीजावाद हावी था और युवाओं के हक पर डाका डाला जाता था। पैसे दिए बिना नौकरी नहीं मिलती थी, जिससे योग्य युवा भी खुद को ठगा महसूस करते थे। उस समय पठन-पाठन का माहौल चौपट और कानून-व्यवस्था तहस-नहस थी। आए दिन दंगे होते थे। कभी सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मुरादाबाद, हापुड़, अलीगढ़, एटा, मथुरा, लखनऊ तो कभी कानपुर और प्रयागराज में दंगे होते थे।

उन्होंने कहा कि पहले दंगों के कारण उत्तर प्रदेश का माहौल इतना खराब हो गया था कि प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। हस्तशिल्पी और कारीगर पलायन को मजबूर थे, जबकि व्यापारी त्रस्त थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा का झंडा लेकर चलने वाले लोग अवैध वसूली करते थे। गुंडागर्दी चरम पर पहुंच गई थी। हालात ऐसे थे कि लोगों में यह धारणा बन गई थी 'जिस गाड़ी में सपा का झंडा, समझो होगा उसमें कोई सपा का गुंडा।' अन्नदाता किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे थे और कारीगर पलायन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा ने हर जिले में एक-एक माफिया पाल रखा था। कहीं बालू माफिया, कहीं भूमि माफिया, कहीं वन माफिया तो कहीं पशु माफिया सक्रिय थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को भी बताया जाना चाहिए कि उस दौर में किस तरह की अराजकता फैली हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश माफिया, गुंडा और कर्फ्यू से मुक्त है। नौजवानों के सामने पहचान का संकट नहीं, बल्कि उन्हें रोजगार मिल रहा है। प्रदेश सरकार नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि युवाओं के हितों से खिलवाड़ करने वालों को जेल भेजने के साथ उनकी बाप-दादों की कमाई तक जब्त कर गरीबों में बांट दी जाएगी। आज छात्रों के भविष्य, छात्रवृत्ति और नौजवानों के हक पर कोई डाका नहीं डाल सकता। बेटी से छेड़खानी या व्यापारी को धमकाने का भी कोई दुस्साहस नहीं कर सकता। सरकार ने तय कर रखा है कि बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के लिए दो ही जगह हैं, जेल या जहन्नुम, तीसरी कोई जगह नहीं।

# कोच के पैर से खींची सर्कल कि रिंग से तैयार हुआ सचिन

## : कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीतने वाले सचिन सिवाच का गांव मिताथल में भव्य स्वागत

: असुविधाओं के चलते सचिन ने भारत को गोल्ड दिया
: गांव में नहीं है कोई भी सुविधा, मिट्टी की रिंग पर करते हैं अभ्यास
: ओलंपिक में गोल्ड लाने के लिए पटियाला में करेंगे कड़ा अभ्यास: सचिन सिवाच



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। ग्लासगो में आयोजित कॉमन वेल्थ गेम्स 2026 की पुरुष 60 किलोग्राम मुक्केबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले हरियाणा के होनहार मुक्केबाज सचिन सिवाच का पैतृक गांव मिताथल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।
गांव की सीमा पर सैकड़ों ग्रामीणों, युवाओं, खेल प्रेमियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और भारत माता के जयघोष के साथ सचिन सिवाच का अभिनंदन किया। पूरे गांव में विजय जुलूस निकाला गया, जिसमें लोगों ने तिरंगा लहराकर अपने चैंपियन का उत्साहवर्धन किया।
इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि सचिन सिवाच ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से न केवल मिताथल और भिवानी, बल्कि पूरे हरियाणा और देश का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर खेलों में आगे बढ़ना चाहिए।
सचिन सिवाच ने अपने स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि यह स्वर्ण पदक पूरे देश, हरियाणा और उनके गांव के लोगों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि परिवार, कोच और देशवासियों के समर्थन से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी। उनका लक्ष्य अब आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी भारत के लिए पदक जीतना है। उल्लेखनीय है कि सचिन सिवाच ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के फाइनल मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और भारत को मुक्केबाजी में एक और गोल्ड दिलाया। उन्होंने कहा कि अब वे एशियन गेम्स व ओलंपिक खेलों की तैयारी पटियाला में करेंगे, जो कमी इस बार रही हैं वो न हो उसके लिए कड़ा अभ्यास करेंगे।
कोच टेकराम के सम्मान शब्द: सचिन ने जो गलती की है वो दुबारा नहीं हो उस पर हमारा फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि मैच का समय कुछ गलती देखने को मिली थी, उन्हें ठीक किया जाएगा।
"सचिन सिवाच ने वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के दम पर यह स्वर्ण पदक जीता है। उसने साबित कर दिया कि यदि खिलाड़ी लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करे तो कोई भी मुकाम दूर नहीं होता। मुझे अपने शिष्य पर गर्व है। उम्मीद है कि सचिन आने वाले ओलंपिक और विश्व प्रतियोगिताओं में भी भारत का तिरंगा बुलंद करेगा।"
कोच टेकराम व सचिन के करीबी अशोक सिवाच ने कहा कि "सचिन सिवाच ने गांव मिताथल, भिवानी और पूरे हरियाणा का मान बढ़ाया है। यह स्वर्ण पदक केवल सचिन की नहीं, बल्कि पूरे देश की जीत है। उसकी सफलता आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है कि मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच से हर सपना पूरा किया जा सकता है। हम सचिन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और विश्वास है कि वह आगे भी भारत के लिए अनेक स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाएगा। "उन्होंने कहा कि कोच टेकराम ने कम सुविधाओं के चलते सचिन सिवाच जैसे गांव काफी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार किए हैं, उन्होंने खा कि कोच ने अपने पैर से खींची सर्कल की रिंग पर खिलाना शुरू किया था, गांव कोई भी सुविधा स्टेडियम में नहीं है, यदि गांव में अच्छी सुविधा व बॉक्सिंग रिंग होती तो और भी क्वॉलिटी के खिलाड़ी आगे आ सकते हैं। विधायक कपूर वाल्मीकि, समाजसेवी अशोक सिवाच, नरेश सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच जयबीर, वीरेंद्र किरोड़ी, महाबीर, पोलू, मास्टर अनिल कुमार, मास्टर पवन मिताथल, सुधीर पहलवान, छात्रनेता से कमल प्रधान, अशोक मलिक, जगदीश एसपीओ, नरेंद्र एसडीओ, बलबीर बजाड़, रणबीर पालूवास, मंदीप सुई, प्रेम धनाना , अजीत सरपंच, मास्टर नीर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' जिला स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर करेंगे भिवानी का प्रतिनिधित्व




**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत (MY Bharat) द्वारा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हालुवासिया विद्या विहार स्कूल, भिवानी में किया गया। प्रतियोगिता चार अलग-अलग मंचों पर आयोजित हुई, जिसमें जिलेभर के युवाओं और विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का समापन समारोह में शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षाविद प्रवेश गौतम मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी मनसा एवं प्रशासक शमशेर सिंह अहलावत ने की। समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रशंसा-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने किया।
इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य दीपक कुमार, इको क्लब के अध्यक्ष कमल शर्मा, लेखाकार जितेन्द्र सैनी, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता लक्ष्मण गौड़, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, डॉ. मनोज कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. राकेश कुमार रोहिल्ला, डॉ. सरोज शर्मा, नीरज शर्मा, शीतल शर्मा, अभिषेक शर्मा, मनीष यादव, सुनीता कुमारी, कलाकार हेमंत कुमार, नरेंद्र शर्मा, हनीफ भाटी, तरुण कुमार, कविता रॉय, ज्योति, संजय कुमार, दयानंद ग्रेवाल तथा रविन्द्र शर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
समारोह को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी प्रवेश गौतम एवं जिला युवा अधिकारी मनसा ने कहा कि नशा मुक्त भारत का संकल्प तभी सफल होगा, जब युवा अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाकर समाज को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अब राज्य स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और बेहतर प्रदर्शन करने पर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेंगे।

**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे: नुक्कड़ नाटक:**
प्रथम - राहुल (सीबीएलयू टीम), द्वितीय - खुशबू एंड टीम, तृतीय - आरजू एंड टीम। पेंटिंग: प्रथम -राशि, द्वितीय - प्रियांशु (विवेकानंद हाई स्कूल), तृतीय - साक्षी (विवेकानंद हाई स्कूल)। कविता पाठ: प्रथम - देविका सिंह, द्वितीय - महक शर्मा, तृतीय - वर्षा।
नृत्य: प्रथम - मानहेरु स्कूल टीम, द्वितीय -मानहेरु स्कूल टीम-2, तृतीय - विद्या अंतरिक्ष स्कूल, जबकि विवेकानंद हाई स्कूल की टीम चौथे स्थान पर रही। स्लोगन लेखन:प्रथम - दीपांशी, द्वितीय - प्रभा, तृतीय - विधिमा। रिल प्रतियोगिता: हितांशी, साहिल एवं शिवम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता: प्रथम - दीपांशी, द्वितीय - दिव्या शर्मा, तृतीय - नव्या।

# पोती के जन्म पर चहल परिवार ने पेश की अनूठी मिसाल

## 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का दिया संदेश, विद्यालय में मिठाई वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का किया आह्वान

बेटी के जन्म की खुशी में किया पौधारोपण, छात्राओं को दी शगुन राशि



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल,7 अगस्त। ग्रामीण क्षेत्रों में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में गोकलपुरा गांव के चहल परिवार ने एक प्रेरणादायी पहल की। समाजसेवी महावीर चहल के परिवार में पोती के जन्म पर खुशियां मनाई गईं। इस अवसर को यादगार बनाते हुए परिवार ने पौधारोपण किया तथा विद्यालय की छात्राओं को शगुन राशि देकर सम्मानित किया।
परिवार के सदस्यों ने वीर शहीद सूबेदार अमरसिंह राजकीय उच्च विद्यालय एवं वीर शहीद रामकरण राजकीय प्राथमिक पाठशाला परिसर में बड़ (वटवृक्ष) के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान महावीर चहल ने कहा कि बेटी और पर्यावरण दोनों का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए दोनों को बचाना जरूरी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपने बच्चों के प्रत्येक जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उनका कहना था कि छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। पौधारोपण के बाद विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई, जबकि विद्यालय की छात्राओं को बेटी के जन्म की खुशी में शगुन राशि देकर सम्मानित किया गया। महावीर चहल ने कहा कि देश की बेटियां आज शिक्षा, खेल, विज्ञान, प्रशासन और सेना सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। यदि उन्हें उचित अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे हर क्षेत्र में सफलता का नया इतिहास रच सकती हैं।

# भारत के लिए वित्तीय समावेशन से वित्तीय सशक्तिकरण और डिजिटल भुगतान से डिजिटल समृद्धि की ओर बढ़ने का समय: डॉ. जितेंद्र सिंह

तीसरे इंडिया इंटरनेशनल फिनटेक फेस्टिवल में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक बुद्धिमान, सुरक्षित और भरोसेमंद फिनटेक इकोसिस्टम के निर्माण की अपील की
भारत ने महज तीन वर्षों में 1,000 किलोमीटर से अधिक सुरक्षित क्वांटम संचार अर्जित किया: डॉ. जितेंद्र सिंह
भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम लगभग 350 से बढ़कर 2.4 लाख उद्यमों के निकट पहुंचा: डॉ. जितेंद्र सिंह

केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ की गई "जन धन योजना" जैसे कार्यक्रमों के फल स्वरूप भारत ने वित्तीय समावेशन में उल्लेखनीय प्रगति की और अब भारत के लिए वित्तीय समावेशन से वित्तीय सशक्तिकरण की ओर निर्णायक रूप से आगे बढ़ने का समय आ गया है।
डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत को उभरती प्रौद्योगिकियों द्वारा संचालित एक बुद्धिमान, सुरक्षित और भरोसेमंद वित्तीय इकोसिस्टम का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के फिनटेक विकास का अगला चरण कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम प्रौद्योगिकियों, साइबर सुरक्षा, ब्लॉकचेन और भरोसेमंद डिजिटल नवाचार द्वारा आकार लेगा।
डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित तीसरे भारत अंतर्राष्ट्रीय फिनटेक महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि बैंकिंग क्षेत्र, वित्तीय संस्थानों, प्रौद्योगिकी कंपनियों और स्टार्टअप्स के बीच घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से भारत का फिनटेक सेक्टर देश के आर्थिक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण चालक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि मजबूत सार्वजनिक-निजी भागीदारी द्वारा समर्थित यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण भारत के तेजी से विस्तार कर रहे नवाचार इकोसिस्टम की नींव बन गया है।
वित्तीय सेवाओं के भविष्य को आकार देने में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि अगली पीढ़ी के फिनटेक समाधानों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, क्वांटम प्रौद्योगिकियों और ब्लॉकचेन पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भविष्य जिम्मेदार कृत्रिम बुद्धिमत्ता और विश्वसनीय नवाचार का है, जो सुरक्षित, सुदृढ़ और नागरिक-केंद्रित वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हैं।
भारत की प्रौद्योगिकीय प्रगति का उल्लेख करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय क्वांटम मिशन ने देश को क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम संचार, क्वांटम सेंसिंग और क्वांटम सामग्री जैसे चार कार्य क्षेत्रों में क्वांटम प्रौद्योगिकियों में निवेश करने वाले चुनिंदा देशों के समूह में स्थान दिलाया है। उन्होंने बताया कि मिशन ने दस वर्षों में 2,000 किलोमीटर सुरक्षित क्वांटम संचार स्थापित करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन भारत ने मात्र तीन वर्षों में ही 1,000 किलोमीटर से अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया है, जो निर्धारित समय सीमा से कहीं आगे की प्रगति को दशार्ता है। उन्होंने इंडियाएआई मिशन को देश के उभरते प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को समर्थन देने वाली एक और महत्वपूर्ण पहल बताया।
डॉ. सिंह ने कहा कि भारत वैश्विक प्रौद्योगिकीय विकास के साथ कदम मिलाकर चल रहा है, न कि वर्षों बाद उसका अनुसरण कर रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष और हाल ही में परमाणु क्षेत्र जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को निजी भागीदारी के लिए खोलना एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण को दशार्ता है, जो नवाचार को गति दे रहा है और प्रौद्योगिकी आधारित आर्थिक विकास के अवसरों का विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था, जिसका वर्तमान मूल्य लगभग 9 बिलियन डॉलर है, इस दशक के अंत तक 45 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो उद्योग की भागीदारी से समर्थित नीतिगत सुधारों की क्षमता को दशार्ता है।
डॉ. जितेंद्र सिंह ने बल देकर कहा कि भारत के फिनटेक सेक्टर को अब एआई-संचालित वित्तीय सेवाओं, सुरक्षित रीयल-टाइम बैंकिंग, उन्नत धोखाधड़ी रोकथाम, सीमा पार डिजिटल भुगतान और किफायती वित्तीय समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकास के अगले चरण के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये उभरते क्षेत्र भारतीय फिनटेक उद्यमों को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनने के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं।
देश के नवाचार इकोसिस्टम को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय प्रतिभाओं और अनुकूल नीतिगत वातावरण की सहायता से भारत में स्टार्टअप्स की संख्या पिछले एक दशक में लगभग 350 से बढ़कर 2.4 लाख तक पहुंच गई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस गति को बनाए रखने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वित्तीय प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए स्टार्टअप्स, नियामक संस्थाओं, शिक्षाविदों, वित्तीय संस्थानों, उद्योग और प्रौद्योगिकी कंपनियों के बीच मजबूत सहयोग आवश्यक होगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि वित्तीय पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई पहलों की सफलता ने देश के अगले विकासात्मक मील के पत्थर की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, डिजिटल इंडिया पहल के माध्यम से डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेता के रूप में उभरने के बाद, देश को अब डिजिटल भुगतान से डिजिटल समृद्धि की ओर बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी-आधारित वित्तीय प्रणालियां आर्थिक विकास और बेहतर आजीविका में प्रत्यक्ष योगदान दें। डॉ. सिंह ने कहा कि तेज प्रौद्योगिकीय परिवर्तन के लिए निरंतर नवाचार और अनुकूलन की आवश्यकता है। औद्योगिक परिवर्तन के अगले चरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की औद्योगिक क्रांति को गति प्रदान करेगी, वहीं जैव प्रौद्योगिकी भी स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा और सतत विकास से संबंधित चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने भारत की अग्रणी विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षमताओं के उदाहरण के रूप में जीनोम इंडिया कार्यक्रम जैसी पहलों का उल्लेख किया, जिसके तहत 10,000 व्यक्तियों को अनुक्रमित किया जा चुका है।

# एंटी नारकोटिक सैल तोशाम की बड़ी कार्रवाई

## 7.60 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार, दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

पूछताछ में खुलासा– दिल्ली से बेचने के लिए खरीदकर लाया था मादक पदार्थ



**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता भिवानी।**

भिवानी । जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक सैल तोशाम की टीम ने एक आरोपी को 7.60 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना बवानी खेड़ा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।
पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार (आईपीएस) के निदेर्शानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एंटी नारकोटिक सैल तोशाम के एएसआई राजेश अपनी टीम के साथ गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी के दौरान हांसी चुंगी, बवानी खेड़ा में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि वार्ड नंबर-5 में एक व्यक्ति हेरोइन लेकर बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी कर आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 7.60 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकेश उर्फ मिर्ची पुत्र औमपाल निवासी वार्ड नंबर-5, बवानी खेड़ा, जिला भिवानी के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह मादक पदार्थ दिल्ली से बेचने के उद्देश्य से खरीदकर लाया था।
पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान उससे हेरोइन की खरीद-फरोख्त, तस्करी नेटवर्क और इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य व्यक्तियों के संबंध में गहन पूछताछ की जाएगी।

# अवैध शराब के ठेके पर पुलिस की रेड, बिहार निवासी सहित दो पर केस दर्ज

## दमकोरा में बिना लाइसेंस बिक रही थी देसी, अंग्रेजी शराब व बीयर; 37 बोतल/पव्वे बरामद

डिटेक्टिव स्टाफ की कार्रवाई, लाइसेंस नहीं दिखा सके आरोपी; आबकारी अधिनियम व बीएनएस के तहत मामला दर्ज

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

लोहारू। लोहारू पुलिस के डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव दमकोरा में सरदारपुरा-छापड़ा रोड स्थित एक कथित अवैध शराब के ठेके पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में देसी, अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में बिहार निवासी एक सेल्समैन सहित दो लोगों के खिलाफ हरियाणा आबकारी अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार डिटेक्टिव स्टाफ को गुप्त सूचना मिली थी कि दमकोरा में बिना लाइसेंस देसी और अंग्रेजी शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां एक व्यक्ति शराब बेचता मिला। पूछताछ में उसने अपनी पहचान राजदेव पुत्र दोदी यादव, निवासी जिला गया (बिहार) के रूप में बताई। जांच के दौरान ठेके के संचालक के रूप में अक्षय उर्फ पहाड़ी का नाम भी सामने आया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 2 बोतल ब्लेंडर प्राइड, 2 बोतल मैजिक मूवमेंट, 1 बोतल रॉकफोर्ड, 4 पव्वे इम्पीरियल ब्लू, 11 बोतल व 16 पव्वे देसी मस्ती माल्टा, 20 पव्वे देसी शाही तथा 11 बोतल टुबॉर्ग बीयर बरामद की। पुलिस द्वारा लाइसेंस एवं परमिट की मांग किए जाने पर आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद आवश्यक सैंपल लेकर शेष शराब को कब्जे में ले लिया गया।
एफआईआर के अनुसार बरामद शराब की अनुमानित कीमत 10,150 रुपये है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच एएसआई जयवीर को सौंप दी है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# मोटर साइकिल व कार की जबरदस्त टक्कर

एक गंभीर घायल, दो को मामूली चोटें*



**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) कालांवाली के नजदीक लगते गांव हस्सु व नौरांग के सड़क के बीच आमने सामने आते हुए मोटर साइकिल पर सवार जसपाल सिंह पुत्र बलकौर सिह आयु 42वर्ष, सुखपाल कौर पत्नी कुलविंदर सिंह, आयु 40वर्ष, सुखप्रीत कौर पुत्री कुलविंद्र सिंह आयु 18 वर्ष गांव हस्सु के निवासी है'
मोटरसाइकिल व कार में जबरदस्त टक्कर होने से दोनो वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गएे' घटना की जानकारी मिलते ही सहारा कल्ब एम्बुलैंस मौके पर पहुंची और कालांवाली सरकारी हस्पताल लिजाया गया स्थित को देखते हुए उन्हें सिरसा रेफर किया गया।

# घाटी में नीचे उतरते समय डीसीएम ट्रक का अगला टायर ब्लास्ट पीछे से टकराया, चालक गंभीर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास शुक्रवार दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब मिर्च लदे डीसीएम ट्रक का अचानक अगला टायर फटने से ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे सीमेंट लदे बल्कर में पीछे से जा टकराया। हादसे में ट्रक चालक केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। महाराष्ट्र के गोले गांव से मिर्च लादकर देवरिया जा रहा डीसीएम ट्रक जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान से सौ मीटर पहले पहुंचा तो ट्रक का अगला टायर फट गया। अनियंत्रित ट्रक आगे चल रहे बल्कर में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीस वर्षीय ट्रक चालक राजा उर्फ सचिन निवासी बारा दौलतपुर, घाटमपुर जिला कानपुर नगर को बाहर निकालने के लिए पीछे से आ रहे अन्य ट्रक चालकों व स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत की लेकिन कामयाब नही हो सके। सूचना के करीब पचास मिनट बाद घटनास्थल पर पहुंचे फायरब्रिगेड कर्मी व पुलिसकर्मियों ने गैस कटर मशीन से केबिन को काटकर किसी तरह से घायल चालक को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को पुलिस ने एनएचएआई की एंबुलेंस से उपचार हेतु सीएचसी लालगंज भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चालक के पैर में आई गंभीर चोट को देखते हुए चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। हादसे के बाद ड्रमंडगंज घाटी में करीब एक घंटे तक एक लेन से यातायात बाधित रहा।

# टीबी मुक्त भारत देश की संकल्पना मे लगे विभागीय कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित

**समाज जागरण**



मीरजापुर /प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार के सभागार कक्ष में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार पटेल एवं सीएचसी एमओटीसी डॉ संतोष कुमार वर्मा के उपस्थिति में जीरो से चौदह वर्ष के आयु के बच्चों को टीबी रोग से बचाव क्रम में आज दिनांक 07 अगस्त 2026 को समस्त सीएचओ, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर एवं आशा संगनियो के बीच इलाज के नए टीप्सों को साझा कर उन्हें आशानुरूप परिणाम हेतु प्रशिक्षित किया गया।
प्रभारी डाक्टर राकेश सिंह द्वारा मौजूद सभी कर्मियों को अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा कैंप लगाकर लोगों को जागरूक करने एवं लक्षण प्रभावित बच्चों वह बड़ों को सरकारी चिकित्सालयों की उपलब्ध निः शुल्क सुविधाओं का लाभ दिलाने में अग्रसर होने का सुझाव दिया गया। वहीं एमओटीसी डॉ संतोष सिंह द्वारा टीबी के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए कहा गया कि टीबी एक गंभीर बिमारी जरुर है लेकिन लाइलाज नहीं है साथ ही यह भी कहा कि जीरो से पांच वर्ष के बच्चों में बलगम जांच थोड़ा सुविधा जनक नहीं होता इसलिए एसे स्थिति में एक्स-रे आदि प्रकिया सहयोगी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में मौजूद क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा व्यवहारिक पक्ष को महत्व देते हुए कहा गया कि कोई भी स्वास्थ्य से पीड़ित व्यक्ति आपके पास एक उम्मीद लेकर आता है इसलिए हम सभी का दायित्व बनता है उससे मृदुभाषी एवं अपनापन भाव से ही उसका उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग करें जिससे कि वह रोग से हार मान कर निराश एवं शिथिल न हो सके।

उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ आशिफ जहीर, डॉक्टर संगीता, सर्वेश कुमार, अखिलेश यादव, इफ्तिखार, बीसी पीएम गीता आदि मौजूद रहे।